बालाघाट
रविवार 22 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल 05 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 150
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

देश का पहला क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय परिसर अमरावती में

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की संस्था राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से अमरावती में देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विश्वविद्यालय परिसर स्थापित करेगी। शनिवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इसका ऐलान किया। मंत्रालय ने एक रिलीज़ जारी कर कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अधीन राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ अमरावती में भारत का पहला समर्पित क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय परिसर स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ की शादी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ शादी कर ली है। 40 साल के पूर्व भारतीय ओपनर ने एक महीने पहले 12 जनवरी को अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की थी। दोनों पिछले कुछ समय से रिलेशनशिप में थे और मई 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। इससे पहले धवन ने 2023 में अपनी पहली पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक ले लिया था। दोनों ने 2011 में शादी की थी। आयशा-धवन का एक बेटा भी है।

### जेपी नड्डा ने सीआरआई कसौली में की नई टीडी वैक्सीन लॉन्च

सोलन। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) कसौली में टीटनेस और एडल्ट डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन का औपचारिक शुभारंभ किया। यह स्वदेशी वैक्सीन सीआरआई के वैज्ञानिकों के प्रयासों से विकसित की गई है और अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह टीडी वैक्सीन किशोरों, वयस्कों तथा गर्भवती महिलाओं को टीटनेस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन पूर्व में उपयोग की जा रही टीटनेस टॉक्साइड (टीटी) वैक्सीन का स्थान लेगी, जिससे डिप्थीरिया के विरुद्ध भी अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। मंत्री ने कहा कि भारत दवाओं और वैक्सीन निर्माण के क्षेत्र में विश्वस्तरीय पहचान बना चुका है और इसमें सीआरआई कसौली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कुछ ना कहना




### अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बौखलाए ट्रंप

# ग्लोबल टैरिफ बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया

नई दिल्ली। बीते दिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दुनिया पर थोपे गए ट्रंप टैरिफ को रद्द कर दिया था। इस बात से बौखलाए ट्रंप ने अब शनिवार को ग्लोबल टैरिफ 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने लिखा, 'यूएस सुप्रीम कोर्ट द्वारा कई महीनों के सोच-विचार के बाद कल जारी किए गए टैरिफ पर बेतुके, खराब तरीके से लिखे गए और बहुत ज्यादा अमेरिका विरोधी फैसले की पूरी डिटेल और पूरे रिव्यू के आधार पर कृपया इस बयान का मतलब यह है कि मैं, अमेरिका के प्रेसिडेंट के तौर पर तुरंत लागू होने वाले देशों पर 10% वर्ल्डवाइड टैरिफ बढ़ाऊंगा, जिनमें से कई देश दशकों से बिना किसी बदले के (जब तक मैं नहीं आया!) अमेरिका को 'लूट' रहे हैं, इसे पूरी तरह से मंजूर और कानूनी तौर पर टेस्ट किए गए 15 प्रतिशत लेवल तक बढ़ा दूंगा।'



**'अगले कुछ महीनों में तय होंगे नए टैरिफ'**


उन्होंने आगे कहा, 'अगले कुछ महीनों में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन नए और कानूनी तौर पर मंजूर टैरिफ तय करेगा और जारी करेगा, जिससे अमेरिका को फिर से महान बनाने का हमारा बहुत सफल प्रोसेस जारी रहेगा, पहले से कहीं ज्यादा महान!!! इस मामले पर ध्यान देने के लिए आपका धन्यवाद।'

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?**

इससे पहले ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उनके एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा लगाए गए बड़े टैरिफ को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रेसिडेंट ने राष्ट्रीय संकटों के लिए इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करके अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया है।

कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने बड़े ट्रेड टैरिफ को सही ठहराने के लिए नेशनल इमरजेंसी के लिए बनाए गए कानून का सहारा लिया, जिसके बारे में जजों का मानना था कि यह प्रेसिडेंट की पावर से बाहर है।

## इलाहाबाद कोर्ट के आदेश पर शंकराचार्य के खिलाफ पास्को एक्ट में एफआईआर के आदेश



प्रयागराज। इलाहाबाद की सेशन कोर्ट ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ पोक्सो एक्ट में प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने संबंधित पुलिस थाने को शिकायत पर विधिक प्रावधानों के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जाँच करने को कहा है। यह आदेश शिकायत की सुनवाई के बाद दिया गया है। जिसमें आरोप लगाया गया था, शंकराचार्य ने कथित रूप से नाबालिगों के साथ अवांछित कृत्य किया गया है। शंकराचार्य अवि मुक्तेश्वरानंद ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है। उन्हें 'झूठा फंसाया' जा रहा है। आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। उनका दावा है कि शिकायतकर्ता द्वारा दो शपथपत्रों में विरोधाभास है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया, शिकायतकर्ता शामली पुलिस थाना क्षेत्र का कथित हिस्ट्रीशीटर है। उन्हें लखनऊ जाने से रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है। जिसका वह सामना करेंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अदालत के आदेश पर मामले की जांच शुरू की जाएगी। अधिकारियों का कहना है, सभी पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। मामला फिलहाल जांच के अधीन है। इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में बवाल मच गया है इसके साथ ही हिंदू संगठनों में भी इसकी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं शंकराचार्य के बीच में जिस तरह का तनाव देखने को मिल रहा है। उससे जोड़कर यह कारवाई देखी जा रही है।

## आरएसएस से जुड़े मानहानि मामले में भिवंडी कोर्ट में पेश हुए राहुल गांधी

मुंबई। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आरएसएस से जुड़े मानहानि मामले में महाराष्ट्र भिवंडी कोर्ट में पेश हुए। हालांकि, राहुल गांधी और उनके कुछ वकील ही अदालत के अंदर गए। इसके अलावा किसी और को कोर्ट में जाने की इजाजत नहीं थी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को शनिवार को महाराष्ट्र के भिवंडी कोर्ट में पेशी हुई। जो 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ अपनी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनपर दर्ज मानहानि केस से जुड़ी है। राहुल गांधी ने कोर्ट में पहुंचकर नया जमानतदार पेश किया। इसके बाद वे कोर्ट से निकल गए। पहले इस केस में शिवराज पाटिल चकुरकर उनके जमानतदार थे, लेकिन उनके निधन हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीते दिन ही राहुल गांधी कोर्ट में पेशी थी। अब शनिवार को राहुल गांधी की भिवंडी कोर्ट में एक दूसरे मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद राहुल गांधी के वकील ने बताया कि ये मानहानि का मामला है। भिवंडी के एक आरएसएस कार्यकर्ता ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। इस मामले में जमानतदार रहे पूर्व शिवराज पाटिल का निधन हो गया, जिसके चलते नए जमानतदार की जरूरत पड़ी। वकील ने आगे कहा कि इसके लिए शनिवार को राहुल गांधी के साथ हमारे महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल जी भी मौजूद थे।



लखनऊ के सुल्तानपुर में एमपी-एमएलए कोर्ट में भी पेश हुए थे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को उनकी


### यूथ कांग्रेस का शर्टलेस प्रदर्शन नेपाल में हुए जेन-जी आंदोलन से प्रेरित.....दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा

## कोर्ट ने चारों आरोपियों को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आयोजित एआई समिट में शर्टलेस प्रदर्शन करने वाले यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को शनिवार को कोर्ट ने पांच दिनों की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। कोर्ट में चारों आरोपियों को पेश कर दिल्ली पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन करने वाले ये कार्यकर्ता नेपाल के जेन-जी आंदोलन से प्रेरित थे। कुछ समय पहले नेपाल में हुए जेन-जी आंदोलन से वहां सरकार गिर गई थी। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के इस प्रदर्शन के पीछे एक बड़ी साजिश थी।

पुलिस ने यूथ कांग्रेस के नेताओं की कस्टडी की मांग कर कोर्ट से कहा, यह एक बड़ी साजिश है। आरोपियों का एक-दूसरे से आमना-सामना करवाना है और फिर डिजिटल सबूतों को भी देखना है। ये कहते हुए पुलिस ने कोर्ट से चारों आरोपियों की पुलिस कस्टडी की मांग की। दिल्ली पुलिस की दलील सुनने के बाद अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत दे दी।

वहीं, आरोपियों के वकील ने कहा, प्रोटेस्ट शांतिपूर्ण था, किसी भी वीडियो में कोई हिंसा नहीं दिखी। सभी कथित अपराधों में 7 साल तक सजा हो सकती है। आरोपी के वकील ने कहा



कि एफआईआर एक राजनैतिक चाल से ज्यादा कुछ नहीं है। आरोपियों के वकील ने कहा कि वे पढ़े-लिखे लोग हैं और उनके पास डिग्री है। इस बीच, सरकारी वकील ने कहा कि आरोपियों ने देश विरोधी नारे लगाकर कहा कि उन्होंने पीएम के खिलाफ मैसेज वाली टी-शर्ट पहनी हुई थी। सभी आरोपियों की पांच दिन की कस्टडी मांगकर दिल्ली पुलिस ने कहा कि इंटरनेशनल नेताओं और जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी में देश विरोधी नारे लगाए गए।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जांच अधिकारी से पूछा कि पांच दिन की कस्टडी क्यों चाहिए। इस पर जांच अधिकारी ने कहा कि गहरी साजिश है, दूसरे आरोपी मौके से भागे, और सही जांच के लिए कस्टडी चाहिए। आरोपी के वकील ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि प्रोटेस्ट शांतिपूर्ण नहीं था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से कहा कि प्रदर्शनकारियों के फंडिंग की भी जांच होगी। यह भी पता लगना पड़ेगा कि जो टीशर्ट इन कार्यकर्ताओं ने पहनी थी, उन टीशर्ट को किसने फाइनेंस किया।

**भाजपा ने कहा**

इसके पहले भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर फिर हमला बोलकर कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में किए गए विरोध प्रदर्शन को 'देशद्रोह' बताया। साथ ही आरोप लगाया कि 'लश्कर-ए-राहुल के सिपाहियों' ने देश की छवि खराब करने की कोशिश की भाजपा के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहाकि कांग्रेस ने जो किया है वह सिर्फ राजनीति नहीं है।

## बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के आरोप-प्रत्यारोप पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, कलकत्ता हाईकोर्ट को निर्देश

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच विवाद जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए न्यायिक अधिकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार और आयोग के बीच विश्वास की कमी के कारण एसआईआर ड्राफ्ट रोल से जुड़े दावे और आपत्तियों का निपटारा और निगरानी सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर पूर्व जजों की सेवाएं भी ली सकती हैं।



चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे। कलेक्टर और एसपी को इन आदेशों का पालन कराना होगा। साथ ही चुनाव आयोग को 28 फरवरी को फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की परमिशन दी गई है। हालांकि, जरूरत पड़ने पर बाद में सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी करने की भी छूट दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार द्वारा पर्याप्त ग्रेड-ए अधिकारियों को स्कूल प्रक्रिया के लिए उपलब्ध नहीं कराने पर गंभीर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की मदद के लिए माइक्रो-ऑब्जर्वर और राज्य सरकार के अधिकारी तैनात रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को मुख्य सचिव, डीजीपी और चुनाव आयोग के अधिकारियों समेत सभी संबंधित पक्षों की बैठक बुलाने का निर्देश। डीजीपी को एसआईआर अधिकारियों को दी गई धमकियों पर क्या कदम उठाए गए, इस पर सप्लीमेंट्री एफिडेविट दाखिल करने का आदेश दिया। कोर्ट ने जो मामले अभी लंबित हैं, हाईकोर्ट प्रशासन उन्हें संभालने के लिए फिलहाल कोई अस्थायी व्यवस्था (अंतरिम व्यवस्था) बनाए।

हाल ही में, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होकर मतदाता सूची की सफाई के खिलाफ अपनी दलीलें पेश की थीं। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत से आग्रह किया कि न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति न की जाए, क्योंकि इससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।

हालाँकि, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि राज्य सरकार और चुनाव आयोग जैसी दो संवैधानिक संस्थाओं के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप का खेल दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चूँकि यह एक अर्द्ध-न्यायिक प्रक्रिया है और राज्य को नियमत एसडीएम रैंक के अधिकारी प्रदान करने चाहिए थे, लेकिन मौजूदा स्थिति को देखते हुए न्यायिक हस्तक्षेप अनिवार्य हो गया है। अदालत ने यह भी स्वीकार किया कि न्यायिक अधिकारियों को इस कार्य में लगाने से लंबित अदालती मामलों पर प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए राहत के तौर पर मामलों को अस्थायी रूप से अन्य अदालतों में स्थानांतरित करने की छूट दी गई है।

## लाल किला सहित देश के कई बड़े मंदिर आतंकियों के निशाने पर, सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

नई दिल्ली। खुफिया एजेंसियों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में आतंकी हमले की आशंका को देखते हुए एक बड़ा अलर्ट जारी किया है। ताजा खुफिया इनपुट्स के अनुसार, पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले और अन्य प्रमुख शहरों के प्रसिद्ध मंदिरों को निशाना बनाने की साजिश रच रहा है। इस खतरे को देखते हुए देश भर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है।

खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, आतंकी संगठन का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक केंद्रों को निशाना बनाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ना और देश में दहशत का माहौल पैदा करना है। विशेष रूप से अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक महत्व वाले शहरों के प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अंदेशा जताया गया है कि आतंकी लाल किले के आसपास के



क्षेत्रों और पुरानी दिल्ली के घनी आबादी वाले चांदनी चौक इलाके में मौजूद मंदिरों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के जरिए धमाके करने की कोशिश कर सकते हैं। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, यह साजिश 6 फरवरी को इस्लामाबाद की एक मस्जिद में हुए धमाके के प्रतिशोध के रूप में रची गई है। पाकिस्तान ने उस घटना के लिए निराधार रूप से भारत पर आरोप लगाया थे, जिन्हें भारत सरकार ने पूरी तरह खारिज कर दिया था। अब खुफिया सूचनाओं से संकेत मिले हैं कि लश्कर के आतंकी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इनपुट्स मिलने के बाद दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर पुरानी दिल्ली और पर्यटन केंद्रों पर निगरानी बढ़ा दी है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ-साथ संदिग्ध वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है और एंटी-सैबोटेज जांच शुरू कर दी गई है। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## रोहित ने अजित के प्लेन क्रैश पर उठाए सवाल...केंद्रीय मंत्री नायडू और कंपनी वीएसआर के संबंधों की जांच हो

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने महाराष्ट्र के दिवंगत पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठा दिए है। उन्होंने दिल्ली में प्रेसवार्ता में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जाहिर किया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे।

विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, इससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर साजिश की बात करें तब यह दो तरह की हो सकती है, राजनीतिक या कारोबारी साजिश हो सकती है। अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में किस तरह की साजिश शामिल है।

रोहित ने आरोप लगाया है कि अजित प्लेन क्रैश के मामले को कुछ लोग कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा है। मैं आपसे केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के मामले में तुरंत कार्रवाई करने का निवेदन करता हूं। कंपनी वीएसआर और उनकी पार्टी के बीच संबंधों को लेकर गंभीर सवाल उठते हैं। इन संबंधों की जांच किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से कराई जानी चाहिए, जरूरत होने पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की मदद भी ली जाए।


आपने हमेशा अजित दादा और उनके देश के प्रति योगदान का सम्मान किया है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि जांच पूरी होने तक नायडू से मंत्री पद से इस्तीफा लेने को कह दिया जाए। हादसे में शामिल विमान की कंपनी का सीधा संबंध तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) से है।

जिस सीवीआर की हम बात कर रहे हैं, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर, उसकी उस उड़ान में रिकॉर्डिंग क्षमता केवल 30 मिनट की थी। लेकिन यदि आप सरकारी नियमों के अनुसार डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) की आवश्यकता दो घंटे की रिकॉर्डिंग की है।

## देश में 32 विश्वविद्यालय फर्जी, यूजीसी ने जारी ताजा सूची

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश में चल रहे 32 फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। ये गैर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय खुद को वैध बताकर छात्रों को गुमराह कर रहे थे। यूजीसी ने चेतावनी दी है कि इनमें से मिली डिग्री नौकरी और उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए अवैध हैं। यूजीसी की राज्यवार फर्जी संस्थानों की सूची में सबसे ज्यादा 12 संस्थान दिल्ली में हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 4 फर्जी संस्थान हैं। यूजीसी ने साफ किया है कि ये 32 संस्थान यूजीसी अधिनियम, 1956 के तहत किसी भी रूप में डिग्री प्रदान करने के लिए अधिकृत नहीं है। आयोग ने कहा कि इन संस्थानों को न केंद्र सरकार से मान्यता मिली है और न ही किसी राज्य सरकार से मान्यता हासिल की है। यूजीसी ने छात्रों से अपील की है कि किसी भी विश्वविद्यालय या संस्थान में दाखिला लेने से पहले उसकी मान्यता की स्थिति यूजीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर अवश्य जांच लें।

राज्य के हिसाब से नकली यूनिवर्सिटी की संख्या इस तरह है- दिल्ली में सबसे ज्यादा 12, उत्तर प्रदेश में 4, आंध्र प्रदेश में 2, कर्नाटक में 2, केरल में 2, महाराष्ट्र में 2, पुडुचेरी में 2, पश्चिम बंगाल में 2, अरुणाचल प्रदेश में 1, हरियाणा में 1, झारखंड में 1 और राजस्थान में 1 नकली यूनिवर्सिटी संचालित हो रही है।



# पेट की खातिर गली मोहल्लों में भीख मांग रहे अबोध बच्चे

## जिले में अब भी अनिवार्य शिक्षा से वंचित नौनिहाल, सरकारी आकड़ो में सभी बच्चे जा रहे स्कूल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। पढ़ेगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया शिक्षा को लेकर नए-नए किए जा रहे प्रयोग और अधिक से अधिक बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है ताकी अधिक से अधिक बच्चे प्रारंभिक शिक्षा हासिल कर सके।लेकिन बात अगर बालाघाट जिले की करें तो जिले में अब भी ऐसे कई बच्चे है जो आज भी प्रारंभिक शिक्षा से वंचित है। इसे इन बच्चों का दुर्भाग्य ही कहां जा सकता है कि शासन ने 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू कर रखा है, जिसके लागू हुए भी कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन स्थिति, आज भी इसके उलट हैं। इसमें विडंबना की बात तो यह है कि सर्वशिक्षा अभियान के तहत घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को ढुंढकर उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाने का अभियान पूर्व में चलाया गया लेकिन कई जरुरतमंद बच्चों तक जिम्मेदार भी नहीं पहुंच पाए है। शायद यही वजह है कि जिन बच्चों को स्कूल की कक्षाओं में होना चाहिए वही बच्चे किसी की दुकान में काम करते हुए नजर आते हैं, तो कई बार वही बच्चे सड़कों और लोगों के घरों में पेट के खातिर भीख मांगते हुए दिखाई देते हैं।



### क्या कहता है शिक्षा का अधिकार अधिनियम

जानकारी के अनुसार प्रदेश में कोई बच्चा किसी भी कारणों से प्रारंभिक शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए शासन ने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2005 बनाया है। जिसे 1 अप्रैल 2010 से सभी जिलों में लागू भी कर दिया गया है। इस अधिनियम के अनुसार प्रदेश के समस्त बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा पाना उनका अधिकार हैं और इस हक को दिलाने की जिम्मेदारी शासन की है।

### अब भी शिक्षा से वंचित नौनिहाल

सर्वशिक्षा अभियान के तहत यदि सरकारी आकड़ो की बात करे तो, सरकारी आकड़ो में कोई भी बालक-बालिकाएं प्रारंभिक शिक्षा से वंचित नही है।सभी को स्कूल जाना बताया जा रहा है।जबकि नगर की सड़को के नजारे कुछ और ही तस्वीर बया करते है।शासन ऐसे बच्चों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ दिलाने प्रतिवर्ष लाखो रु खर्च कर रही है।बावजूद इसके भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### इन कारणों से छोड़ रहे शिक्षा

जिले में 14 वर्ष तक के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा नहीं मिल पाने के विभिन्न कारण हैं। सर्व शिक्षा अभियान के तहत पूर्व में कराए गए सर्वे में कई तरह के कारण सामने भी आ चुके है। इनमें प्रमुख रुप से परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होना, छोटे भाई बहनों की देखभाल, विकलांगता, लंबी बीमारी, जानवर चराना व लंबे समय तक गांव से बाहर रहना इत्यादि शामिल है।

### खानापूर्ती साबित हो रहा अभियान

जानकारी के अनुसार सर्व शिक्षा अभियान के तहत विगत कई वर्षो से जिले में ऐसे ही शाला त्यागी व अप्रवेशी बच्चों को ढुंढकर उनके भोजन व आवास की व्यवस्था के साथ ही उन्हें प्रारंभिक शिक्षा दिलाये जाने का अभियान चलाया जा रहा है। हर वर्ष यह अभियान चलाये जाते है बावजूद इसके अब भी जिले के कई नौनिहाल शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। जिससे ऐसे बच्चों के लिए चलाई जा रही तमाम योजनाएं व अभियान खानापूर्ती साबित हो रहा है।

### प्रत्येक सप्ताह हो रही मॉनिटरिंग- डीपीसी बर्मन

मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला शिक्षा केंद्र परियोजना समन्वयक घनश्याम प्रसाद बर्मन ने बताया कि जो भी बच्चे स्कूल नहीं पहुंचते हैं उनकी जानकारी एकत्र की जाती है। शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के शुरुआत में स्कूल नहीं पहुंचने वाले बच्चों की संख्या का पता लगाया जाता है।उनकी प्रति सप्ताह मॉनेटरिंग भी की जाती है।पिछली बार अभियान चलाते हुए घर-घर बच्चों के दस्तक दी गई और उनसे स्कूल नहीं पहुंचने का कारण पता किया गया तथा बच्चों व उनके अभिभावकों से भी बात कर बच्चों को स्कूल भेजने प्रेरित किया गया। बच्चों के स्कूल नहीं पहुंचने के कई कारण हो सकते हैं कई अभिभावक बच्चों को लेकर कमाने के लिए दूर बाहर शहरों में निकल जाते हैं। तथा कई अभिभावक अन्य कारणों से भी अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते। कई बच्चे अपने माता पिता के साथ अन्य दूसरे जगह में चले जाने के कारण शिक्षा से दूर हो जाते हैं। पिछली बार करीब 2000 बच्चे अच्छा से वंचित थे जिन्हें चिन्हित करके उनकी मैपिंग कराई गई थी। यदि कोई बच्चा छूट गया होगा तो इस सत्र के बाद पुनः अभियान चलाकर उनकी भी मैपिंग कराई जाएगी और उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# गांगली राजा मंदिर

## आस्था का प्राचीन केंद्र, बदहाल पहुंच मार्ग की बदहाली से श्रद्धालु परेशान



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। लांजी मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच स्थित गांगली राजा मंदिर क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक धरोहर भी है। 12वीं शताब्दी में गोंड़ राजवंश द्वारा निर्मित यह प्राचीन मंदिर बालाघाट जिले के साथ-साथ सीमावर्ती छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में भी विशेष रूप से चर्चित है। वर्षभर यहां सैकड़ों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं वहीं बरसात के मौसम में भी भक्तों की आस्था का आगमन थमता नहीं है।

### शिवरात्रि के बाद लगता है मेला

महाशिवरात्रि के बाद प्रतिदिन गांगली राजा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि होती है। देखते ही देखते पूरा परिसर मेले में तब्दील हो जाता है। दूर-दराज के गांवों से श्रद्धालु पैदल, दोपहिया और चारपहिया वाहनों से यहां पहुंचते हैं। धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और मन्नत पूरी होने पर भंडारे का आयोजन भी किया जाता है।जिससे इस क्षेत्र में विशेष धार्मिक वातावरण बना रहता है।

### 2 किलोमीटर का कच्चा जंगल मार्ग से परेशानी

मंदिर तक पहुंचने के लिए लांजी-देवरबेली मार्ग पर स्थित ग्राम घोटी से करीब 8 किलोमीटर अंदर जाना पड़ता है। ग्राम चोरिया से लगभग 3 किलोमीटर का जंगल मार्ग आज भी कच्चा और पथरीला है। यह रास्ता छोटे-छोटे नालों से होकर गुजरता है।जिससे बरसात में स्थिति और भी विकट हो जाती है।

इस दुर्गम मार्ग को पार करने में श्रद्धालुओं को एक से डेढ़ घंटे तक का समय लग जाता है। पक्की सड़क के अभाव में वाहन बीच रास्ते में फंस जाते हैं। दोपहिया वाहनों के पंचर होने और चारपहिया वाहनों के खराब होने का खतरा हमेशा बना रहता है। कई बार श्रद्धालुओं को वाहन छोड़कर पैदल ही मंदिर तक पहुंचना पड़ता है।

### वर्षो से उपेक्षित है मार्ग निर्माण

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई वर्षों से इस करीब 2 किलोमीटर लंबे कच्चे जंगल मार्ग के सीमेंट-कंक्रीट या डामरीकरण की मांग की जा रही है।लेकिन अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि या जिला प्रशासन द्वारा इस ओर गंभीर पहल नहीं की गई है। चुकी यह क्षेत्र बैहर विधानसभा के बिरसा विकासखंड में आता है। जबकि अधिकांश आवाजाही लांजी की ओर से ही होती है। ऐसे में क्षेत्रीय समन्वय के अभाव में यह महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल मूलभूत सुविधाओं से वंचित बना हुआ है।

### पक्की सड़क निर्माण की मांग

गांगली राजा मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है। बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी अपार संभावनाएं रखता है। यदि इस पहुंच मार्ग का पक्का निर्माण कर दिया जाए तो यहां श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ सकती है।जिससे स्थानीय लोंगो को रोजगार मिल सकता है।स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही 3 किलोमीटर के इस कच्चे मार्ग का पक्का निर्माण कराया जाए, ताकि आस्था के इस केंद्र तक पहुंचना सुगम हो सके और श्रद्धालुओं को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस ने देश की छवि को नुकसान पहुंचाया- रिजिजू

**नई दिल्ली। एजेंसी।** नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए हंगामे को लेकर सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा अंतरराष्ट्रीय मंच पर विरोध प्रदर्शन कर कांग्रेस ने न केवल राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया है, बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचाया है। रिजिजू के अनुसार, इस तरह का आचरण भारत को वैश्विक स्तर पर शर्मसार करता है और इससे गलत संदेश जाता है। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को सरकार की नीतियों की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर हंगामा करना या देश के खिलाफ माहौल बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सरकार का विरोध करने के बजाय देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की राजनीति कर रही है। मंत्री ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कांग्रेस को अपने व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए और आत्ममंथन करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस की चुनावी स्थिति पर भी टिप्पणी की। उनका दावा है कि लगातार चुनावी हार से पार्टी हताश हो चुकी है और इसी कारण वह इस तरह के कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जनता बार-बार कांग्रेस को नकार रही है, जिससे पार्टी में बेचैनी और बौखलाहट बढ़ रही है।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी को 'नासमझ' करार देकर आरोप लगाया कि वे विदेशों में भारत के खिलाफ बयान देते हैं, जो देशहित में नहीं है। इसके विपरीत, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वे वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने और विश्व कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। इस पूरे विवाद ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है, और आने वाले दिनों में इस पर बयानबाज़ी और तेज होने की संभावना है।

# अमेरिकी टैरिफ डील पर हमलावर राहुल और खरगे.... देशवासियों के सामने सच्चाई बताएं पीएम मोदी

**नई दिल्ली। एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ डील पर विपक्ष फिर मोदी सरकार पर हमलावर हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी पर समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका विश्वासघात अब उजागर हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी इस व्यापार समझौते में फिर से आत्मसमर्पण कर देने वाले है।

उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना मोदी सरकार ने इतनी जल्दबाजी में ट्रैप डील में शामिल क्यों हुए, इससे भारत से भारी रियायतें छीन लीं। बता दें अमेरिका ने 2 फरवरी को भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत किया था। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता फरवरी के अंत तक फाइनल होगा।

उधर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को अवैध बताकर रद्द किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाकर कहा कि संविधान के तहत टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।



इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि मोदी जी को देशवासियों के सामने खड़े होकर सच्चाई बतानी चाहिए। किसने या किन कारणों ने आपको भारत के राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करने के लिए दबाव डाला? क्या यह एप्सटीन फाइल्स थीं। क्या भारत सरकार अपनी गहरी निष्क्रियता से जागेगी? क्या 140 करोड़ भारतीयों के आत्मसम्मान, साथ ही किसानों, मजदूरों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करने वाला एक निष्पक्ष व्यापार समझौता पेश करेगी।

वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा कि यदि सरकार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के लिए 18 दिन और इंतजार करती, तब भारतीय किसानों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा हो सकती थी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वास्तव में एक परीक्षा है, जिसे प्रधानमंत्री की हताशा और आत्मसमर्पण के कारण भारत पर थोपा गया है।

वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह फैसला दुनिया की अदालतों के लिए संदेश है कि उन्हें कार्यपालिका की ज्यादती रोकनी चाहिए। अगर न्यायपालिका अपना काम नहीं करेगी, तब लोकतंत्र तानाशाही में बदल सकता है। इस फैसले से ट्रम्प प्रशासन, न्यायपालिका और विधायिका के बीच टकराव की स्थिति बन सकती है।

इस मामले में शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि भारत ने इस समझौते में जल्दबाजी क्यों की? भारत को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए था। अभी भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत टैरिफ है, जबकि अमेरिकी आयात पर लगभग जीरो टैरिफ, इससे डील असंतुलित दिखती है।

# पीएम मोदी और राष्ट्रपति लूला की मौजदूगी में भारत-ब्राजील के बीच ट्रेड डील पर हस्ताक्षर

## पीएम मोदी ने कहा, लूला और उनके डेलीगेशन का स्वागत कर बहुत खुशी हुई

**नई दिल्ली। एजेंसी।** भारत और ब्राजील के रिश्तों में शनिवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। भारत-ब्राजील के बीच ट्रेड डील पर हस्ताक्षर हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में इसतरह के कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी है, जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति लूला और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत कर कहा, मुझे प्रेसिडेंट लूला और उनके डेलीगेशन का भारत में स्वागत कर बहुत खुशी हो रही है। उनके विजन और प्रेरणादायक नेतृत्व से भारत-ब्राजील संबंधों को लंबे समय से लाभ मिला है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में दोनों नेताओं के बीच कई मुलाकातें हुई हैं और हर बार भारत के प्रति राष्ट्रपति लूला की गहरी मित्रता और विश्वास हमेशा ही दिखाई दिया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति लूला का यह दौरा ऐतिहासिक एआई इम्पैक्ट समिट को भी नई ऊर्जा देता है और दोनों देशों की रणनीतिक समझौते को मजबूत करता है।


प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि ब्राजील, लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। दोनों देश अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारा व्यापार सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, यह आपसी भरोसे की झलक है। राष्ट्रपति लूला के साथ आया बड़ा कारोबारी प्रतिनिधिमंडल इसी भरोसे को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में सहयोग केवल भारत और ब्राजील के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है। एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप इकोसिस्टम में साझेदारी से विकासशील देशों को भी नई दिशा मिल सकती है।

# ट्रंप के टैरिफ के बाद भी भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा 58.2 अरब डॉलर हुआ

**नई दिल्ली। एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय निर्यात पर भारी भरकम 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बावजूद भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा (वस्तु और सेवा) बढ़कर 2025 में 58.2 अरब डॉलर हो गया है, जो कि पहले 45.7 अरब डॉलर के करीब था। यह जानकारी अमेरिकी सरकार की ओर से दी गई। अमेरिकी सरकार दवारा दी गई जानकारी के मुताबिक दिसंबर में अमेरिका का व्यापार घाटा (वस्तु और सेवा) 70.3 अरब डॉलर रहा है, जो कि नवंबर में 53 अरब डॉलर के करीब था। वहीं, दिसंबर में भारत के साथ व्यापार घाटा 5.2 अरब डॉलर रहा है। पूरे 2025 के लिए अमेरिका का व्यापार घाटा 901.5 अरब डॉलर रहा है, जो कि 2024 में 903.5 अरब डॉलर था। इस दौरान निर्यात 199.8 अरब डॉलर बढ़कर 3,432.3 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, आयात 197.8 अरब डॉलर बढ़कर 4,333.8 अरब डॉलर हो गया है। 2025 में वस्तुओं से व्यापार घाटा 25.5 अरब डॉलर बढ़कर 1,240.9 अरब डॉलर हो गया है। सेवाओं से अधिशेष 27.6 अरब डॉलर बढ़कर 339.5 अरब डॉलर हो गया है। 2025 में अमेरिका का व्यापार घाटा यूरोपीय यूनियन से 218.8 अरब डॉलर, चीन से 202.1 अरब डॉलर, मैक्सिको से 196.9 अरब डॉलर, वियतनाम से 178.2 अरब डॉलर और ताइवान से 146.8 अरब डॉलर रहा है। इसके अलावा, ट्रंप टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाकर इन टैरिफ को गैर-कानूनी बताकर रद्द कर दिया है। हालांकि, धारा 122 का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने 150 दिनों की अवधि के लिए अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। यह अस्थायी आयात शुल्क 24 फरवरी से लागू होगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रेड एक्ट 1974 की धारा 122 के तहत दी गई शक्ति का प्रयोग किया है। इसके तहत राष्ट्रपति सरचार्ज और अन्य विशेष आयात प्रतिबंधों के माध्यम से कुछ आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं को संबोधित कर सकते हैं। व्हाइट हाउस की ओर से बताया गया कि अमेरिका के सामने आने वाली आधारभूत अंतरराष्ट्रीय भुगतान समस्याओं का अधिक प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए कुछ वस्तुओं पर अस्थायी आयात शुल्क लागू नहीं होगा। इसमें कुछ महत्वपूर्ण खनिज, मुद्रा और बुलियन में उपयोग होने वाली धातुएं, ऊर्जा और ऊर्जा उत्पाद, प्राकृतिक संसाधन और उर्वरक, कुछ कृषि उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और फार्मास्यूटिकल सामग्री, कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्री वाहन और अन्य उत्पाद शामिल हैं।

## जेपी मिश्रा नहीं रहे

**पदमेश न्यूज। बालाघाट।** स्थानीय प्रेमनगर वार्डन 27 निवासी श्री झलकन प्रसाद मिश्रा (सब इंजिनियर सिंचाई विभाग ) 82 वर्ष का स्वर्गवास 21 फरवरी 2026 को रात्रि में हो गया है. उनकी शव यात्रा 22 फरवरी को उनके निज निवास प्रेमनगर से 12 बजे निकाली जाएगी अंत्येष्टि का जागपुर घाट मोक्षधाम में किया जाएगा. उनके निधन पर स्वजनों, मित्रों ने शोक व्यक्त किया है.वे स्थानीय निवासी ब्रजेश मिश्राके पिताजी थे. वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



## आम ईस्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं शंकर भारती पिता स्व. रामप्रसाद भारती जाति कहार ग्राम पंचायत पांढरवानी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट की निवासी हूं। मेरी माता स्व. श्रीमती सोनाबाई पति स्व. रामप्रसाद भारती कि मृत्यु दिनांक 17.04.2023 को हो चुकी है। जिनकी मृत्यु के उपरांत मैं पुत्र शंकर भारती, राजेंद्र भारती, राजकुमार भारती एवं पुत्री श्रीमती लाजवंती कुशमारे वारसान है।

उपरोक्तानुसार हमें वारसान प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत पांढरवानी से जारी किया जाना है।

अतः आम जनता सूचना दर्ज करे।

**प्रकाशक**
**शंकर भारती**
**निवासी - ग्राम पंचायत पांढरवानी ला.**
**तहसील - लालबर्रा**
**जिला - बालाघाट।**

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेश कुमार राहंगडाले पिता श्री ओंमकार राहंगडाले ग्राम ग्राम सोनपुरी तहसील बैहर जिला बालाघाट म.प्र. का निवासी हू। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम राजेश कुमार राहंगडाले दर्ज है। किन्तु मेरे शैक्षणिक दस्तावेज दसवीं एवं बारहवीं की अंकसूची में त्रृटिवश मेरा नाम राजेश राहंगडाले दर्ज हो गया है जो कि अन्य दस्तावेजों से अलग है।

अतः मुझे मेरे नाम राजेश कुमार राहंगडाले पिता श्री ओंमकार राहंगडाले दर्ज किया जावें। और मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

**आवेदक**
**राजेश कुमार राहंगडाले**
**ग्राम सोनपुरी तह. बैहर**
**जिला बालाघाट**

# 23 फरवरी को निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य एवं टीबी (क्षयरोग) जांच शिविर का आयोजन

## आम्बेडकर चौक स्थित तुरकर भवन में शिविर का होगा आयोजन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ समर्पित करते हुए 23 फरवरी, सोमवार को निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य एवं टीबी (क्षयरोग) जांच शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर बालाघाट स्थित तुरकर भवन, अंबेडकर चौक में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

सांसद श्रीमती पारधी ने बताया कि जनसेवा ही उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य है और जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के रूप में मनाना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं टीबी जांच सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, शुगर जांच सहित टीबी की विशेष स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। जरूरतमंद मरीजों को परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

किराये से देना है
ऑफिस काम हेतु
800 Sq.Fit जगह
लेट-बाथ सहित सीमेंट रोड में
1st फ्लोर में सर्वसुविधायुक्त
मो. 9827983285

सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती
योग्यता 10 वी 12वीं पास
सैलरी 15 से 20 हजार रूपए,
पीएफ ईएसआईसी लीव सैलेरी बोनस की सुविधा
सनफ्लैग स्टील प्लांट भंडारा (वरठी)
संपर्क-7030497666, 9766188388

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

## चलती पिकअप से उतरते वक्त गिरकर छात्र घायल



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। तिरोड़ी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सावरगांव में एक छात्र चलती पिकअप से उतरते समय गिरने से घायल हो गया। यह घटना 21 फरवरी को 7ः45 बजे उसे समय हुई जब यह छात्र अपने घर से स्कूल जा रहा था। घायल छात्र प्रिंस पिता महेश बिसेन 10 वर्ष ग्राम सावरगांव निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश बिसेन ग्राम सावरगांव निवासी सिविल काम करते हैं। जिसके परिवार में पत्नी और दो बेटे है। बड़ा बेटा अभी बिसेन 11 वर्ष और छोटा बेटा प्रिंस बिसेन 10 वर्ष कक्षा पांचवी की पढ़ाई कर रहे हैं और दोनो भाई अपने गांव की शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने जाते हैं। 21 फरवरी को 9ः45 बजे करीब छात्र प्रिंस बिसेन अपने पड़ोस के बच्चों के साथ अपने घर से पैदल स्कूल जा रहा था ।तभी रास्ते में आंसू मिनरल वाटर की पिकअप खड़ी थी। सभी बच्चे पिकअप में चढ़ गए थे। इसी दौरान पिकअप चालक ने पिकअप आगे बढ़ाया पिकअप को अचानक आगे बढ़ते देख। बच्चे चलती पिकअप से उतरने लगे थे। इसी दौरान छात्र प्रिंस चलती पिकअप से उतरते समय अचानक गिर गया और वह सर कंधे में चोट लगने से घायल हो गया मौके पर भीड़ लग चुकी थी। घायल छात्र प्रिंस को उठाकर घर ले गए। घटना के दौरान महेश बिसेन अपने सिविल काम में निकल गए थे जो खबर मिलते ही अपने घर पहुंच गए। और घायल अपने बेटे प्रिंस को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। जिला अस्पताल पुलिस ने महेश बिसेन का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना तिरोड़ी भिजवा दी है।

# शहीद आशीष शर्मा की स्मृति में नवेगांव थाने में उद्यान व प्रतिमा का अनावरण

## सभी थानों में शहीद जवानों की प्रतिमा स्थापित किया जायेगा-मिश्रा

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शहीद आशीष शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीण थाना नवेगांव परिसर में उनके नाम से एक उद्यान का निर्माण कर उसमें उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने शहीद आशीष शर्मा की शहादत को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान सदैव पुलिस बल और समाज को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि कर्तव्य के प्रति समर्पण और देश सेवा की भावना ही पुलिस बल की असली पहचान है, जिसे शहीद जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर सिद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक ने घोषणा की कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में प्रत्येक थाने में उनकी प्रतिमा स्थापित करने की योजना बनाई जाएगी, ताकि आने वाली पीढियों को उनके साहस और त्याग की प्रेरणा मिलती रहे।

19 नवंबर वर्ष 2025 को छत्तीसगढ ,राजनांदगांव के बोरतालाब जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए वीर जवान आशीष शर्मा की स्मृति में 21 फरवरी को उनके जन्मदिन के अवसर पर नवेगांव ग्रामीण थाना परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे इस क्षेत्र में कर्तव्य निर्वहन के दौरान उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया था। जन्मदिन के मौके पर ग्रामीण थाना नवेगांव में उनके नाम से एक सुंदर



उद्यान विकसित किया गया तथा उनकी प्रतिमा स्थापित कर उसका विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और अतिथियों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद आशीष को नमन किया। आशीष शर्मा मूलतः नरसिंहपुर जिले के बोहानी गांव के निवासी थे। उनकी शहादत की स्मृति में यह उद्यान और प्रतिमा स्थापित की गई है, ताकि पुलिस बल और आमजन उनके साहस व समर्पण से प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम के दौरान शहीद आशीष के जन्मदिन को सेवा भाव से जोड़ते हुए अनाथ बच्चों को थाना परिसर में आमंत्रित कर उन्हें उपहार वितरित किए गए। प्रतिमा अनावरण के समय पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने आशीष शर्मा अमर रहें के नारों के साथ उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और यह संकल्प दोहराया कि उनका बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में हाकफोर्स के जवान उपस्थित रहे।

### आशीष सदैव हमारे हृदय और आत्मा में जीवित रहेंगे- आदित्य मिश्रा

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि थाना परिसर में शहीद के नाम से उद्यान और प्रतिमा स्थापित करना केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि समाज और युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे आमजन में सकारात्मक सोच का संचार होगा और बच्चे व युवा शहीद आशीष शर्मा के आदर्शों से प्रेरणा लेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जिले के अन्य थानों में भी शहीद हुए वीर सपूतों की प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, जिस पर शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि भले ही आशीष शर्मा आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वे सदैव हमारे हृदय और आत्मा में जीवित रहेंगे।

### यह उद्यान सामूहिक मेहनत का परिणाम है- अमित

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि थाना परिसर में शहीद आशीष शर्मा की प्रतिमा स्थापित करने और उनके नाम से उद्यान विकसित करने की प्रेरणा उन्हें पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा से मिली। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक की मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही इस पहल की शुरुआत हुई। इसके बाद उन्होंने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर चरणबद्ध तरीके से इस कार्य को आगे बढ़ाया। सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप कुछ ही महीनों में शहीद आशीष शर्मा के नाम का उद्यान तैयार हुआ और उनकी प्रतिमा स्थापित की जा सकी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यह कार्य किसी एक व्यक्ति के प्रयास से संभव नहीं था, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग और थाना स्टाफ की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

## पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने फीता काटकर किया उद्घाटन, पहले दिन खेले गए चार मुकाबले

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। स्थानीय उत्कर्ष विद्यालय मैदान में 21 फरवरी से आदिवासी प्रीमियर लीग सीजनङ्क1 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने मैदान पहुंचकर फीता काटकर प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। आयोजन समिति के पदाधिकारी दिनेश धुर्वे ने बताया कि समाज के युवा वर्ग को खेल से जोड़ने और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रथम सत्र में जिलेभर से आदिवासी समाज की कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। 10 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का आगाज पहले ही दिन चार रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। सभी मैच 10-10 ओवर के खेले गए। पहले दिन के ट्राइबल एम्पायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाए। जवाब में जंगल स्ट्राइकर्स ने 5 विकेट खोकर 57




रन बनाते हुए जीत दर्ज की। दूसरा मैच आयरन ट्राइब ने 63 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जंगल स्ट्राइकर्स ने 6 विकेट खोकर मैच अपने नाम किया। तीसरा मैच आयरन ट्राइब और स्वदेशी बल के बीच खेले गए मुकाबले में आयरन ट्राइब ने 9 रनों से जीत हासिल की। चौथा मैच स्वदेशी बल और ट्राइबल एम्पायर के बीच हुए मैच में ट्राइबल एम्पायर ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। पहले दिन से ही मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में भी रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे और विजेता टीम को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## मतदाता सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन

### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई निर्वाचक नामावली

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के पश्चात बालाघाट जिले की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को कर दिया गया है। 21 फरवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर एसआईआर के पश्चात तैयार की गई पुनरीक्षित मतदाता सूची की जानकारी दी गई । इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षित मतदाता सूची की विधानसभा क्षेत्रवार एक-एक प्रति सौंपी । इस अवसर पर बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शफखत खान, बहुजन समाज पार्टी के इंजीनियर महेन्द्र , भारतीय जनता पार्टी के संजय अग्निहोत्री एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित थे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के पश्चात 21



फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के अनुसार बालाघाट जिले के 06 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्यार 13 लाख 23 हजार 466 है, जिसमें पुरूष मतदाता 06 लाख 58 हजार 255, महिला मतदाता 06 लाख 65 हजार 203 एवं थर्ड जेंडर मतदाता 08 है। बालाघाट जिले में मतदाता सूची का जेंडर रेशो( लिंगानुपात ) 1011 है, जो कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में सबसे अधिक है। जिले की मतदाता सूची का ईपिक रेशो 68.48 है। जिले में सर्विस वोटर की संख्या 1531 है, जिसमें 1443 पुरूष वोटर एवं 88 महिला वोटर शामिल है। बालाघाट जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 20 हजार 246 है, जिसमें 10 हजार 285 पुरूष एवं 9961 महिला शामिल है। जिले में दिव्यांग एवं अशक्त मतदाताओं की संख्या 11 हजार 92 है, जिसमें पुरूष मतदाता 5962 एवं महिला मतदाता 5130 शामिल है। बालाघाट जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1785 है। **जिले में विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्यां इस प्रकार है-**

| विधानसभा क्षेत्र | मतदान केन्द्रों की संख्या | पुरूष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेंडर मतदाता | कुल मतदाता | सर्विस वोटर | जेंडर रेशो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 108-बैहर | 333 | 113141 | 117215 | 0 | 230356 | 235 | 1036 |
| 109-लांजी | 325 | 123831 | 122850 | 00 | 246681 | 323 | 992 |
| 110-परसवाड़ा | 312 | 110227 | 112100 | 02 | 222329 | 199 | 1017 |
| 111-बालाघाट | 301 | 112379 | 114567 | 04 | 226950 | 346 | 1019 |
| 112-वारासिवनी | 245 | 99742 | 99869 | 01 | 199612 | 260 | 1001 |
| 113-कटंगी | 269 | 98935 | 98602 | 01 | 197538 | 168 | 997 |
| योग | 1785 | 658255 | 665203 | 08 | 1323466 | 1531 | 1011 |

## पीजी कालेज में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कार्यक्रम सम्पन्न




पद्मेश न्यूज। बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट, में शनिवार दोपहर 12 बजे से भारतीय ज्ञान परंपरा एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया।विद्यार्थी वर्ग से निशांत गौतम, रश्मि पटले (बी.ए. प्रथम वर्ष) प्रगति बोकडे एम.ए. एक वर्षीय पाठ्यक्रम नें मातृभाषा के महत्व पर विचार व्यक्त किये। प्राध्यापक वर्ग में प्रो. अल्का हिरकने ने मातृभाषा की आवश्यकता व उपयोगिता के बारे में बताया। डॉ. संतोष लिल्हारे ने मातृभाषा की सहजता, विचारों की गृहणीयता व हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. अनिल हनवत ने मातृभाषा दिवस मनाने व

उसकी प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किया। प्रो. संजय कुमार बिसेन ने बोली और भाषा में अंतर बताते हुए मातृभाषा की सजीवता पर विचार व्यक्त किये।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने मातृभाषा एवं संस्कृति में सम्बंध स्थापित करते हुए मातृभाषा संप्रेषण का सबसे सशक्त माध्यम है तथा हर व्यक्ति को अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए संबंधी उद्गार व्यक्त किये।कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रभारी डॉ. कंचन मसराम, आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. सीमा श्रीवास्तव, प्रो. गीतेश पटले के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

## ग्राम पंचायत खैरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत खैरी में दिनांक 14 फरवरी से 20 फरवरी तक लगाया गया था। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सरोज घोडेश्वर मैडम द्वारा दल को हरी झंडी दिखाकर शिविर स्थल के लिए रवाना किया गया यह शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुश्री अगासे, एवं सुश्री रुचिका धुर्वे द्वारा गांव के सरपंच गौरी शंकर मोहारे एवं अन्य सरपंच सदस्य की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। यह शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम खैरी के ग्रामीण वासियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना साथ ही डिजिटल साक्षरता प्रदान करना रहा ।इस विशेष शिविर के अंतर्गत छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान, नशा मुक्ति अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान,




साइबर अवेयरनेस, महिला सुरक्षा एवं महिला शक्तिकरण, शिक्षा का अधिकार, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, सड़कों एवं नालियों की सफाई, वृक्षारोपण, कराटे प्रशिक्षण, सिविल डिफेंस ट्रेनिंग, समस्त कार्यक्रम स्वयंसेवको द्वारा ग्राम वासियों को जागरूक करने हेतु चलाए गए ।इसके अलावा महिलाओं एवं कन्याओं के लिए मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियां दूर कर निशुल्क पैड वितरित किए गए एवं गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषक आहार लेने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के द्वारा समुह नृत्य, एकल नृत्य, भजन, भाषण, गायन, नाटक आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समापन के दिवस महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील मासुलकर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ दिपरत्ना मासुलकर, सरपंच श्री मोहारे एवं अन्य अतिथिगणो की उपस्थिति में कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुश्री अगासे के द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, शील्ड, मेडल देकर छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य कामना करते हुए शिविर का समापन किया गया।शिविर के सफल आयोजन में समस्त महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## पूज्य सिंधी पंचायत के चुनाव: 3 प्रत्याशी मैदान में, 24 को होगा मतदान प्रकिया से चुनाव

### गोपाल दास आडवानी, अमरलाल मंगलानी और सुरेशचंद रंगलानी के बीच होगा चुनाव

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। पूज्य सिंधी पंचायत के त्रिवार्षिकी चुनाव 24 फरवरी को होने जा रहे है, जिसकी नियमावली एवं रूपरेखा के सोमवार 16 फरवरी को नामांकन प्राप्त करने की तिथि से प्रारंभ हुई थी ।जिसमे 3 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन उठाए गए थे। जिसमें गोपाल दास पिता स्व. धनराज आडवानी, अमरलाल पिता स्व. कन्हैयालाल मंगलानी एवं सुरेशचंद पिता स्व. चंदीराम रंगलानी शामिल है ।जो चुनावी मैदान में डटे हुए है ।बताया गया कि इस चुनाव में 1500 पुरूष मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे,जबकि महिलाओ को इस चुनाव से दूर रखा गया है।



### किसी भी उम्मीदवार ने नाम नही लिया वापस

बताया गया कि नामांकन फार्म वितरण के बाद 17 से 18 फरवरी को नामाकन जमा कराए गए ।उसके बाद 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन की जांच की गई ।वही 20 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी का समय तय था जिसमें आम सहमति नहीं बनने पर तीनों ही उम्मीदवार अब चुनावी मैदान में डटे है जिनका चुनाव 24 फरवरी मंगलवार को सिंधु भवन में सुबह 9 बजे से शाम 5 तक चुनाव कराया जाएगा।

### 24 को चुनाव के साथ ही परिणाम की भी होगी घोषणा

बताया गया कि 24 फरवरी को शाम 5 बजे तक मतदान कराकर, तुरन्त मतगणना की जाएगी। जिसके परिणाम शाम 7 बजे तक आने की संभावना है ।जानकारी के अनुसार चुनाव परिणाम जारी कर नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की जाएगी ।जिसकी तमाम तैयारी पूर्ण कर ली गई है ।अब इंतेजार सिर्फ 24 फरवरी की सुबहा का है।

### अलग अलग बैठके कर चुनाव जीतने, प्रत्याशी लगा रहे एड़ी चोटी का जोर

उधर समाज के इस चुनाव में मैदान पर डेट तीनों ही प्रत्याशियों ने चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। जो अलग-अलग बैठके लेकर मतदाता सामाजिक बन्धुओ को अपने पक्ष में करने की कोशिश में जुटे हुए हैं ।चुनाव को अनकरीब देखते हुए प्रत्याशी दिनभर मतदाताओं के घर व दुकानों में जाकर दस्तक दे रहे हैं, तो वहीं शाम को अलग-अलग बैठक आयोजित कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश में है।

### सभी तैयारियां पूर्ण- रंगलानी

चुनाव को लेकर की गई चर्चा के दौरान पूज्य सिंधी पंचायत चुनाव पर्यवेक्षक रमेश रंगलानी ने औपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि 24 फरवरी को पूज्य सिंधी पंचायत के चुनाव होने हैं, तमाम तरह की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में है जिसमें गोपाल दास आडवानी, अमरलाल मंगलानी और सुरेशचंद रंगलानी के बीच चुनाव होना है 24 फरवरी मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कर देर शाम चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसके उपरांत कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और यह कार्यकारिणी आगामी तीन वर्षों के लिए कार्य करेगी ।मंगलवार को आयोजित इस चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# 4 दिन से लापता व्यक्ति का भांडामुर्री के जंगल में मिला शव

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस






रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**लालबर्रा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भांडामुर्री से बीते चार दिनों से लापता एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव शनिवार को गांव के समीप स्थित जंगल से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भांडामुर्री निवासी नूरसिंह कोकोटे के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द शव सौंप दिया है एवं मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

### 17 फरवरी से था लापता

प्राप्त जानकारी के अनुसार भांडामुर्री निवासी 45 वर्षीय नूरसिंह कोकोटे कृषि एवं मजदूरी कार्य करता था, गत 17 फरवरी को बिना बताये कही चले गया था। लेकिन देरशाम तक वापस नही आया तो परिजन घबरा गये और उसकी आसपास एवं रिस्तेदारी में पतासाजी किये किन्तु कही कुछ पता नही चला। जिसके बाद परिजन थाना पहुंचकर नूरसिंह के लापता होने की सूचना दी। वहीं पुलिस ने 20 फरवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 21 फरवरी को प्रात: के समय भांडामुर्री के समीप जंगल से गुजर रहे एक ग्रामीण को जंगल में एक शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने मृतक की पहचान नूरसिंह के रूप में की गई। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं पुलिस को 4 दिन से लापता व्यक्ति का शव जंगल में मिलने की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्यवाही कर शव बरामद का पोस्टमार्टम हेतु लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक कृषि व मजदूरी कार्य करता था, जिसके परिवार में पत्नि, दो बेटी, एक बेटा है, कृषि व मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था एवं वह नशा भी करता था। साथ ही मंगलवार को दोपहर के समय उसे बस में छपारा की ओर जाते हुए देखे जाने की भी जानकारी सामने आ रही है। जिससे ऐसा लग रहा है कि वह मंगलवार को बस से छपारा बाजार गया होगा और शाम में वापस अपने गांव आया होगा किन्तु नशे की हालत में गांव की मुख्य राह भटक कर जंगल की ओर चले गया होगा और जंगल में रात हो जाने एवं उसी स्थान पर लंबे समय से पड़े रहने, अत्यधिक ठंड, रातभर जंगल में पड़े रहने या फिर किसी जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने से उसकी मौत होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारणों का पता चल पायेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### योजना का दिलवाया जायेगा लाभ - भाऊदास

दूरभाष पर चर्चा में भांडामुर्री सरपंच प्रतिनिधि भाऊदास मेश्राम ने बताया कि नूरसिंह चार दिनों से बिना बताये कही चले गया था, परिजनों ने गुम सूचना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवा दी थी और परिजन उसकी पतासाजी कर रहे थे किन्तु कही कुछ पता नही चला। शनिवार को सुबह ग्राम से लगे जंगल की ओर एक व्यक्ति को किसी का शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई और ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे तो चार दिन से लापता हुए व्यक्ति नूरसिंह के नाम से उसकी पहचान हुई। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव बरामद किया। श्री मेश्राम ने बताया कि मंगलवार को उसे छपारा की ओर जाते हुए देखे जाने की जानकारी मिली थी किन्तु घटना स्थल तक कैसे पहुंचा, किस कारण से उसकी मौत हुई है यह स्पष्ट नही हो पाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। साथ ही यह भी बताया कि मृतक परिवार का मुखिया था, उनकी मृत्यु हो जाने से परिवार को जीवनयापन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, मृतक के परिजनों को शासन की विभिनन योजनाओं का लाभ दिलवाया जायेगा।

# श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के हाई स्कूल मार्ग माँ सरस्वती सभामंच के सामने छत्रपति शिवाजी कुनबी समाज लालबर्रा के द्वारा श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित किया गया है। जिसका अनावरण 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे किया जायेगा। चर्चा में छत्रपति शिवाजी कुनबी समाज लालबर्रा अध्यक्ष दिनेश फुंडेकर ने बताया कि हाई स्कूल मार्ग पर श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा विराजित की गई है, जिसका अनावरण 22 फरवरी को किया जायेगा। इस अवसर पर पांढरवानी रोड़ स्थित लॉन से 22 फरवरी को प्रात: 10 बजे रैली निकाली जायेगी। यह रैली नगर मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए प्रतिमा स्थल पहुंचेगी। जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा तत्पश्चात मंडी काम्पलेक्स परिसर में मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उक्त कार्यक्रम पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, सांसद श्रीमती भारती पारधी, बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के कुलाधिपति दिवाकरसिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार के मुख्य आतिथ्य, छत्रपति शिवाजी कुनबी समाज लालबर्रा अध्यक्ष दिनेश फुंडेकर की अध्यक्षता एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी, उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, कांग्रेस कमेटी ब्लाक अध्यक्ष मनीराम भोयर, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, वरिष्ठ समाजसेवी सुनिल खोटोले, विशाल खोंगल के प्रमुख आतिथ्य, प्रगतिशील कुनबी समाज जिलाध्यक्ष झीटूलाल कानतोडे, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ज्ञानीराम पडुरे, लक्ष्मीनारायण झंझाडे, समाजसेवी हर्षदभाई पटेल, पंकज खोखले, जनपद सदस्य श्रीमती केशरबाई भोयर, बम्हनी सरपंच बासुंतराव ढबाले, डोंकरबंदी सरपंच सोमेश्वर मोहतुरे, राजेश गोमासे, बिरसोला सरपंच श्रीमती ममता पवन चौड़े, खारी सरपंच श्रीमती डिलेश्वरी कैलाश नखाते के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर क्षेत्रभर के स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील प्रगतिशील कुनबी समाज लालबर्रा अध्यक्ष दिनेश फुंडेकर, उपाध्यक्ष युगलकिशोर चारमोडे, प्रमोद सपाटे, सचिव वासुदेव लानगे, कोषाध्यक्ष ओमशंकर भगत, सदस्य शैलेष आश्वले, शंशांक लानगे, हरिलाल तितरमारे, गेंदलाल कारे, कोमल ढबाले, शैलेष भोयर, जितेन्द्र सार्वे, गणेश आश्वले, ढुलीचंद बोंदरे, घनश्याम कानतोड़े, प्रीतम हिंगे, झनकलाल लानगे, बलिराम कातुरे, संजय कातुरे, संतोष डोरस, मनीष बांते, तेजराम अंगुरे, खिलेन्द्र सार्वे, किसनाजी गोमासे, हिराराम तितरमारे, येवन भोयर, जितेन्द्र लानगे, राजेन्द्र अंगुरे, युवराज कातुरे, व्यंकट चौड़े, हेमराज नखाते, धर्मेन्द्र नखाते युवाक ार्यकारिणी अध्यक्ष राधेश्याम भोयर, उपाध्यक्ष प्रदीप पंचबुध्दे, विजय भगत, सचिव सुनिल ठौकर, कोषाध्यक्ष कपिल ढबाले सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।



# ट्रांसफार्मर खराब होने से पटेलटोला खामघाट के ग्रामीण दो दिनों से अंधेरे में

## ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 7 किमी. दूर ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम खामघाट के पटेलटोला स्थित ट्रांसफार्मर में शुक्रवार को अचानक आग लग जाने से पुरा ट्रांसफार्मर जल गया। वहीं ट्रांसफार्मर में आग लग जाने की जानकारी विद्युत विभाग को दिया गया। जिसके बाद बिजली सप्लाई बंद की गई नही तो बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था। साथ ही ट्रांसफार्मर में लगी आग की लपेटों को देखकर लोग घबरा गये थे किन्तु किसी प्रकार की जन-धन की हानि नही हुई है। वही ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद विद्युत विभाग के द्वारा दुसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया किन्तु लगाते ही वह ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया। जिसके बाद से अब तक उस खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर दुसरा ट्रांसफार्मर नही लगाया गया है। जिसके कारण दो दिनों से खामघाट के पटेलटोला में अंधेरा छाया हुआ है और ग्रामीणजन दो दिनों से अंधेरे में जीवनयापन कर रहे है। जिससे ग्रामीणजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दो दिनों से बिजली गुल रहने के कारण सबसे अधिक परेशानी पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को हो रही है। वर्तमान में कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं की बोर्ड वार्षिक परीक्षा जारी है। जिन्हे परीक्षा की तैयारी करने में परेशानी हो रही है और खेतों में लगी फसल में सिंचाई भी नही कर पा रहे है। साथ ही दो दिनों से बिजली गुल रहने से ग्रामीणजनों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। जिससे रात्रि के समय जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने का भी डर बना हुआ है। ग्रामीणजनों ने विद्युत विभाग से पटेलटोला खामघाट के खराब हुए ट्रांसफार्मर को जल्द बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाकर निरंतर बिजली सप्लाई करने की मांग की है।



### नया ट्रांसफार्मर जल्द लगाये विद्युत विभाग - मुन्नालाल

दूरभाष पर चर्चा में देवरी सरपंच प्रतिनिधि मुन्नालाल पटले ने बताया कि खामघाट के पटेलटोला स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में शुक्रवार को अचानक आग लगने से पुरी तरह से वह जल चुका है। जिसके बाद विद्युत विभाग को जानकारी दी गई और तत्काल बिजली सप्लाई बंद की गई नही तो बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था, आग ट्रांसफार्मर में कैसे लगी कारण अज्ञात है। श्री पटले ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से पटेलटोला में बिजली गुल हो जाने के बाद दुसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया था किन्तु वह भी खराब हो चुका है। जिसके कारण दो दिनों से पटेलटोला में बिजली नही है, ग्रामीणजन अंधेरे में रह रहे है। विद्युत विभाग से मांग है कि खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर उसके स्थान पर अधिक क्षमता का नया ट्रांसफार्मर जल्द लगाये ताकि बिजली की समस्या दुर हो सके।



# "अंकल देखकर पानी डालो" कहना छात्र को महंगा पड़ा!!

## छात्र एवं परिजनों की शिकायत पर मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ हुआ मामला पंजीबध्द

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** क्षेत्र के ग्राम अमोली में एक स्कूली छात्र के साथ मारपीट और गाली-गलौच का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब छात्र अपनी परीक्षा देने शासकीय कन्या शाला अमोली जा रहा था। छात्र एवं परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 115 (2), 351 (2) के तहत मामला पंजीबध्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामजीटोला (पांढरवानी) निवासी छात्र अंशुल माते जो शासकीय माध्यमिक शाला अमोली में कक्षा 8 वीं का छात्र है। जो शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी परीक्षा देने शासकीय कन्या शाला अमोली (लालबर्रा) जा रहा था। तभी पशीने चौक निवासी अपने छत के ऊपर से गाय को भगाने के लिए पानी डाल रहा था। जिसके छिटे छात्र के ऊपर आये तो छात्र ने उन्हे विनम्रता पूर्वक कहा कि अंकल देखकर पानी फेंको। तभी वह मौजूद शशांक अग्रवाल ने छात्र से तु कौन होता है मेरे पापा को पानी फेंकने से मना करने वाला कहकर गंदी गाली-गलौच कर मारपीट की है। तभी मार्ग से गुजर रहे लोगों ने बीच-बचाव भी किये। वहीं छात्र अंशुल परीक्षा देने के बाद घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद शाम में छात्र के साथ परिजन व ग्रामीणजन थाने पहुंचे और पुलिस को छात्र के साथ मारपीट करने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की एवं मांगे पूरी नही होने कठोर कदम उठाने की चेतावनी भी दी थी। पुलिस ने छात्र व परिजनों की शिकायत पर शशांक अग्रवाल के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर लिया है। चर्चा में छात्र अंशुल माते ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर में स्कूल पेपर देने जा रहा था तभी छत के ऊपर से एक अंकल ने सड़क के ऊपर पानी फेंका, जिसके बाद मेरे द्वारा उन्हे हाथ हिलाया गया। जिसके बाद उनके लड़के के द्वारा मेरे साथ मारपीट की गई है और जब कुछ लोग बीच-बचाव करने आये तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया है। इस मारपीट की घटना से मैं मानसिक रूप से परेशान हो गया और पेपर भी अच्छा नही गया है। सुरेन्द्र यादव ने बताया कि शुक्रवार को बच्चों को परीक्षा देने सेंटर छोड़ने जा रहा था तभी एक व्यक्ति परीक्षा देने जा रहे छात्र से मारपीट कर रहा था। जिसके बाद छात्र से पूछा गया तो उसने बताया कि अंकल को बाय किया था परन्तु उनके लड़के ने द्वारा कुछ गलत इशारा कर रहा समझकर उसके साथ मारपीट की गई है। बच्चों से इस तरह से मारपीट करना अनुचित है। वहीं राहगीर मनोहर परासिया ने बताया कि शशांक अग्रवाल के द्वारा परीक्षा देने जा रहे छात्र के साथ मारपीट की गई है और इस मारपीट से बालक ने मानसिक तनाव के साथ पेपर दिया है, जिसका असर उसके परीक्षा परिणाम में दिखाई देगा। मारपीट करने वाले पर कार्यवाही होनी चाहिए।






# मध्यप्रदेश पुलिस की साइबर अपराधों पर बड़ी कार्यवाही

**भोपाल। एजेंसी।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर श्री ए.साईं मनोहर के निर्देशानुसार साइबर अपराधों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर ऑपरेशन मैट्रिक्स (Mule Account Tracking, Removal & Investigation E&ercise) चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शिवपुरी पुलिस ने विगत एक सप्ताह मे सायबर अपराधियों के विरुद्ध 04 एफआईआर दर्ज कर 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अपराध मे प्रयुक्त 29 मोबाइल, 07 चार पहिया वाहन, एक मोटर सायकल, 01 लाख 20 हजार रुपये नगद, 07 बैंकों की पास बुक, 16 एटीएम कार्ड, तथा सिम कार्ड सहित लगभग 01 करोड़ 07 लाख रूपये की संपत्ति जब्त की है। यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविंद कुमार सक्सेना एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के पर्यवेक्षण में गठित 09 टीमों द्वारा की गई। उक्त गिरोह महिलाओं के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों से अश्लील चैट करता था, उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग कर लेता था तथा स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर दुष्कर्म एवं चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे गंभीर अपराधों में फंसाने की धमकी देकर तथाकथित डिजिटल गिरफ्तारी का भय उत्पन्न कर केस सेटलमेंट के नाम पर अवैध वसूली करता था। कार्रवाई के दौरान क्रेडिट कार्ड से अवैध निकासी, फर्जी लोन स्वीकृति एवं अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों का भी खुलासा हुआ है। गिरोह द्वारा HIIU, TOKKI, MIKA, ELOELO, GAGA, HANI, SUGO, COMMECTO, HITSU, HONEY एवं COMET जैसी ऑनलाइन एप्लीकेशनों का उपयोग कर लोगों को जाल में फंसाया जाता था। मध्यप्रदेश पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी अनजान व्यक्ति से वीडियो कॉल, अश्लील चैट या निजी जानकारी साझा न करें तथा यदि कोई स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर डिजिटल गिरफ्तारी या आपराधिक प्रकरण में फंसाने की धमकी देता है तो तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें। प्रदेश में साइबर अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# वारासिवनी-कासपुर मार्ग का उधड़ा पैंच वर्क,डामर उधड़ने से गड्ढे बने।।





रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

## सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

**वारासिवनी ,कासपुर मार्ग की जर्जर स्थिति हो गई है। जहां गढ़ों का अंबार लगा हुआ है आवागमन बमुश्किल हो गया है लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि करीब 1 वर्ष पूर्व उक्त मार्ग का सुधार कार्य किया गया था परंतु किया गया पेचवर्क इस समय उखड़ रहा था। जो वर्तमान में पूरी तरह उखड़ गया है सड़कों पर बेतहाशा गड्ढे का निर्माण डामर के उखड़ने से हो गया है। जहां लोगों को कई मर्तबा दुर्घटनाओं का भी सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर ग्रामीण सहित राहगीरों में बेहद आक्रोश व्याप्त है। जिनके द्वारा पैंच कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उनके द्वारा मार्ग में गढ्डों के पैच कार्य को गुणवत्ता पूर्वक एवं सभी गढ्डों का पैच वर्क करने के लिए मांग की जा रही है।**

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की हैं सड़क

जानकारी अनुसार नगर के एफसीआई गोदाम के सामने से मदनपुर ,कासपुर मार्ग निकलता है जो आगे विभिन्न ग्रामों तक जाता है। यह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क है इसी मार्ग के माध्यम से ग्रामीण मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय के लिए आना जाना करते हैं। वर्तमान में बालाघाट रोड़ बंद होने से इस मार्ग पर यातायात बढ़ गया है जिसमें मार्ग के छोटे बड़े विभिन्न गड्ढे हैं। इन गढ्ढो का पैच वर्क किया गया था वह उखड गया है। इसमें निकलने वाली गिट्टी सड़क पर फैल रही है वाहन स्लिप होने की भी संभावना बनी हुई है। जिस पर राहगीर और ग्रामीणों के द्वारा कार्य एजेंसी पर गुणवत्ताहीन कार्य करने का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं मार्ग के समस्त छोटे बड़े गढ्डो का व्यवस्थित रूप से मशीनरी उपकरणों के माध्यम से गुणवत्ता पूर्वक पैंच कार्य करने की मांग की जा रही है। ताकि भविष्य में होने वाली समस्या से निजात मिल सके क्योंकि यह मार्ग नगर का व्यस्ततम मार्ग है। जहां से ग्रामीण एवं नगरवासी वारासिवनी मुख्यालय और बालाघाट मुख्यालय आने जाने के लिए सफर करते हैं। इस मार्ग से मदनपुर ,आमाटोला, कासपुर ,आलेझरी ,एकोडी, भांडी ,केरा और मंगेझरी सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीण प्रतिदिन आना जाना करते हैं। जो समीप का मार्ग पड़ता है जहां से प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के छोटे बड़े वाहन अपने गंतव्य के लिए आना जाना करते हैं। यह मार्ग प्रचलन में होने से यातायात का भी दबाव बना रहता है जिस पर रात्रि के समय दुर्घटनाएं भी घटित होती है।

### मार्ग पर यातायात का बहुत ज्यादा दबाव रहता है मरम्मत होना जरूरी है-ईश्वरदयाल बिसेन

राहगीर ईश्वरदयाल बिसेन ने बताया कि यह मार्ग पर अत्यधिक गाड़ियां आती जाती रहती है। इसका पैंच वर्क भी कुछ महीना पहले हुआ था पर वह पूरा उखड़ गया है आने जाने वालों को तकलीफ हो रही है। मोटरसाइकिल स्लिप हो रही है मोटरसाइकिल नियंत्रित हो जाती है अभी सुख समय है तो ठीक है बारिश में यह गड्ढे भी समझ नहीं आते हैं। तो और ज्यादा समस्या होती है यह मार्ग सीधा मदनपुर कासपुर और गर्रा ,बालाघाट निकलता है। यातायात का बहुत ज्यादा दबाव रहता है इसकी मरम्मत होना बहुत जरूरी है पिछले 6 महीने से ऐसा ही देखने मिल रहा है।

### इस मार्ग पर हर वर्ग को हो रही है परेशानी-वीरेंद्र सांसवार

वीरेंद्र सांसवार ने बताया कि मदनपुर में हमारी 14 एकड़ खेती है तो रोज हमारा आना.जाना लगा रहता है। इस मार्ग की बहुत ज्यादा दुर्दशा हो गई है ठेकेदार या निर्माण एजेंसी कोई इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मरम्मत इसका कभी हुआ ऐसा लगा ही नहीं दो.तीन साल पहले शायद हुआ होगा तो पता नहीं। पूरे सड़क में गड्ढे हो गए हैं हर महीने यहां पर दुर्घटना होती रहती है अभी बालाघाट रोड बंद होने से यह बाईपास के रूप में उपयोग हो रहा है। यातायात बढ़ गया है रोड में सुधार करने की बहुत ज्यादा जरूरत है। हर वर्ग के लोग यहां से आना.जाना करते हैं यह हम आगे सीधे बालाघाट तक जाता है जो लोगों के लिए समीप का मार्ग है।

### नई सड़क का निर्माण कार्य करना चाहिए ताकि लोगों को सुविधा हो-नारायण गोमासे

नारायण गोमासे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से आना जाना करते हैं और ना जाने हमारे जैसे कितने लोग आते हैं। रोड़ पुरी खुद गई है जगह.जगह डामर उखड़ गया है और साइड शोल्डर भी इसके खराब हो गए हैं।2 वर्षों से इस सड़क की स्थिति बहुत ज्यादा खराब है पैंच वर्क किया गया था किंतु ढंग से नहीं किया गया जिस कारण उखड़ रहा है। पतला पतला इन्होंने लगाया था डामर वह अब गाड़ियों के आने जाने से उखड़ गया है। गड्ढे बहुत 'यादा हो जाने से हम बुजुर्ग लोग जब चलते हैं मोटरसाइकिल से तो बहुत ज्यादा झटके लगते हैं। जिससे गाड़ी एकदम धीमे चलाना पड़ता है यहां पर मरम्मत कार्य करना चाहिए या नई सड़क बनाना चाहिए ताकि लोगों को सुविधा हो। इतनी जल्दी जब यह सड़क उखड़ गई तो शायद इसकी गुणवत्ता ठीक नहीं रही होगी जो मरम्मत कार्य किया गया था।

# बालाघाट में मेसनरी (राजमिस्त्री) कौशल प्रशिक्षण का हुआ समापन

## 35 महिलाएं हुईं आत्मनिर्भर बनने के लिए तैयार




**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए Rural Self Employment Training Institute (आरसेटी), बालाघाट में मेसनरी कंक्रीट वर्क (राजमिस्त्री) का 30 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 35 महिलाओं ने भाग लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंक्रीट कार्य, ईंट जोड़ना, प्लास्टरिंग, निर्माण सामग्री का सही उपयोग सहित राजमिस्त्री कार्य से जुड़े सभी व्यावहारिक कौशल सिखाए गए। इसके साथ ही उद्यमिता विकास (Entrepreneurship Development) पर विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें स्वयं का निर्माण व्यवसाय प्रारंभ करने, वित्तीय प्रबंधन, बाजार में प्रतिस्पर्धा और स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आरसेटी डायरेक्टर श्री एस. बी. भोंडेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक अंकित लिल्हारे ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत से कन्हैया शरणागत, फैकल्टी श्रीमती अनीता चौधरी, कार्यालय सहायक शिवानी चिमोटे एवं शिवम कर्ते भी मौजूद रहे।

समारोह के दौरान सभी 35 प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को कौशल प्रमाणन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अब ये महिलाएं निर्माण क्षेत्र में कुशल कारीगर के रूप में कार्य कर सकेंगी अथवा अपना स्वयं का छोटा ठेका/निर्माण व्यवसाय प्रारंभ कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि आरसेटी बालाघाट, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित संस्थान है, जो ग्रामीण युवाओं—विशेषकर महिलाओं—को विभिन्न व्यावसायिक कौशलों के साथ उद्यमिता का प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

आरसेटी टीम ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने कौशल के माध्यम से न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि समाज में अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेंगी।

# परसवाड़ा तहसील में एसडीआरएफ द्वारा आपदा प्रबंधन जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीणा (आईएएस) के निर्देशन एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में तहसील परसवाड़ा में 21 फरवरी को आपदा प्रबंधन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत State Disaster Response Force (एसडीआरएफ) टीम द्वारा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से बचाव और सतर्कता संबंधी जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में बाढ़, भूकंप, वज्रपात, आगजनी, लू, सर्पदंश आदि आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सावधानी उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही 'सचेत' एप एवं 'दामिनी' ऐप के उपयोग और उनके माध्यम से समय पर सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

इस अवसर पर एसडीएम श्री श्रीश प्यासी की उपस्थिति में तहसीलदार, आरआई, पटवारी, सीडीवी, कोटवार, सचिव, आरएस, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम रक्षा समिति, नगर समिति, जन अभियान परिषद तथा ग्रामीण जन सहित कुल 35 सदस्य उपस्थित रहे।

एसडीआरएफ टीम प्रभारी महेश कुमार उइके (एएसआई) के नेतृत्व में एसडीआरएफ एसके-17 करन सिंह, 1206 आशीष, 1202 कमलेश, 1207 वर्षा टेकाम तथा वाहन चालक एसके-25 मुलेंद्र ने सहभागिता की और आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन भी किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं मैदानी अमले को आपदा के समय सतर्क, सुरक्षित एवं सक्षम बनाना रहा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि और नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# अंग्रेजी भाषा साहित्य की जगह अंग्रेजी संवादात्मक का आया प्रश्नपत्र।।

## आक्रोशित परीक्षार्थी पालक ने सीबीएसई के खिलाफ सड़क पर जताया आक्रोश




**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी।** नगर के वार्ड नंबर 8 चंदोरी स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में 21 फरवरी को परीक्षार्थी एवं पालको का आक्रोश देखने को मिला। जहां उनके द्वारा स्कूल प्रबंधन से सवाल जवाब किया गया तो वहीं सड़क पर चक्काजाम भी किया गया। वहीं जमकर नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया जाता रहा। मौके पर पुलिस प्रशासन ने उपस्थित होकर स्कूल प्रशासन से वार्ता कर पूरे आक्रोश को शांत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई है ,जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा केंद्र में प्रवेश पत्र के अनुसार अपने पेपर हल किया जा रहे हैं। आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी में कक्षा दसवीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के 1 वर्ष पूर्व कक्षा दसवीं की जानकारी सीबीएसई को भेज दी गई थी। विद्यालय में अंग्रेजी भाषा साहित्य विषय चला आ रहा है,परंतु उस समय तत्कालीन प्राचार्य हरिओम दुबे के द्वारा अंग्रेजी भाषा साहित्य की जगह अंग्रेजी संवादात्मक विषय का चयन कर लिया गया था। जिसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों को नही होने के कारण प्रतिवर्ष की तरह अंग्रेजी भाषा साहित्य का अध्ययन कार्य विद्यार्थियों को पूरे वर्ष करवाया गया। बोर्ड परीक्षा के तीन दिन पहले स्कूल और विद्यार्थियों के हाथ में प्रवेश पत्र प्राप्त हुआ तो उसमें अंग्रेजी भाषा साहित्य विषय की जगह अंग्रेजी संवादात्मक विषय का उल्लेख था। जिसको लेकर पालको के द्वारा स्कूल से चर्चा की गई वहीं स्कूल प्रबंधन भी आश्चर्यचकित होकर वरिष्ठ कार्यालय भोपाल और दिल्ली में चर्चा किया। परंतु अंतिम समय तक कोई सुधार नहीं हो पाया और अंततः परीक्षार्थियों को अंग्रेजी संवादात्मक विषय में परीक्षा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। जिसमें विषय का ज्ञान नही होने के कारण वह बच्चे अच्छे अंकों से पेपर हल नहीं कर पाए जिसको लेकर परिजनों और परीक्षार्थियों के द्वारा स्कूल पहुंचकर परीक्षा के उपरांत आक्रोश व्यक्त किया गया। वहीं वारासिवनी कटंगी मार्ग पर चक्काजाम भी किया गया। परंतु मौके पर एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी सहित पुलिस बल ने चक्काजाम खुलवाकर स्कूल प्रबंधन से बात की और आवश्यक कार्यवाही करने के लिए स्कूल प्रबंधन को निर्देशित किया। जिसके बाद परीक्षार्थी और पालको का आक्रोश शांत हुआ।

### पूर्व प्राचार्य हरिओम दुबे की एक गलती से यह विषय बदला है-उन्नति पटले

छात्रा उन्नति पटले ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की छात्रा हूं आइडियल स्कुल चंदोरी में पढ़ती हूँ हमें अंतिम समय तक कहा कि अंग्रेजी भाषा साहित्य का पेपर आएगा। अंग्रेजी संवादात्मक हमारा कोर्स ही नहीं था पूर्व प्राचार्य हरिओम दुबे की एक गलती की वजह से यह विषय बदला है। इसमें 20 नंबर की ग्रामर आई थी उसे हमने बनाया बाकी जो मार्क हम ले सकते थे वह नहीं मिलेंगे। इसके लिए अब हमें उल्टा जिम्मेदार बता रहे हैं स्कूल में पहले भी इंग्लिश लिटरेचर ही था कम्युनिकेशन कभी नहीं रहा। रात में डायरेक्ट से हमारी बात हुई तो उन्होंने भी कहा कि साहित्य आयेगा परंतु यहां संवादात्मक का पेपर सेंटर में हमें मिला। जो हमने पढ़ा नहीं उसका पेपर कैसे थे प्रवेश पत्र भी 3 दिन पहले मिला था जब तुलना करें और फिर स्कूल में बात करें तो बात चल रही थी हुआ कुछ नहीं। अभी स्टाफ से हमने बात करें है हम यही चाहते हैं कि वह हमारी व्यवस्था बनाएं और पुनः परीक्षा हो सके तो वह करवा दे।

### स्कुल प्रबंधन ने आश्वासान दिया है किजो लगती हुई है उसे सुधारा जायेगा-जयंत ठाकरे

पालक जयंत ठाकरे ने बताया कि मैं प्रवेश पत्र ले गया तब बच्ची ने बताई कि यह विषय उसने पढ़ा ही नहीं है। स्कूल ने भी आश्वासन दिया था की जो त्रुटि है उसे दिल्ली से सुधारी जा रही है बच्चों ने जो पढ़ा है वही पेपर उन्हें मिलेगा। हम बच्चों के साथ है वर्ष भर इन्होंने मेहनत किया है आज इस प्रकार की स्थिति बनी है तो इनके रिजल्ट पर असर पड़ेगा। इनके 10 वर्षों की मेहनत पानी में जा सकती है।

### पेपर बदल गया बच्चे और पालक सड़क पर आ गए थे जिन्हें शांत किया गया-अभिषेक चौधरी

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि थाने में सूचना मिली तो हम यहां आए पता चला कि आइडियल स्कूल चंदोरी के जो बच्चे हैं। इनका पेपर बदल गया बच्चे और पालक सड़क पर आ गए थे जिन्हें शांत किया गया है। इनका 9वीं में फार्म भरा गया जिसमें उस समय प्रिंसिपल से त्रुटि हुई बताकर स्कूल ने खुद हामी भरी है। स्कूल ने बताया है कि वह सीबीएसई को पत्र लेकर सुधार करने का प्रयास करेंगे और अपना स्टाफ भी भोपाल दिल्ली भेजेंगे। अगली बार अंग्रेजी भाषा साहित्य का पेपर इन से दिलवाएंगे मार्कशीट के साथ यह एक सर्टिफिकेट भी देंगे कि उसका रिफरेंस दे सके की स्कूल की गलती थी। जो आवश्यक कदम है यह उठाएंगे यह बात स्कूल के द्वारा कही गई है।

### बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नही होंगे दें सुधार करने का प्रयास चल रहा है-दया राउत

प्राचार्य श्रीमती दया राउत ने बताया कि अंग्रेजी का पेपर बदल कर आया है स्कूल से फॉर्म भरते समय गलती हुई थी। जानकारी मिलते ही आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई थी प्रक्रिया में समय कम था तो बदल नहीं पाया। बच्चों ने आक्रोश भी दिखाया है प्रवेश पत्र से हमें जानकारी मिली उसके बाद हमने अपनी गलती सुधारने के लिए सीबीएसई को दो बार पत्र भेजा डायरेक्टर दिल्ली और भोपाल दोनों जगह गए। किंतु सुधार नहीं हो पाया स्कूल में अंग्रेजी भाषा साहित्य पढ़ाया गया पेपर अंग्रेजी संवादात्मक का आया। हमारा सुधार करने का प्रयास चल रहा है पुलिस अधिकारियों से भी बात हुई तो हमने उन्हें अपनी गलती सुधारने वरिष्ठ कार्यालय प्रतिनिधि भेजना हमारी जिम्मेदारी होंगी।

# संजीवनी 108 की तत्परता से सावरगांव के 10 वर्षीय बालक की जान बची

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के खैरलांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सावरगांव में कक्षा 5वीं की परीक्षा देने जा रहा एक 10 वर्षीय बालक दुर्घटना का शिकार हो गया। घायल अवस्था में उसे संजीवनी आपातकालीन सेवा 108 की मदद से समय रहते उपचार उपलब्ध कराया गया, जिससे उसकी जान बच सकी।




प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को सावरगांव निवासी प्रिंस बिसेन (पिता-महेश बिसेन), उम्र 10 वर्ष, परीक्षा देने के लिए गांव के स्कूल जा रहा था। इसी दौरान वह वाहन से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही संजीवनी 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और बच्चे को प्राथमिक उपचार देते हुए जिला चिकित्सालय बालाघाट ले जाया गया।

बच्चे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे उच्च उपचार के लिए AIIMS नागपुर रेफर किया। संजीवनी 108 में पदस्थ ईएमटी डॉ. गौरी शंकर पटले ने बताया कि बच्चे की हालत गंभीर थी, इसलिए तत्काल रेफरल आवश्यक था। जिला चिकित्सालय से त्वरित समन्वय कर बच्चे को नागपुर एम्स पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

समय पर संजीवनी 108 की सेवा उपलब्ध होने से घायल बालक को जीवनरक्षक उपचार मिल सका। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग एवं संजीवनी 108 टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।


*आर्थिक आंकड़ों की बात करें तो 2024-25 में राज्यों का बकाया कर्ज कुल जीडीपी के 27 से 29 फीसद तक पहुंच चुका था। जबकि 20 फीसद तक के कर्ज को ही सुरक्षित सीमा माना जाता है। भारत के केंद्रीय बैंक, 'रिजर्व बैंक आफ इंडिया' का आकलन है कि 2026 तक अलग-अलग राज्यों का जीडीपी बरक्स कर्ज का अनुपात 17.8 फीसद से लेकर 46 फीसद तक है। कुछ राज्यों का कर्ज 30 फीसद से भी ज्यादा है। ऐसी हालत में चुनावों के वक्त राज्यों में सत्ताधारी दल जनता के लिए मुफ्त योजनाओं का खजाना खोल देते हैं। चुनाव के पहले जो मुख्यमंत्री किसी पुराने जमाने के राजा की तरह खजाना लुटाते हैं, वही चुनाव के बाद राज्य के बुनियादी कामों के लिए भी कर्ज व अनुदान के मोहताज हो जाते हैं। यही नीति आम चुनाव के समय भी हो जाती है, जब जनता के लिए केंद्रीय खजाना खोला जाता है और बाद में कर्ज ही उपाय बचता है। कई राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने वाला है। जनता को मुफ्त का माल और उसके बाद कर्ज से बेहाल राज्यों की स्थिति पर बेबाक बोल-*









**बेबाक बोल**

# माले मुफ्त दिले बेरहम...

–मुकेश भारद्वाज

अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रहेगी, तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी। मुफ्त चीजें चांटने के बजाय रोजगार के अवसर बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। आखिर भारत के लिए हम कैसी कार्य-संस्कृति चाहते है?

उपभोक्ताओं को बिजली में सबसिडी देने की बात करने वाली तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए, व अन्य राज्यों को सलाह देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की है।

कुछ समय पहले संपन्न हुआ विहार का चुनाव अब पूरी तरह गुला दिया गया है क्योंकि अन्य राज्यों में चुनाव की तारीखों का जल्द ही एलान होने वाला है। बिहार चुनाव के दौरान बजरिए विपक्ष जो शब्द पूरी दुनिया में आलोचना का विषय बना, वह था-चुनावी रिश्वत। बिहार सरकार के खाजाने के मालिक नीतिश कुमार ने चुनाव के पहले महिलाओं के खाते में दस हजार रुपए डाले। कहा गया कि इस एक कदम से चुनावी लड़ाई बहुत हद तक नीतीश कुमार ने अपने नाम कर ली।

लेकिन, विपक्ष के जिस सोमे ने नीतीश कुमार पर चुनावी रिश्वत देने का हल्ला बोला था, उसके खेमे में क्या हुआ? तमिलनाडु के चुनाव की तारीखों का एलान अभी होना है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चुनावी बढ़त लेते हुए तमिलनाडु की 1.3 करोड़ महिलाओं के खाते में पांच हजार रुपए डाल दिए। यह द्रमुक सरकार की जनकल्याणकारी योजना कलाईग्नार मगलिर उरिमाई थित्तम के तहत है। यह योजना सितंबर 2023 में शुरू हुई थी, जिसमें परिवार की महिला को मुख्यमंत्री की ओर से मासिक एक हजार रुपए की मदद दी जाती है। तमिलनाडु सरकार के मुताबिक एक हजार मासिक के अलावा मार्च और अप्रैल के लिए 2000 रुपए का अग्रिम भुगतान किया गया है। इसके अलावा 2000 रुपए का विशेष %ग्रीष्म पैकेज% है। स्टालिन का दावा है कि चुनावी मौसम में योजनाओं को रोका जा सकता है, इसलिए सरकार ने पैसे का अग्रिम भुगतान किया है।

अब शायद ही कोई ऐसा राज्य हो जो अरविंद केजरीवाल के द्वारा शुरू की गई मुफ्त योजनाओं को नहीं आजमा रहा हो। अरविंद केजरीवाल का जनकल्याण रेवड़ी थी, और बाकी दलों का ऐसा ही करना सिर्फ और सिर्फ जनकल्याण है। इसके पहले कर्नाटक में भी दिखा था कि चुनावी समय में दी गई पांच गारंटियों को पूरा करने के कारण सरकार को चजट में कई मदों में कटौती करनी पड़ी थी।

पक्ष-विपक्ष दोनों की स्थिति देख कर यही निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि भारत में गरीबी राजनीतिक इस्तेमाल की चीज बन गई है। सवाल है कि इसकी वजह क्या है? पहली वजह ती गरीबी का आंकड़ा ही है। अगर गरीबी इतनी अधिक होगी तो उसका राजनीतिक इस्तेमाल होगा ही। वहीं, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को किसी तरह का फैसला नहीं माना जा सकता है। वह सिर्फ सलाह ही दे सकता है। इन पर अमल राजनीतिक दलों को करना है, जो इस ब्रह्मास्त्र को छोड़ने के कतई इच्छुक नहीं हैं। वैसे सुप्रीम कोर्ट मुफ्त की रेवड़ियों पर ऐसी टिप्पणी पहले भी कर चुका है। लेकिन ये टिप्पणियां किसी फैसले की सूरत नहीं बन पा रही हैं। बिहार में महिलाओं के खाते में पैसे डाल ही दिए गए, ऐन मतदान के समय उसे बढ़ाने का एलान किया गया। केंद्र सरकार ने एलान किया कि 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए, लेकिन मुफ्त राशन 80 करोड़ लोगों को मिलना जारी रहा। चुनाव दर चुनाव हो रहे हैं, लेकिन मुफ्त राशन लेने वाले लोगों की संख्या कम नहीं हो रही है, गरीबों की संख्या कम होने के बावजूद।

लोकतंत्र में इस समस्या का इलाज क्या है? समाधान भी सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से लिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा-जो लोग भुगतान करने में असमर्थ हैं, उनकी मदद करना समझा जा सकता है। लेकिन अमीर और गरीच में बिना किसी अंतर के सबको सुविधा देना गलत नीति है। अब यह तो तय है कि जिसके पास भी सत्ता की कुंजी होगी, वह चुनाव के समय जनता के खातों में बहार लाएगा। यहीं पर सवाल है कि क्या गरीवी इस्तेमाल की चीज ही रहेगी या फिर इसका उन्मूलन हो सकता है? इसका सबसे बड़ा उदाहरण पड़ोसी देश चीन है। 2012 के बाद चीन ने गरीबी उन्मूलन के लिए जो अभियान चलाया वह दुनिया के लिए मिसाल बन गया। इसके लिए सबसे पहले डाटा तैयार किया गया। गरीचों का अलगाव किया गया। यानी किसी एक क्षेत्र को पूरी तरह गरीब नहीं माना गया। इसके बाद गरीची की वजहों को रेखांकित किया गया। जरूरत के हिसाब से सड़क, बिजली, इंटरनेट की सुविधाएं सुविधाए दी गई। गरीबी का कारण भौगोलिक है, कोई बीमारी, या फिर बेरोजगारी, इसकी पहचान की गई। वहां नागरिकों के लिए नौ साल की शिक्षा को अनिवार्य किया गया। गरीयों को सीधा पैसा देने के बजाय उन्हें डेगरी, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन उद्योग जैसे क्षेत्रों में काम दिए गए। अमीर तटीय राज्यों को गरीब पश्चिमी राज्यों से जोड़ा गया।

इन बुनियादी सुधारों का परिणाम यह हुआ कि चीन में 1980 के बाद 770 मिलियन ग्रामीणों को गरीबी से बाहर निकाला गया। विश्व बैंक के अनुसार यह दुनिया में गरीबी में आई कुल कमी का 70 फीसद है।

चीन का उदाहरण इसलिए दिया गया कि कुछ समय पहले चीन ने दुनिया के सामने पहली बार अपनी सामरिक शक्ति का प्रदर्शन किया था। दुनिया भर के नेताओं को आमंत्रित कर चीन ने अपना विकास दिखाया था।

आज जब दुनिया का शक्ति संतुलन पूरी तरह से बदल चुका है तब भारतीय राज्यों के चुनाव व अन्य चुनाव क्या संदेश देते हैं? एक तरफ बिना पृथक्करण किए सबको मुफ्त, बिजली, पानी या खातों में पैसे और दूसरी तरफ विश्व शक्ति बनने का आह?वान। कोई भी देश उसके राज्यों व नागरिकों से मिल कर बना होता है। चुनाव के मुद्दे ही किसी देश की असली दशा और दिशा बताते हैं।

मार्च तक अमेरिका के साथ शुल्क करार पर अंतिम मुहर लग जाएगी। जाहिर सी बात है कि अब जहां एक तरफ कृषि के क्षेत्र में प्रतियोगिता बढ़ जाएगी, वहीं कमजोर तबके को रोजगार देने वाले वीवी जी राम जी (भूतपूर्व मनरेगा) के तहत राज्यों के पास संसाधन और सीमित हो गए हैं। पूरी दुनिया की नजर भारत के बाजार पर है, और यहां की राजनीति भारत की जनसंख्या को किस और ले जा रही है? अभी वह दिन दूर नहीं था, जच यहां की राजनीति के कारण आम जनता सड़क पर चीनी झालरों और मूर्तियों का बहिष्कार कर रही थी।

आज यह हाल है कि एक अति महंगा विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में चीन के रोबोट को अपना बता कर देश की साख खराब कर देता है। पहले मुख्यमंत्री जनता को मुफ्त तोहफे देते हैं, फिर कर्ज लेकर राज्य का काम चलाते हैं। कर्ज लेकर कितने दिनों तक सत्ता का घी पी सकते हैं? कई राज्यों के चुनाव आने वाले हैं। राजनीतिक दलों से अपील है कि खुद भी काम करिए और जनता को भी काम करने दीजिए। यह देश की जनता को भी तय करना है कि क्या उसका कल्याण सिर्फ कल्याणकारी योजनाओं का लाभार्थी बने रहने में है?

**राजपाठ**

# दुविधा में कैप्टन

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह अभी भाजपा में हैं। पंजाब में अगले साल चुनाव होंगे। मुख्य मुकाबला कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच रहेगा। भाजपा और शिरोमणि अकाली दल मुख्य लड़ाई से अभी तो बाहर ही दिख रहे हैं। तभी दोनों के फिर साथ आने के कयास लगाए जा रहे हैं। अमरिंदर को उस सूरत में अपना सियासी भविष्य अधर में दिख रहा है। ऊपर से बढ़ती उम्र और खराब सेहत का संकट अलग है। कांग्रेस छोडकर भाजपा में आए थे तो सोचा होगा कि कुछ नहीं तो कम से कम राज्यपाल तो बन ही जाएंगे। पर ऐसा हो नहीं पाया। फिलहाल तो चिंता पत्नी और बेटे के सियासी पुनर्वास की ज्यादा सता रही है। अभी परिवार का कोई सदस्य किसी भी सदन का सदस्य नहीं है। वे बयान दे चुके हैं कि भाजपा में कोई उनकी बात सुनता ही नहीं सो वे भाजपा छोड़ सकते हैं। कांग्रेस के पंजाब के प्रभारी भूपेश बघेल ने तो उनके स्वागत की बात भी कह दी। पर ईडी के नोटिस ने बाधा डाल दी। नोटिस उन्हें और उनके बेटे दोनों को आया। जो विदेशी संपत्ति छिपाने की बाबत है। नोटिस मिलते ही फरमाया कि वे भाजपा छोड कर कहीं नहीं जा रहे। इस बयान के बाद नोटिस देने वाले ईडी अधिकारी का तबादला चेन्नई कर दिया गया। लेकिन यह सवाल तो अपनी जगह बना ही है कि क्या ईडी के डर से वे अपने और अपने परिवार के सियासी भविष्य को दांव पर लगा देंगे।

### घेरने में खुद ही घिर गए

भा रत-अमेरिका करार पर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार को घेरता आ रहा है। ऐसी ही घेरेबंदी शुक्रवार को भारत मंडपम में चल रहे कृत्रिम बौद्धिकता सम्मेलन में भी देखने को मिली। मगर इस मामले में अब कांग्रेस नेतृत्व खुद ही फंसा नजर आ रहा है। ऐसी जगह पर किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन का सीधा असर दुनिया में भारत की छवि पर पडता है। सामान्य समझ भी ऐसी औपचारिक जगह को राजनीतिक प्रदर्शन के लिए नहीं मानती है। इसलिए पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता खुद मान रहे हैं कि मुद्दा युवाओं का जरूर ठीक उठाया है, लेकिन उसे उठाने के लिए जगह का ठीक चयन नहीं किया गया। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो वाली टी शर्ट के साथ नारे लगाते नजर आए थे।

### नया अवतार

अरविंद केजरीवाल कहां हैं? यह सवाल दिल्ली देल्ही के राजनीतिक गलियारों में कई तरीके से पूछा जा रहा है। केजरीवाल सांसद या विधायक होते तो भाजपा नेता अब तक दिल्ली में उनके गुमशुदा होने के पोस्टर लगवा चुके होते। दिल्ली विधानसभा के चुनाव की हार के बाद केजरीवाल पंजाब में सक्रिय हो गए थे और हर जगह मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ दिखने लगे थे। फिलहाल वे परदे के पीछे चले गए हैं,




लेकिन उनकी राजनीतिक सक्रियता में कोई कमी नहीं है। उनकी चिंता अब पंजाब की सत्ता में पार्टी की वापसी को लेकर है। जहां अगले साल मार्च में विधानसभा चुनाव होंगे। इसके अलावा पार्टी के प्रभाव वाले दूसरे दो राज्यों गोवा और गुजरात पर भी उनका पूरा ध्यान है। इन दोनों राज्यों में भी अगले साल ही चुनाव होंगे। गोवा में तो पिछले दिनों उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित पालेकर को हटाया था। आतिशी को गोवा का प्रभारी बनाया है। गुजरात का जिम्मा गोपाल राय को सौंप दिया है। इन राज्यों में वे पार्टी का प्रदर्शन बेहतर करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। केजरीवाल पार्टी को मजबूत करने और नया नेतृत्व उभारने की कवायद में जुटे हैं। दिल्ली को लेकर वे बेफिक्र हैं और यहां पार्टी को सौरभ भारद्वाज के हवाले कर दिया है। दिल्ली के हलके में बात फैली है कि अपने करीबी लोगों से उन्होंने कहा है कि रेखा गुप्ता सरकार के रहते उन्हें कुछ करने की जरूरत नहीं है। दिल्ली की जनता खुद भाजपा का सफाया कर देगी।

### गठबंधन पर गलतफहमी

बहनजी ने फिर एलान किया है कि बसपा अगले साल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। बसपा को कांशीराम ने 1984 में बनाया था। तभी से बसपा उत्तर भारत के राज्यों में चुनाव लडती रही, पर खास कामयाबी नहीं मिली। उसे असली कामयाबी मिली 1993 में जब उसने सपा से गठबंधन कर चुनाव लड़ा और 425 में 67 सीटें पाई। मायावती कुल चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं और इसमें अपने बूते 2007 में सिर्फ एक बार। तब से उनकी पार्टी का ग्राफ लगातार नीचे जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि मायावती खुद किसी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके समर्थक भी मानने लगे हैं कि अकेले लड़कर वे वोट कटवा पार्टी बन जाएंगी। युवा दलितों में चंद्रशेखर आजाद की की लोकप्रियता बढ़ी है। है। दि दलितों का बिखराव हुआ है और मायावती भाजपा के दबाव में लड़ाई विपक्ष से लड़ती नजर आती हैं।

### हिमाचल भी कतार में

खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है, यह कहावत राज्यपालों पर लागू हो रही है। पहले इक्का-दुक्का राज्यपाल ही विधानसभा में अभिभाषण पढ़ने में आनाकानी करते थे। अब तो विपक्ष की सरकारों वाले राज्यों में सरकार के अभिभाषण न पढ़ना या कुछ पंक्तियां पढ़कर बाकी छोड़ देना चलन सा हो गया है। राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि होते हैं। पद भले संवैधानिक हो, पर राजनीति से परे नहीं होता। तो भी राज्यपाल कुछ पर्देदारी तो रखते थे। मर्यादा को निभाते हुए दिखना तो चाहते थे। अब ज्यादातर राज्यपालों ने नैतिकता और मर्यादा का वह चोला उतार दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सदन में अभिभाषण नहीं पढ़ा तो केरल के राज्यपाल आर्लेकर ने भी उनका अनुसरण किया। कर्नाटक के राज्यपाल गहलोत ने बीच में ही छोड़ दिया और सदन से चले गए। इस दौड़ में भला हिमाचल के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ही पीछे क्यों रहते। ध्यान रहे कि राज्यपाल को राज्य सरकार की तरफ से लिखा गया अभिभाषण ही पढ़ना पड़ता है क्योंकि वे राज्य सरकार के प्रमुख होते हैं।

संकलन - मृणाल वल्लरी

# मोह मोह के धागे

- अमिताभ स.

गर्मी की दस्तक के साथ ही लोग अपने गर्म कपड़े संभालने लगते हैं, लेकिन ऐसा भी कोई व्यक्ति होता है, जो इस मामले में थोड़ी अलग संवेदना रखता है। वह अपना आधी बाजू का एक स्वेटर अपनी कमीजों की अलमारी में ही रख देता है। वह गर्मियों में भी दिखता रहता है, तो उसे मन ही मन सुकून मिलता है। दरअसल, एक दफा उसका यह स्वेटर ढूंढ़ने से भी नहीं मिला, तो वह बेचैन हो गया था और उसने सारा घर सिर पर उठा लिया। परिवार के सारे सदस्य ढूंढ़ने में लग गए। दो दिनों बाद बमुश्किल पलंग के नीचे बने दराज से मिला। तब से उस व्यक्ति ने इसे सर्दियों के कपड़ों के साथ संभाल कर रखना छोड़ दिया। अब ऐसा लगता है कि वह अपना यह खासमखास स्वेटर कभी नहीं छोड़ पाएगा, क्योंकि स्वेटर पहनते ही उसकी मधुर यादों की एक खिड़की खुल जाती है। एहसासों की गरमाहट महसूस करते-करते सालों साल पीछे लौट जाता है। उसकी मां के जिन हाथों ने कभी यह स्वेटर बुना था, अचानक उसे सिर-माथे पर फिरते महसूस होते हैं। वह छात्र था, तो बुनते-बुनते उसकी मां उसकी पीठ पर लगा कर देखती कि नाप ठीक है न! कभी खेल रहा होता, तो आवाज लगा कर बुलाती और छाती से लगा कर स्वेटर की नाप जांच लेती।

हर किसी को अपनी पुरानी चीजों से जुड़ाव होता है। पुराना वाहन या पुरानी कलम ही क्यों न हो, उससे चलना या लिखना सहूलियत भरा लगता है। इसीलिए परीक्षार्थी अमूमन नए के बजाय पुरानी कलम लेकर ही परीक्षा के प्रश्नोत्तर लिखने में बेहतरी महसूस करते हैं। पुरानी कलम अंगुलियों पर बैठी होती है। कई छात्र मानते हैं कि पुराने घिसे कपड़े पहन कर पढ़ाई करने में एकाग्रता बढ़ती है।

जीवन सिखाता है कि साजो-सामान और तामझाम जुड़ता रहेगा और खोता रहेगा। कुछ भी सदा के लिए संग नहीं रहेगा। कभी हम त्याग देंगे, कभी वह अलविदा कह देगा। शुरुआती दौर में, हर बिछड़ना दिल तोड़ता है, लेकिन समय के साथ समझ आता है कि हर किसी का आना किसी मकसद से होता है, कुछ सिखाने, कुछ आराम देने और कुछ मजबूत बनाने के लिए। हमेशा के लिए कुछ भी नहीं ठहरता, बस एक अध्याय या दौर की तरह आता है और अपना कर्म निभा कर चला जाता है। सीख मिलती है कि साथ यहीं तक था। इस परम सत्य को दिल से स्वीकार करते ही गजब की शांति और सुकून का अनुभव




होता है।

जीवन सिखाता है कि साजो -सामान और तामझाम और खोता रहेगा । कुछ भी सदा के लिए संग नहीं रहेगा। कभी हम त्याग देंगे, कभी वह अलविदा कह देगा। हर बिछड़ना दिल तोड़ता है, लेकिन समय के साथ समझ आता है कि हर किसी का आना किसी मकसद से होता है, कुछ सिखाने, कुछ आराम देने और कुछ मजबूत बनाने के लिए।

जो मौजूदा दौर में हाथ में है, वही हाल-फिलहाल हमारा है। जो चला गया, छूट गया, नष्ट हो गया, मियाद पूरी कर गया, उसका हमारा नाता वहीं तक था। यही जीवन है-आना और जाना, मिलना और बिछुड़ना, और हर अदल-बदल पर खुद को थोड़ा समझाना, सांत्वना देना। कुदरत ने अनगिनत मिसालें पेश कर सिखाया है कि हर चीज का प्रारंभ और अंत निश्चित है। बिछुड़ने के बावजूद कुदरत ने जीवित रहने के हौसले से लैस रहने की प्रवृत्ति भी कूट-कूट कर भरी है।

सयाने लोग समझाते रहे हैं कि पूरा अस्तित्व, हर एक पल, उत्सव की तरह आनंदित करने योग्य है। इसलिए खुद को एक दौर या एक वस्तु विशेष तक सीमित या बांध कर न रखा जाए। जो व्यक्ति अपनेपन के मोह के धागे तोड़ कर स्वतंत्र भाव से जीने लगता है, वह किसी माया-बंधन में नहीं बंधता। जो होता है और हो रहा है, उसे सहर्ष गले लगा लिया जाए। अब तक जो पाया है, उसे भूल जाया जाए। अतीत को भूलने और उससे अलग होने के बाद पीछे मुड़-मुड़ कर देखना व्यर्थ है। वर्तमान में रहने की जरूरत है, क्योंकि जीवन परिवर्तन का ही नाम है। इसलिए नियंत्रित करने की कोशिश न ही की जाए। हर इंसान स्वयं में पूर्ण है। पूर्ण होने या बनने के लिए किसी और की आवश्यकता नहीं रहती। जो कुछ चाहिए, वह हरेक के भीतर ही है। इसे पहचानने वाला व्यक्ति शर्तिया समस्त बंधनों से मुक्त हो जाता है। कोई खोजा जाता है, वह अतिथि नहीं जुड़ता रहेगा है, आतिथेय है। बाहर से हासिल नहीं करना, वह तो भीतर ही समाया है। प्रभुत्व की चाह में विशाल और शक्तिशाली साम्राज्य स्थापित करने में तमाम देश और उद्योग घराने पीछे नहीं हटते। मिस्र, यूनान, ब्रिटिश समेत कई साम्राज्य और वैश्विक स्तर पर मशहूर कई कारोबारी दिग्गज दुनिया या बाजारों पर हावी रहे। फिर लापता भी हो गए। दूसरे शब्दों में, जीवन का भाव होना चाहिए कि %जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है, वह अच्छा हो रहा है। जो होगा, वह भी अच्छा होगा। तुम्हारा क्या गया, जो तुम रोते हो ? तुम क्या लाए थे, जो तुमने खो दिया? तुमने क्या पैदा किया, जो नष्ट हो गया? वास्तविकता यही है कि तुमने जो पाया, यहीं से पाया। जो दिया, यहीं पर दिया। जो आज तुम्हारा है, कल किसी और का था, कल किसी और का हो जाएगा।% सृष्टि की इस नसीहत और नियम का बखान एक पुराने फिल्मी गीत के बोल क्या खूब करते हैं- '... जो मिल गया उसी को मुकद्दर समझ लिया जो खो गया मैं उसको भुलाता चला गया / गम और खुशी में फर्क न महसूस हो जहां मैं दिल को उस मुकाम पे लाता चला गया..।'



# अमेरिका में टैरिफ उलटफेर को लेकर वैश्विक बाजार में बढ़ी अनिश्चितता

**मुंबई। एजेंसी।** अमेरिका में व्यापार नीति को लेकर बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा कुछ ट्रेडिंग पार्टनर्स पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को रद्द कर दिया। फैसले के कुछ ही घंटों बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 10 फीसदी का नया ग्लोबल टैरिफ लागू करने को मंजूरी दी। इससे वैश्विक व्यापार नीति में अनिश्चितता बढ़ गई है और निवेशकों की नजर अब अमेरिकी कदमों पर टिकी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह फैसला उन भारतीय कंपनियों के लिए राहत लेकर आया है जिनका अमेरिका में बड़ा एक्सपोजर है। अनुमान है कि बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 500 अंकों से अधिक की तेजी के साथ खुल सकता है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज के अनुसार, पहले लागू 18 फीसदी पारस्परिक टैरिफ अब प्रभावी रूप से समाप्त हो गया है। भारत के करीब 55 फीसदी निर्यात पर अब केवल 10 फीसदी टैरिफ लागू रहेगा। हालांकि, स्टील, एल्युमिनियम, ऑटोमोबाइल और सेमीकंडक्टर पर सेक्टर-विशिष्ट टैरिफ जारी रहेंगे। वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव से निवेशक सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं। इससे सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल सकती है। सोने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,880 डॉलर प्रति औंस का सपोर्ट और 5,100‑5,120 डॉलर का रेजिस्टेंस बताया गया है। घरेलू बाजार में 1,49,800 रुपए प्रति 10 ग्राम सपोर्ट और 1,61,000 रुपए रेजिस्टेंस स्तर माना जा रहा है। इन स्तरों के पार जाने पर सोना अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5,350 डॉलर और भारत में 1,75,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। चांदी के लिए घरेलू बाजार में 2,25,000 रुपए प्रति किलोग्राम सपोर्ट और 2,75,000-2,78,000 रुपए रेजिस्टेंस स्तर बताया गया है। मजबूत ब्रेकआउट की स्थिति में चांदी 3,50,000 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है। कुल मिलाकर टैरिफ को लेकर अमेरिका में हुए इस बड़े फैसले ने वैश्विक बाजारों में नई अनिश्चितता पैदा कर दी है। अब निवेशकों की नजर सोमवार को बाजार की शुरुआत और कमोडिटी कीमतों की चाल पर रहेगी।

# यूपीआई साइन-अप होगा आसान, अमेरिका से निर्यातकों को बड़ी राहत

## एनपीसीआई डिवाइस बाइंडिंग प्रक्रिया करेगा अपग्रेड

**नई दिल्ली। एजेंसी।** नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआई) यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) पर ग्राहकों के साइन-अप के तरीके में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। इसके लिए दूरसंचार कंपनियों, तकनीकी सेवा प्रदाताओं और भुगतान इकोसिस्टम के साथ बातचीत जारी है। प्रस्तावित बदलाव के तहत यूपीआई की 'डिवाइस बाइंडिंग' प्रक्रिया को अपग्रेड किया जाएगा, जिससे उपयोगकर्ताओं को साइन-अप के दौरान सिम-आधारित एन्क्रिप्टेड एसएमएस भेजने की आवश्यकता कम या पूरी तरह समाप्त हो सकती है। मौजूदा व्यवस्था में मोबाइल नंबर सत्यापन के लिए एसएमएस अनिवार्य है, जिससे कभी-कभी देरी या तकनीकी दिक्कतें आती हैं। नई प्रणाली में टोकन-आधारित या दूरसंचार नेटवर्क आधारित सत्यापन विकल्पों पर विचार हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस बदलाव को पूरी तरह लागू करने में 12 से 18 महीने लग सकते हैं। लक्ष्य है कि प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, तेज और उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग 'अदृश्य' हो जाए। दूसरी ओर, अमेरिका की शीर्ष अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रेम्प द्वारा लगाए गए कई 'रिसिप्रोकल टैरिफ' को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है। इस फैसले से अमेरिका को निर्यात होने वाले भारत के लगभग 55 फीसदी सामान पर लगने वाला 18 फीसदी अतिरिक्त शुल्क हट सकता है। अब इन उत्पादों पर केवल सामान्य एमएफएन टैरिफ, जो औसतन 2.8 से 3.3 फीसदी के बीच है, लागू होगा। हालांकि स्टील, एल्युमिनियम और कुछ ऑटो पार्ट्स पर राष्ट्रीय सुरक्षा प्रावधानों के तहत लगाए गए टैरिफ जारी रहेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत होगी और व्यापार वार्ताओं में भारत को बढ़त मिल सकती है।

# केंद्र सरकार लाएगी नए आयकर नियम, क्रेडिट कार्ड खर्च पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली। एजेंसी।** केंद्र सरकार 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स नियम तैयार कर रही है। ये नियम 1962 के पुराने कानून की जगह लेंगे और डिजिटल ट्रांजैक्शन में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ टैक्स चोरी पर कड़ी नजर रखेंगे। यदि कोई व्यक्ति सालाना 10 लाख रुपए या उससे अधिक का क्रेडिट कार्ड या डिजिटल भुगतान करता है, तो बैंक इसकी जानकारी सीधे आयकर विभाग को देंगे। 1 लाख रुपए या उससे अधिक का नकद भुगतान भी निगरानी में रहेगा। अब क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट का उपयोग एड्रेस प्रूफ के रूप में किया जा सकेगा। इसके अलावा, भविष्य में टैक्स भुगतान सीधे क्रेडिट कार्ड से किया जा सकेगा, हालांकि बैंक प्रोसेसिंग शुल्क लागू होंगे। कंपनी कार्ड से व्यक्तिगत खर्च पर टैक्स लगेगा, जबकि व्यवसायिक खर्च जैसे मीटिंग और ट्रिप पर टैक्स मुक्त रहेगा, बशर्ते कंपनी का पूरा रिकॉर्ड हो। क्रेडिट कार्ड के लिए अब पेन कार्ड अनिवार्य होगा। बिना पेन के आवेदन स्वीकार नहीं होंगे, जिससे बड़े ट्रांजैक्शन को टैक्स प्रोफाइल से जोड़ना आसान होगा। नए नियम टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और डिजिटल खर्च को सही तरीके से रिपोर्ट करने में मदद करेंगे।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ रद्द किया, भारत को राहत

**नई दिल्ली। एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए 'रेसिप्रोकल टैरिफ' को रद्द कर दिया है। यह फैसला भारतीय निर्यातकों के लिए राहत की खबर है, हालांकि सभी समस्याएं खत्म नहीं हुई हैं। भारत से अमेरिका जाने वाले अधिकांश सामानों पर लगे 18 फीसदी टैक्स अब समाप्त हो जाएंगे। अब यह वापस पुराने स्तर, लगभग 3 फीसदी, पर आ जाएगा। इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिका के बाजार में अपने उत्पादों की कीमत प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी।

# सेंसेक्स और निफ्टी ने उतार-चढ़ाव भरे सप्ताह के बाद मामूली बढ़त दर्ज की

## ब्लू-चिप और बैंकिंग शेयरों में निवेशकों की चुनिंदा खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया

**मुंबई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार ने 20 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में मिश्रित रुझान दिखाया, लेकिन सप्ताह के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी ने मामूली बढ़त के साथ बंद किया। सप्ताह के दौरान वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेत, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ा दी। हालांकि, ब्लू-चिप और बैंकिंग शेयरों में निवेशकों की चुनिंदा खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया और हफ्ते के आखिरी दिन मामूली सुधार देखने को मिला।




सप्ताह की शुरुआत सोमवार को कमजोर रही। सेंसेक्स 82,276.95 अंक पर खुला और शुरुआती गिरावट के बाद 537.49 अंक की तेजी के साथ 83,164.25 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 25,372.70 से 25,660 तक बढ़ा। मंगलवार को भी शुरुआती कारोबार में गिरावट देखी गई, लेकिन इंफोसिस और आईटीसी जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को 173.81 अंक और निफ्टी को 42.65 अंक ऊपर लाकर बाजार को स्थिर किया। बुधवार को बाजार में मामूली बढ़त रही। सेंसेक्स 283.29 अंक बढ़कर 83,734.25 और निफ्टी 93.95 अंक की बढ़त के साथ 25,819.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को स्थिति बदल गई। सेवा और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में बिकवाली के दबाव ने सेंसेक्स को 1,236.11 अंक गिराकर 82,498.14 और निफ्टी को 365 अंक घटाकर 25,454.35 पर ला दिया, जो सप्ताह का सबसे नकारात्मक दिन था। शुक्रवार को बाजार ने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए बैंकिंग और पूंजीगत वस्तुओं में खरीदारी से सुधार दिखाया। सेंसेक्स 316.57 अंक बढ़कर 82,814.71 और निफ्टी 116.90 अंक की बढ़त के साथ 25,571.25 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंत में, सेंसेक्स ने लगभग 538 अंक और निफ्टी ने 199 अंक की मामूली बढ़त दर्ज की। इस सप्ताह की गतिविधियों ने यह स्पष्ट किया कि भारतीय निवेशक वैश्विक अनिश्चितताओं और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भी सतर्क रहते हुए चुनिंदा खरीदारी कर बाजार को स्थिर बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

# रक्षा मंत्रालय ने अग्निपथ योजना में किया पहला बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली। एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय ने चार साल के अंतराल के बाद अग्निपथ योजना में पहला बदलाव किया है। योजना के तहत थल सेना, नौसेना और वायुसेना में भर्ती होने वाले अग्निवीरों की उपरी आयु सीमा अब 22 साल कर दी गई है। इससे पहले यह सीमा 21 साल थी। निचली आयु सीमा 17.5 साल पहले की तरह ही बनी रहेगी। मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि इस बदलाव से अधिक युवा इस योजना में शामिल होने का अवसर पाएंगे। अग्निपथ योजना के तहत हर साल थल सेना, नौसेना और वायुसेना में करीब 50-55 हजार अग्निवीर भर्ती किए जाते हैं। यह भर्ती तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों श्रेणियों में होती है। तकनीकी क्षेत्रों में अधिक पेशेवर जवानों की जरूरत के कारण इस बदलाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, मुख्य कारण अधिक तकनीकी पेशेवरों को शामिल करना है। 12वीं पास करने वाले युवाओं की उम्र का निर्धारण एक जुलाई को होता है। ऐसे में जुलाई के बाद जन्म लेने वाला युवा 18 साल की उम्र में पहली बार आवेदन कर सकता है। इसके बाद यदि कोई तकनीकी डिप्लोमा करता है, तो उसकी उम्र सीमा 21 साल तक पहुंच जाती है, जिससे कई योग्य उम्मीदवार पहले आवेदन के योग्य नहीं होते थे। तकनीकी पेशेवरों की भर्ती से सेनाओं को कम समय में प्रशिक्षित किया जा सकता है। विशेष रूप से वायुसेना, नौसेना और थल सेना की कई शाखाओं में तकनीकी योग्य जवानों की आवश्यकता अधिक है। यही वजह है कि मंत्रालय ने उम्र सीमा में एक साल की बढ़ोतरी का फैसला लिया।

रक्षा मंत्रालय MINISTRY OF DEFENCE सत्यमेव जयते

# एआई इम्पैक्ट समिट में नई दिल्ली घोषणा पत्र को व्यापक समर्थन

**नई दिल्ली। एजेंसी।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में नई दिल्ली घोषणा पत्र को लेकर व्यापक अंतरराष्ट्रीय सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि एआई के विकास से जुड़े लगभग सभी प्रमुख देशों ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं और समिट के समापन तक 80 से अधिक देशों के समर्थन की उम्मीद है। सरकार का प्रयास है कि अधिकतम देश इस घोषणा पत्र से जुड़ें। घोषणापत्र का विस्तृत ब्योरा समापन दिवस पर जारी किया जाएगा। वर्ष 2023 में ब्रिटेन के ब्लेटली पार्क में आयोजित पहले वैश्विक एआई समिट में अमेरिका, चीन और भारत सहित कई देशों ने फ्रंटियर एआई मॉडलों से जुड़े जोखिमों के सामूहिक प्रबंधन पर सहमति जताई थी। इसके बाद सियोल और पेरिस में हुए समिट में एआई सुरक्षा, नवाचार और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 फरवरी से शुरू हुआ इंडिया एआई समिट एक दिन बढ़ाकर 21 फरवरी तक आयोजित किया गया। पांच दिनों के दौरान 5 लाख से अधिक दर्शकों की भागीदारी दर्ज की गई। मंत्री के अनुसार, एआई बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक निवेश के वादे किए गए, जबकि वेंचर कैपिटल उद्यमियों ने करीब 20 अरब डॉलर निवेश का संकल्प जताया। सरकार एआई मिशन के दूसरे चरण पर काम शुरू करेगी, जिसके तहत 20 लाख लोगों को एआई उपयोग के लिए प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में एआई को शामिल करने पर उद्योग और राज्य सरकारों से चर्चा जारी है।







**मेष**- मेष राशि के लिए आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने भीतर एक नई प्रेरणा महसूस करेंगे, जिसका असर आपके कामकाज और व्यापार दोनों पर दिखाई देगा। कारोबार पहले से बेहतर गति पकड़ेगा और आप अपने अधूरे काम समय पर पूरे करने के लिए पूरी लगन से जुटे रहेंगे। यदि किसी नई पार्टनरशिप के बारे में सोच रहे हैं तो जल्दबाजी न करें और हर पहलू को ध्यान से समझें।

**वृषभ**- वृषभ राशि के लिए आज का दिन मानसिक रूप से थोड़ा भारी रह सकता है। किसी काम को लेकर मन में दुविधा बनी रहेगी और बिना वजह का डर भी परेशान कर सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप धैर्य बनाए रखें और किसी की कही-सुनी बातों पर तुरंत विश्वास न करें। बोलते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि आपकी एक बात माहौल बदल सकती है।

**मिथुन**- मिथुन राशि के लिए आज का दिन आर्थिक रूप से लाभदायक साबित हो सकता है। आय बढ़ाने के अवसर मिलेंगे और आप अपने भविष्य की योजनाओं को लेकर ज्यादा आश्वस्त महसूस करेंगे। ससुराल पक्ष के किसी सदस्य से मुलाकात होने से रिश्तों में गर्माहट आएगी। पारिवारिक मामलों को घर की चारदीवारी में ही सुलझाना बेहतर रहेगा, क्योंकि छोटी बात बाहर जाने पर बड़ी बन सकती है।

**कर्क**- कर्क राशि के लिए आज का दिन सकारात्मक सहयोग और प्रगति का संकेत दे रहा है। शासन या वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलने से आपके कामों में तेजी आएगी और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयास सफल होंगे। कोई पुराना मित्र अचानक मिल सकता है, जिससे पुरानी यादें ताज़ा होंगी। संतान से किया गया कोई वादा पूरा करना आपके लिए जरूरी रहेगा।

**सिंह**- सिंह राशि के लिए आज भाग्य का साथ मिलेगा और रुके हुए काम धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगेंगे। यदि किसी काम में अड़चनें आ रही थीं तो अब रास्ता साफ होता नजर आएगा। बेहतर होगा कि आप अपने काम से काम रखें और बेवजह की चर्चाओं से दूरी बनाकर रखें। किसी दूर रहने वाले रिश्तेदार से थोड़ी निराशाजनक खबर मिल सकती है, जिससे मन थोड़ा उदास रहेगा। आसपास के लोगों को पहचानकर चलना जरूरी है, क्योंकि कुछ लोग आपकी प्रगति से ईर्ष्या कर सकते हैं।

**कन्या**- कन्या राशि के लिए आज का दिन संतुलन और सावधानी का संदेश लेकर आया है। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा और वाहन चलाते समय भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी, क्योंकि छोटी लापरवाही परेशानी दे सकती है। किसी पुराने लेन-देन से छुटकारा मिलने से मन हल्का होगा।

**तुला**- तुला राशि के लिए आज का दिन सामान्य लेकिन सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग और साथ आपको भावनात्मक मजबूती देगा और रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरने की कोशिश करेगी, जिससे गर्व महसूस होगा। आप छोटे बच्चों के लिए कुछ खास लाने का मन बनाएंगे।

**वृश्चिक**- वृश्चिक राशि के लिए आज का दिन मिश्रित लेकिन प्रगति का संकेत देने वाला रहेगा। आप अपने विरोधियों पर बढ़त बनाने में सफल होंगे और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई सकारात्मक खबर मिल सकती है। अपने कामों में सुधार करने की कोशिश आपको आगे बढ़ाएगी। बिजनेस से जुड़ा कोई काम आपको यात्रा पर ले जा सकता है। गुस्से पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि यही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी।

**धनु**- धनु राशि के लिए आज व्यापार और कामकाज के लिहाज से अच्छा दिन रहेगा। यदि आप किसी स्वास्थ्य समस्या से परेशान थे तो उसमें सुधार के संकेत हैं। हालांकि धन उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा। कार्यस्थल पर अपनी बात स्पष्ट रूप से रखना जरूरी है, वरना गलतफहमी हो सकती है।

**मकर**- मकर राशि के लिए आज स्वास्थ्य के लिहाज से राहत भरा दिन रहेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए सौभाग्य लेकर आएगा और कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। जरूरी कामों को टालने से बचें और पूरी जिम्मेदारी के साथ उन्हें पूरा करें। संतान के मन में चल रही उलझनों को समझने की कोशिश करें, इससे रिश्ते और मजबूत होंगे। यदि आपने किसी से कर्ज लिया था तो उसे चुकाने में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**- कुंभ राशि के लिए आज का दिन प्रगति और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आप अपने लक्ष्य के करीब पहुंचेंगे। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी, जिससे आप बड़े फैसले लेने में सक्षम महसूस करेंगे। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने से खुशी मिलेगी। यदि किसी काम में साझेदारी करने की सोच रहे हैं तो कागजी प्रक्रिया पूरी सावधानी से करें, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो।

**मीन**- मीन राशि के लिए आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। निवेश करते समय समझदारी दिखाएंगे तो अच्छा लाभ मिल सकता है। व्यापार में सफलता के संकेत हैं और रुका हुआ धन वापस मिलने से राहत महसूस होगी। प्रेम जीवन में नई खुशियां आ सकती हैं और साथी का साथ आपको भावनात्मक संतुलन देगा। आपकी मधुर वाणी लोगों को प्रभावित करेगी, हालांकि कुछ विरोधी भी सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी होगा।

## शब्दजाल - 8178

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'राज' लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | रा | म | रा | ज | र | प | म |
| न | द | क | म | व | डो | ने | ग | ति | मा | हा |
| अ | रा | र | ला | ण | ग | अं | द | ह | प | रा |
| जी | ज | ल | का | रा | न | स | ध | ह | लि | ज |
| त | अ | अ | र | ज | जा | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | धि | त | ह | र | वि |
| ए | स्व | रा | ज | व | अ | ला | रा | मा | न | रा |
| त | न | भा | र | प | र्व | त | रा | ज | वि | ज |
| रा | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| ज | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | मे | घ | रा | ज | स | त्ता | प | र | र |

### शब्दजाल - 8177 का हल

रामराज, रावणराज, मेघराज, राजाधिराज, एतराज, पर्वतराज, महाराज, विराज, दराज, स्वराज

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | मू | ल्य | वा | न | ग | ल | य |
| रा | वि | प | प्रे | क | ब्या | स | द | ज | कां | भा |
| चु | मे | ष | ह | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | ग्य |
| इं | को | ब | न | ल | वा | स | थु | ल | ष | वा |
| डि | च | मी | भ | ग | वा | न | क्रो | न | भ | न |
| य | वा | न | र | रा | क | न | ती | ण | य | र |
| द | न | निं | ग | ट्रे | न | र | स | सौ | श | स |
| क | ह | ऊ | द | द | ब | क | फ | ग | वा | क |
| रा | म | तु | ला | या | म | प | क | वा | न | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | वा | कुं | भ | न | प | द |
| ज्ञा | न | वा | न | या | क | न | व्य | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7122

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-२,४,१,३
२. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-२
३. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
४. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-३
५. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२
६. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-३
९. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-३
१२. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी?-३
१९. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२२. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गाँव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-४
३. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-२,१,२
६. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
७. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-२
८. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-२
९. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-४
१०. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-३
११. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-४
१३. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-२
१६. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-४
२०. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-३
२३. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-२,२
२५. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 7121

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**22 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2026 वर्ष का 53 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 11.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 17.55 बजे को समाप्त।
**योग** शुक्ल(शुक्र) 13.09 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 11.10 बजे तदनन्तर कौलव 22.11 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 4.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 10° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872628
**जूलियन दिन** 2461093.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 04
**विशेष** स्कन्द षष्ठी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.35 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 09.05 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.45 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.43 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.57 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 17.13 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.25 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.50 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 02.06 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मकर | 04.11 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.58 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः परोपकार का रासता

बहुत पुरानी बात है। फिलाडेल्फिया में फ्रेंकलिन नामक एक गरीब युवक रहता था। उसके मोहल्ले में हमेशा अंधेरा रहता था। वह रोज यह देखता था कि अंधेरे में आने-जाने में लोगों को बहुत दिक्कत होती है। एक दिन उसने अपने घर के सामने एक बांस गाड़ दिया और शाम को उस पर एक लालटेन जला कर टांग दिया। लालटेन से उसके घर के सामने उजाला हो गया। लेकिन मोहल्ले के लोगों ने इसके लिए उसका मजाक उड़ाया। एक व्यक्ति बोला, 'फ्रेंकलिन, तुम्हारे एक लालटेन जला देने से कुछ नहीं होगा। पूरे मोहल्ले में तो अंधेरा ही रहेगा।' उसके घर वालों ने भी उसके इस कदम का विरोध किया और कहा, ' तुम्हारे इस काम से फालतू में पैसा खर्च होगा।' फ्रेंकलिन ने कहा, 'मानता हूं कि एक लालटेन जलाने से ज्यादा लोगों को फायदा नहीं होगा मगर कुछ लोगों को तो इसका लाभ मिलेगा ही।' कुछ ही दिनों में इसकी चर्चा शुरू हो गई और फ्रेंकलिन के प्रयास की सराहना भी होने लगी। उसकी देखादेखी कुछ और लोग भी अपने-अपने घरों के सामने लालटेन जला कर टांगने लगे। एक दिन पूरे मोहल्ले में उजाला हो गया। यह बात शहर भर में फैल गई और म्युनिसिपल कमेटी पर चारों तरफ से यह दबाव पड़ने लगा कि वह उस मोहल्ले में रोशनी का इंतजाम अपने हाथ में ले। कमेटी ने ऐसा ही किया। इस तरह फ्रेंकलिन की शोहरत चारों तरफ फैल गई। एक दिन म्युनिसिपल कमेटी ने फ्रेंकलिन का सम्मान किया। इस मौके पर जब उससे पूछा गया कि उसके मन में यह खयाल कैसे आया, तो फ्रेंकलिन ने कहा, ' मेरे घर के सामने रोज कई लोग अंधेरे में ठोकर खाकर गिरते थे। मैंने सोचा कि मैं ज्यादा तो नहीं लेकिन अपने घर के सामने थोड़ा तो उजाला कर ही सकता हूं। हर अच्छे काम के लिए पहल किसी एक को ही करना पड़ती है। अगर हर कोई दूसरे के भरोसे बैठा रहे तो कभी अच्छे काम की शुरुआत होगी ही नहीं।'

## सूडोकु नवताल- 7431

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7430 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 8646

**बाएँ से दाएँ**

1. आकाश,व्योम-2
2. नाजुक,मुलायम-3
4. हार,पराजय-2
6. संध्या,सांझ,गोधूलि-2
7. जोर,बल-2
9. सोना,धतूरा-3
12. नाप-जोख करना-3
14. सिक्कों की आवाज-3
16. रहस्यज्ञाता-4
17. तालाब,ताल,तलैया-4
18. नियंत्रण,घोड़े की रास-3
20. गिरवी वस्तु-3
22. सैनिक कार्रवाई-3
24. चिट्ठी,पत्र-2
26. बर्तन-2
27. सुर,क्रम-2
28. वाचन करने वाला-3
29. पितामह-2

**ऊपर से नीचे**

1. लवण-3
2. भीगा हुआ-2
3. खुमार,नशा-2
5. सर्दी में हाथ सेंकना-3
6. भाजी,सब्जी,तरकारी-2
8. इंकार,मनाही-2
10. मस्जिद,नमाज पढ़ने की जगह-5
11. आम जनता-2
13. लालन-पालन-5
14. इमाम दस्ता -3
15. वचन,प्रतिज्ञा-3
19. रुखसार,कपोल-2
20. पासे फेंक कर भविष्य जानना-3
21. नाखून-2
22. सखा,दोस्त-2
23. निजात,छुटकारा-3
25. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
26. पवित्र-2

### शब्द पहेली -8645 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हा | का | ल | ■ | च | र | क | ■ |
| त | र | ■ | ह | ■ | कि | ■ | ला | क |
| वा | ■ | ह | जा | म | त | ■ | ■ | सू |
| ला | य | क | ■ | द | ■ | ना | सू | र |
| ■ | ■ | ला | वा | ■ | ब | जु | ■ | ■ |
| ना | प | ना | ■ | आ | ■ | क | या | स |
| ष | ■ | ■ | म | हा | न | ता | ■ | र |
| क | क्षा | ■ | जा | ■ | र | ■ | सी | ता |
| ■ | ल | ल | क | ■ | म | हा | रा | ज |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# लांजी अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न, चितरंजन दास मचिया अध्यक्ष निर्वाचित

**रिपोर्टर।**
**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

**अधिवक्ता संघ लांजी का पहली बार निर्वाचन संपन्न हुआ जहां कड़े मुकाबले में अध्यक्ष पद पर चितरंजन दास मचिया एवं सचिव पद पर अरूण ताण्डेकर निर्वाचित हुये साथ ही अन्य पदो पर भी निर्वाचन देखने को मिले है। बतादे कि यह पहला मौका था जब लांजी में बार एसोसिएशन गठन होने के बाद निर्वाचन कार्य प्रणाली संपन्न हुई। बार एसोसिऐशन वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी के लिये शनिवार 20 फरवरी को निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा संपूर्ण पारदर्शिता के साथ शांति पूर्ण ढंग से चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। निर्वाचन स्थल व्यवहार न्यायालय के समीप अधिवक्त बैठक कक्ष में आयोजित किया गया जहां पुलिस प्रशासन के द्वारा भी चाक चौबंद व्यवस्थाऐ आवश्यक रूप से कि गई थी। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कूल 36 पंजीकृत अधिवक्ता मतदाताओं में से 33 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। सुबह 1 बजे से शाम 3-30 बजे तक चले मतदान में कूल 33 मत डाले गए।अध्यक्ष और सचिव पदों के लिए कड़ा मकाबला था। मतदान केंद्र पर सूबह से ही अधिवक्ताओं और उनके समर्थकों क सक्रियता देखी गई, जिससे माहौल में गहमागहमी बनी रही चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए**



**लांजी थाना प्रभारी के द्वारा पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था।**

### इन्होने संपन्न कराया निर्वाचन

अधिवक्त संघ लांजी निर्वाचन में चुनाव प्रभारी एजाज डी खान, सह-चुनाव अधिकारी शाहबाज़ कादरी, दिनेश कलपुरिया, बालाघाट से पर्यवेक्षक वाय आर बिसेन, वारासिवनी से अपीलीय अधिकारी शाहिद मियाँ खान, बसंत शुक्ला के दल के द्वारा चुनाव संपन्न कराया वही जानकारी से अवगत कराते हुए चुनाव प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता एजाज डी खान ने बताया कि मतगणना शाम 4 बजे शूरू हई। अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता सी एच मचिया को 20 मत, अधिवक्ता रमन झा 12 मत, अधिवक्ता बबीता पशीने को 1 मत मिले, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए जय प्रकाश खनोरकर निर्विरोध चुने गय, इसी प्रकार सचिव पद के लिए अधिवक्ता अरुण टांडेकर को 20 मत, जितेंद्र रहांगडाले को 13 मत प्राप्त हुये इस प्रकार सचिव पद के लिए अरुण टांडेकर 10 मत से विजयी हुए। सह सचिव पद के लिए दो पद थे जिसमें श्रीमती शशि प्रभा श्रीवास्तव को 28 मत, लोकेश बिहोने 17 मत, नरेंद्र नाकतोड़े 14 मत प्राप्त हुए जिसमें श्रीमती शशि प्रभा श्रीवास्तव एवं लोकेश बिहोने विजय हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिये कृष्णकुमार खोबरागडे निर्विरोध चुने गए। ग्रंथपाल पद से अनमोल तिडके निर्विरोध चुने गए। वही कार्यकारिणी सदस्य पद में नीलकंठ भटेरे, रविश कुमार तिडके, व्यंकट सोनवाने, आशीष नेवारे, रोशनी बसेने, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्विरोध चुने गए।परिणाम घोषित होते ही न्यायालय परिसर में समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस गहमागहमी और उत्साह के बीच बार एसोसिएशन को अपनी नई कार्यकारिणी मिल गई। अधिवक्ताओं में नए कार्यकाल को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लांजी थाना प्रभारी दीप सिंह परमार के द्वारा पुलिस बल मौके पर मौजूद किया गया।

### युवा नेतृत्व पर बढ़ी उम्मीदें

इस चुनाव में अनुभवी नेतृत्व का संतुलन प्रमुख रहा। अध्यक्ष पद पर चितरंजन दास मचिया की जीत के बाद अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया। माना जाता है कि चितरंजन दास मचिया एक अनुभवी अधिवक्ता है जो इसके पूर्व में भी अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं।अधिवक्ताओं का मानना है कि नई टीम आधुनिक सोच और अनुभव के समन्वय के साथ संघ की कार्यप्रणाली में सुधार लायेगी। , अधिवक्ता हितों की सुरक्षा और पेशेवर सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कदम उठा सकती है। बार एसोसिऐशन में अनुभवी एवं युवा अधिवक्ताओं का साथ एक महत्वपूर्ण टीम का गठन है जो कि अधिवक्ता के हितों के लिये लाभकारी साबित होगी।

### नई कार्यकारिणी के सामने चुनौतियां

नई कार्यकारिणी के सामने अधिवक्ताओं की सुविधाओं का विस्तार, पुस्तकालय संसाधनों का आधुनिकीकरण, कोष एकत्रित करना, युवा वकीलों के प्रशिक्षण और बार-बेंच समन्वय को मजबूत करना प्रमुख चुनौतियां मानी जा रही हैं। अधिवक्ताओं को उम्मीद है कि नई टीम संवाद और पारदर्शिता को प्राथमिकता देगी तथा अधिवक्ताओं के संपूर्ण हित में कार्य करेगी।

# बालाघाट में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, 15 दालों के नमूने जांच के लिए भेजे गए

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावटी एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित



व विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में 21 फरवरी को बालाघाट शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई।

जांच अभियान के दौरान मोहन स्टोर से पापड़ एवं नारियल तेल, सोहन ट्रेडर्स से तुवर दाल एवं चना, रामा ट्रेडर्स से गुलाब जामुन मिक्स एवं मेंगो पिकल, कनक ट्रेडिंग से शक्कर एवं तुवर दाल, पल्सेस हाउस से बटाना दाल एवं तुवर दाल, श्रीराम ट्रेडर्स से उड़द दाल, खड़ी मूंग एवं चना दाल तथा महालक्ष्मी ट्रेडर्स, सुभाष चौक से मूंग दाल एवं तुवर दाल के नमूने लिए गए।

सभी नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। बताया गया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन, भोपाल के कमिश्नर के निर्देशानुसार विशेष अभियान (स्पेशल ड्राइव) के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की दालों के नमूने लिए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत पल्सेस (दालों) के कुल 15 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच रिपोर्ट में गुणवत्ता में कमी अथवा खाद्य पदार्थ अमानक पाए जाते हैं, तो संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी योगेश डोंगरे, वाजीद मोहिब एवं गीता तांडेकर उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत नेवरवाही एवं नंदोरा में बाल विवाह की प्रथा को खत्म करने चलाया जन जागरूकता अभियान

## बाल विवाह मुक्त भारत की ली शपथ

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** कलेक्टर मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बालाघाट श्रीमती दीपमाला सोलंकी व मिशन शक्ति के डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के मिशन समन्वयक रचना चौधरी के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में गायत्री स्वामी केस वर्कर वन स्टाफ सेंटर बालाघाट, खुशबू महिला मंडल लांजी की अध्यक्ष हाफिजा मिर्जा के नेतृत्व में मिशन शक्ति अन्तर्गत संकल्प हब फोर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन में बाल विवाह के विरुद्ध जन-जागरुकता बाल विवाह मुक्त भारत हेतु 100 दिवसीय अभियान (27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक) किया जाना है। जिसके अतंर्गत तीसरे फेज में 01 फरवरी 2026 से 08 मार्च 2026 तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में 21 फरवरी 2026 को ग्राम पंचायत नेवरवाही व नंदोरा में कार्यक्रम आयोजित कर जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।






समुदाय स्तर पर जुड़ाव और ओनरशिप को मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायतो और म्युन्सिपल वार्ड में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बच्चो का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम (2012), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, बाल विवाह से रोकथाम हेतु आपातकालीन नंबर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत नेवरवाही में आयोजित कार्यशाला में सरपंच नेवरवाही झामेन्द्र टिकेश्वर, तेजेश्वरी खरखाटे, महेश्वरी मानेश्वर, गेंदसिंह रहांगडाले, हेमराज चौधरी, करूणा वाहने, निर्मला चचाने, निरसीला सत्कार, संतोषी टिकेश्वर, रूहीना शेख आदि उपस्थित रहे। इसी तरह ग्राम पंचायत नंदोरा में आयोजित कार्यशाला में सरपंच नंदोरा नीलम बेदरे, धीरज वाहने, प्रेमलता बेदरे, प्रभा रावते, मीना मन्द्रेले, ललीता, प्रमिला, सलिता आदि उपस्थित रहे।

# एकता कप रात्रि कालीन टेनिस बॉल प्रतियोगिता सीजन 3 का हुआ भव्य शुभारंभ

## 25 फरवरी को खेला जाएगा फाइनल मुकाबला






**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में 20 फरवरी से न्यू चैंपियंस क्रिकेट क्लब लांजी के तत्वावधान में एकता कप रात्रि कालीन टेनिस बॉल प्रतियोगिता सीजन 3 का भव्य शुभारंभ आंमत्रित अतिथियों एवं फ्रेंचाईसी टीमो के प्रतिनिधियों की उपस्थित में शाम 7 बजे से किया गया। विशेष रूप से वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, जिससे पूरा स्टेडियम जगमगा उठा है और अपने आप आकर्षण का केंद्र बन गया है। शाम होते ही रोशनी से नहाया मैदान किसी बड़े खेल महोत्सव का दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगिता को लेकर चर्चाएं तेज हैं और खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले, थाना प्रभारी दीप सिंह परमार एवं क्लब अध्यक्ष विशाल दुग्गड द्वारा फीता काटकर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, महेंद्र गुड्डू करहि, ताराचंद कालबेले, साजिद शालू अली, विशाल तिडके, सचिन अग्रवाल, सुलभ किरणापूरे, रूप बिसेन, अजीम बन्देलीं, नितिन बड़घइया, गौरव बेस, राकेश रामटेक्कर, शरद सोनवाने, शरद आसटकर, नवीन रामटेक्कर एवं देवेश एडे सहित अन्य आमंत्रित अतिथियों के हस्ते किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर नक्सल ऑपरेशन में शहीद हुए स्वर्गीय आशीष शर्मा को क्लब की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। साथ ही लांजी के युवा खिलाड़ी स्वर्गीय मिथलेश दुरूगकर को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान वातावरण भावुक हो उठा और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। प्रतियोगिता में ऑल इंडिया स्तर पर विभिन्न जिलों से कुल 12 टीमें भाग लेंगी। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाली टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। इस सीजन में 24 आइकन खिलाडियों को शामिल किया जाएगा, जो प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण होंगे। साथ ही कुछ चर्चित खिलाडियों के आगमन की संभावना भी व्यक्त की जा रही है।

### प्रतियोगिता में आकर्षक उपहार-

क्लब ने बताया कि प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला 25 फरवरी को खेला जायेगा। प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार जिसमें प्रथम पुरस्कार 1,22,222, द्वितीय पुरस्कार 66,666 तथा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 11,000 (प्रत्येक) प्रदान किए जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 25 फरवरी को खेला जाएगा।

क्लब अध्यक्ष विशाल दुग्गड ने क्षेत्र के सभी खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं तथा युवाओं में एकता, भाईचारा और खेल भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# गौवंश तस्करी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, पिकअप वाहन जब्त

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र में बढ रहे गौवंश तस्करी के मामलो पर लगातार कार्यवाही की जा रही है उसके बावजूद भी गौ तस्करो के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। 20 फरवरी को गौ तस्करी का एक और मामला प्रकाश में आया था जहां 4 नग गौवंश को एक पीकअप वाहन में क्रुरतापूर्वक भरकर ले जाया जा रहा था। बजरंग दल संगठन की सतर्कता के चलते इन गौवंशो को कत्लखाने ले जाने से बचाया गया वहीं मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर अपराध दर्ज किया है।

घटना को लेकर लांजी पुलिस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा द्वारा जिले मे चल रही अवैध गतिविधियों अपराधों की रोकथाम तथा अवैध गौवंश तस्करी की रोकथाम पर प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार आदेशित किया जा रहा है। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला, एसडीओपी लांजी ओमप्रकाश द्वारा भी लगातार मार्गदर्शन दिये जा रहे है। 20 फरवरी को छोटाहाथी पीकअप वाहन में क्ररता पूर्वक भरकर गौवंश पशुओं को ले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर ग्राम लोढ़ाम देवरबेली पर बने पुल के पास पंहुचकर सूचना की तस्दीक की गई।




जहां वाहन क्रमांक एम एच 49 डी 2180 छोटा हाथी पीकअप वाहन महाराष्ट्र कत्लखाने की ओर जा रहा था जिसे रोककर वाहन के अन्दर जांच करने पर कुल 4 नग गौवंश क्ररता पुर्वक भरे पाये गये। वाहन में सवार लोगो से उनका नाम पता पुछने पर उनके द्वारा अपना नाम विरेन्द्र पिता श्रावण पारधी उम्र 30 वर्ष निवासी हीराटोला थाना गोरेगांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र, सोमेश्वर पिता काशीराम ऐडे उम्र 44 वर्ष निवासी खजरी थाना लांजी, लखनलाल पिता घनश्याम ठाकरे उम्र 50 वर्ष निवासी गिदाड़ी थाना गोरेगांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र के होना बताया। इन तीनों आरोपी गण का कृत्य मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4,6,9 एवं पशुओं के प्रति क्ररुता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 का पाये जाने के तहत अपराध 48/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 4 नग गौवशं एवं एक पीकअप वाहन जप्त कर अभिरक्षा में रखा गया है। साथ ही आरोपियों के द्वारा दो अन्य आरोपियों के नाम भी पुलिस को जानकारी में बताये गये है। जिनके विरूद्ध भी अपराध दर्ज किया गया है। मामले में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीपसिंह परमार, उनि साधूसिंह गुर्जर,आरक्षक, रामरावेट, अभिषेक सिंह, संदीप जाट आदि के द्वारा कार्यवाही की गई।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# एआई समिट के दौरान कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन पर युवा मोर्चा का प्रदेशव्यापी घेराव, राहुल गांधी से सार्वजनिक माफी की मांग

भोपाल/इंदौर । भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नई दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यालयों का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। भोपाल में यह प्रदर्शन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से देश से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा लगातार ठेस पहुंचाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का स्थान वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित हो रहा है, लेकिन कांग्रेस इसे पचा नहीं पा रही है। भारत में एआई समिट का आयोजन देश के लिए गर्व का विषय है, लेकिन दिल्ली में कांग्रेस द्वारा किया गया अर्धनग्न प्रदर्शन न केवल राजनीतिक विरोध था, बल्कि यह पूरे राष्ट्र के सम्मान के खिलाफ था। कांग्रेस की इस घटिया मानसिकता ने एक बार फिर से देश की सफलता का विरोध किया है।

राहुल गांधी और कांग्रेस भारत को बदनाम करने का बहाना तलाशते रहते हैं




युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तकनीकी नवाचार और डिजिटल प्रगति के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जब पूरी दुनिया भारत की नेतृत्व क्षमता और उपलब्धियों की सराहना कर रही है, तब कांग्रेस और उसके समर्थक इस प्रकार के कृत्यों से देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली में आयोजित एआई समिट में 100 से अधिक देशों, वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधि और 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए थे, जो भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को प्रमाणित करते हैं। इस ऐतिहासिक समिट के विरोध में किया गया कांग्रेस का प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया गया यह प्रदर्शन भारत के लिए शर्मनाक है। जब भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान मिल रहा है, तब कांग्रेस और राहुल गांधी के समर्थक हर बार किसी न किसी तरीके से देश का अपमान करने का प्रयास करते हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी को इस कृत्य के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। दिल्ली में अर्धनग्न प्रदर्शन करना न केवल कांग्रेस के लिए, बल्कि समूचे देश के लिए शर्म की बात है। यह प्रदर्शन राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता और नेतृत्व की कमी को दर्शाता है। कांग्रेस को इस कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

**थाने में शिकायत दर्ज कर**

**कांग्रेसी गुंडों और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**

भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने हबीबगंज थाना पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पथराव किए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर शामिल रहे। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि इंदौर और भोपाल में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुनियोजित तरीके से भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले की योजना बनाई। इंदौर और भोपाल में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पत्थरों से हमला कर लहूलुहान किया, उससे कांग्रेस और उसकी पार्टी के नेताओं की आपराधिक मानसिकता देश के सामने उजागर हो गई है। राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता, लेकिन कांग्रेस ने जिस तरह प्रदर्शन करने वालों पर हमला किया, यह घटना साबित करती है कि कांग्रेस अब गुंडों और अपराधियों की पार्टी बन चुकी है।

# ट्रेड डील के खिलाफ देशभर में कांग्रेस करेगी किसान सम्मेलन, 24 फरवरी से भोपाल से आंदोलन की शुरुआत

भोपाल। प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ कांग्रेस देश भर में आंदोलन करेगी। इस आंदोलन की शुरूआत 24 फश्रवरी को भोपल से होगी जिसमें कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगें और सासंद राहुल गांधी शामिल होंगे। आंदोलन की शुरुआत बुधनी में किसान चौपाल से होगी तथा विदिशा से किसान पदयात्रा प्रारंभ की जाएगी। इस संबंध में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस पत्रकार वार्ता को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक तथा संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे भी मौजूद रहे।

हरीश चौधरी ने कहा कि इतिहास गवाह है—1965 और 1971 के दशक में अमेरिका द्वारा खाद्यान्न आपूर्ति रोके जाने से देश की स्थिति अत्यंत खराब हो गई थी। उसके बाद हरित क्रांति के माध्यम से भारत आत्मनिर्भर बना। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रस्तावित ट्रेड डील से देश में फिर वैसी ही खतरनाक परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। यदि अमेरिका से सोयाबीन आयात हुआ तो देश के किसान और छोटे व्यापारियों पर भारी असर पड़ेगा। कपास के मामले में भारत आत्मनिर्भर है, फिर भी यदि अमेरिका से कपास लाई गई तो भारतीय किसानों की खपत और आय पर सीधा प्रहार होगा। उन्होंने कहा कि यह डील भारत द्वारा अमेरिका के सामने सरेंडर है। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि क्या यह डील एपस्टीन फाइल्स' या अडानी केस के दबाव में की गई है। इस ट्रेड डील से लाखों छोटे उद्योग और कारखाने बंद होने के कगार पर आ जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि 24 तारीख से भोपाल से जन-जागृति और आंदोलन की शुरुआत की जाएगी और पूरे देश में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

जीतू पटवारी ने कहा कि भारत की रीढ़ खेती है। आज़ादी के बाद कभी भी विदेशी ताकतों को एग्रीकल्चर में घुसने नहीं दिया गया, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद लगातार कृषि को विदेशी शक्तियों के हवाले करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान युद्ध के समय अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि मेरे कहने पर मोदी जी ने घुटने टेके , उसी का नतीजा है कि आज देश के किसानों की गर्दन पर ट्रंप की तलवार लटक रही है। यह भारत-अमेरिका की नहीं, बल्कि नरेंद्र सरेंडर डील है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के किसानों के हितों को गिरवी रखकर डोनाल्ड ट्रंप के सामने सरेंडर किया है। दुखद है कि किसान पुत्र कहलाने वाले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी किसानों के साथ खड़े होने के बजाय मोदी के आगे झुक गए। पटवारी ने कहाकि मोदी ने भारत के किसानों को अमेरिका के हाथ बेच दिया है। यह समझौता किसानों का अपमान है। मध्यप्रदेश का किसान चुप नहीं बैठेगा—यह किसान आंदोलन की शुरुआत है। आंदोलन की शुरुआत बुधनी में किसान चौपाल से होगी तथा विदिशा से किसान पदयात्रा प्रारंभ की जाएगी।

उमंग सिंघार ने कहा कि यह ट्रेड डील देशहित में नहीं है। इस तरह के सरेंडर के पीछे कई संदिग्ध कहानियां हो सकती हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान को खुला समर्थन दिया है, और मोदी सरकार हमारे दुश्मनों के साथ दोस्ती निभा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बने उत्पाद भारत में बेचने की तैयारी है, जबकि देश का किसान अभी सम्पन्न नहीं हुआ है—मोदी सरकार अमेरिकी किसानों को सम्पन्न बनाना चाहती है।

यदि कपास, दलहन और डेयरी उत्पादों में देश आत्मनिर्भर है, तो बाहर से आयात की क्या आवश्यकता है? यह डील भारतीय किसानों को कम दाम देने की साजिश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा में भी ट्रेड डील का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाएगा।

24 फरवरी को किसान महापंचायत

कांग्रेस ने घोषणा की कि 24 फरवरी को भोपाल में किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें राहुल गांधी शामिल होंगे। इस महापंचायत में कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी उपस्थिति रहेगी। महापंचायत में हजारों किसान शामिल होकर मोदी सरकार की किसान-विरोधी ट्रेड डील की सच्चाई को उजागर करेंगे।

कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि किसान सम्मान निधि में देश और प्रदेश के किसानों को कम मिल रहा है, जबकि मोदी सरकार अमेरिकी किसानों को लाभ पहुंचाने की नीति पर काम कर रही है।

# समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को किया जा रहा है साकार - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष-2026 प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश में विविध जलवायु जोन, पर्याप्त सिंचाई सुविधा, बेहतर रोड नेटवर्क उपलब्ध है। इसका लाभ लेकर किसानों की आय में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन के उद्देश्य आधारित गतिविधियां संचालित कर प्रदेश में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को साकार किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में किसान कल्याण के लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को आत्म-निर्भर बनाने एवं कृषि आय को दोगुना करने में मदद मिलेगी। कृषि एवं किसानों से संबंधित योजनाओं में भी बजट की कोई कमी नहीं रखी गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट से किसान कल्याण के कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। इससे किसान कल्याण वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को भी प्राप्त किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के बजट 2026-27 के अंतर्गत कृषि के साथ जल प्रदाय योजनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये। जल परियोजनाओं के माध्यम से हर किसान के खेत तक सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जायेगा। प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई के रकबे में निरंतर बढोत्तरी हो रही है। शीघ्र ही प्रदेश में सिंचाई का रकबा 100 लाख हैक्टेयर हो जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में किसान कल्याण के लिये जो प्रावधान किये गये हैं, उसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में 343 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य के अन्तर्गत 96 करोड़ रुपये, अटल कृषि ज्योति योजना के अन्तर्गत 13914 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत 5501 करोड़ रुपये, भावांतर/फ्लेट रेट योजना के अन्तर्गत 600 करोड़ रुपये, समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस का भुगतान के अन्तर्गत 150 करोड़ रुपये और परंपरागत कृषि विकास योजना में 53 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है।



बजट में म.प्र.विद्युत मंडल द्वारा 5 एच.पी. के कृषि पम्पों/थ्रेशरों और एक बत्ती कनेक्शन को नि:शुल्क विद्युत प्रदाय हेतु प्रतिपूर्ति के अन्तर्गत 5276 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 1299 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना के अन्तर्गत 1000 करोड़ रुपये, अधीनस्थ तथा विशेषज्ञ कर्मचारी वृन्द (जिला एवं अधीनस्थ स्तर का अमला) में 525 करोड़ रुपये, पर ड्रॉप मोर क्रॉप में 450 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना-2024 के अन्तर्गत 385 करोड़ रुपये, दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन (60:40 प्रतिशत शेयरिंग पैटर्न) के अन्तर्गत 335 करोड़ रुपये, नेशनल मिशन ऑन ईडीबल ऑइल एण्ड ऑइलसीड के अन्तर्गत 266 करोड़ रुपये, सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकेनाईजेशन (एस.एम.ए.एम.) के अन्तर्गत 243 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 226 करोड़ रुपये, फूड एण्ड न्यूट्रीशन सिक्योरिटी में 150 करोड़ रुपये, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अन्तर्गत 142 करोड़ रुपये, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) के अन्तर्गत 126 करोड़ रुपये, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर को ब्लॉक ग्रांट के अन्तर्गत 100 करोड़ रुपये, दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन (100 प्रतिशत केन्द्रांश) के अन्तर्गत 100 करोड़ रुपये, कृषि क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता अनुसंधान के अन्तर्गत 100 करोड़ रुपये, सहायक भूमि संरक्षण कार्यालय के अमले की स्थापना के लिये 59 करोड़ रुपये, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर को ब्लाक ग्रांट के अंतर्गत 58 करोड़ रूपये और जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय की स्ववित्तीय योजना में 57 करोड़ रूपये का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष-2026 में किसान कल्याण संबंधी गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संचालन प्रारंभ किया जा चुका है। इसमें किसान सम्मेलन, जन-जागरूकता की गतिविधियां, कृषि रथ के माध्यम से किसानों तक शासन की योजनाओं की जानकारी, कृषि संबंधी सलाह, किसानों की समस्याओं का निराकरण सहित कृषि योजनाओं को किसानों के खेत तक पहुंचाने के लिए मैदानी अमला लगातार कार्य कर रहा है।

# 7200 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित, लाखों किसानों को मिलेगा लाभ- खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के अथक प्रयासों से बहुप्रतीक्षित मिडवासा सिंचाई परियोजना को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर कुल 300 करोड़ की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

परियोजना के पूर्ण होने पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करैया जारो, मोकलपुर, हनौताखुर्द, नारायणपुर, बंसिया, बेरसला, बैरसिया, हफसिली, बिहारीखेड़ा,तालग्वारी, गुआरी, बदरचुआ, घाटमपुर, सगोरिया, अर्जना, एवं बरोदा रहली के अलावा नरयावली विधानसभा के ग्राम बरखुआ तिवारी, उदयपुरा तिवारी, समनापुर, किशनपुर, रहली विधानसभा के ग्राम सेमरा अंगद, सिमरिया बेलई, सेजपुरा, देवरी,खांड़,रेवझा, हिलगन, मोहनपुरा एवं ढाना के लगभग 7200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।



इससे न केवल फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस परियोजना की मांग कर रहे थे, जिसे अब मूर्त रूप मिलने जा रहा है।

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाया जा रहा है। ताकि हमारे क्षेत्र के किसान भी पंजाब, हरियाणा जैसे, कृषि में उन्नति करके कृषि लाभ कमाएं। सरकार का उद्देश्य है कि किसान भाईयों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें, जिसको लेकर सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस परियोजना से हजारों किसानों को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र में पानी की समस्या भी खत्म होगी। यह केवल परियोजना नहीं किसानों और क्षेत्र वासियों के लिए पानी का वह स्रोत है, जिससे अब खुशहाली ही खुशहाली होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री श्री राजपूत का आभार जताया। उन्होंने कहा है कि यह परियोजना सुरखी क्षेत्र के कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

# शिक्षकों की बड़ी जीत... हाई कोर्ट का आदेश- 60 दिन के भीतर दें द्वितीय क्रमोन्नति और वेतन लाभ

जबलपुर। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने संयुक्त आयुक्त लोक शिक्षण को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता शिक्षकों को द्वितीय क्रमोन्नति व अन्य वेतन लाभ प्रदान करें। कोर्ट ने इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी है। कटनी निवासी मान सिंह बरकड़े सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा, शिवम शर्मा व जितेन्द्र गर्ग ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। राज्य शासन के 2023 के परिपत्र के तहत वे द्वितीय क्रमोन्नति के हकदार हैं। याचिकाकर्ताओं के समकक्ष अन्य को उक्त लाभ दे दिया गया है। इसके अलावा यह मांग भी की गई कि याचिकाकर्ताओं का सही वेतन निर्धारण कर उन्हें एरियर्स व अन्य लाभ भी प्रदान करें। कोर्ट ने उक्त अधिकारी को कहा कि यदि याचिकाकर्ता पात्र हैं तो उन्हें लाभ प्रदान करें ताकि उन्हें पुनः अदालत आने के लिए बाध्य नहीं होना पड़े।

# कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं

भोपाल। देश सहित मध्य प्रदेश और राजधानी भोपाल में भी साइबर ठगोरो द्वारा डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लगातार आपराधिक वारदातो को अंजाम देकर ठगी की जा रही हैं। इसको लेकर साइबर क्राइम पुलिस आमजन को जागरुक करने के लिये समय-समय पर एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील करती है। विभाग द्वारा एक बार फिर एडवायजरी जारी करते हुए आमजन का बताया है कि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है, और न ही पुलिस किसी को वीडियो कॉल कर घर में कैद करती है। यह साइबर जालसाजो के अपराध करने का एक नया तरीका है, और जरा सी सावधानी बरतने से आप इस धोखाधड़ी से बच सकते है।

**- बढ़ता जा रहे है डिजिटल अरेस्ट के मामले**

एडवायजरी में बताया गया है कि ठगों ने आमजन को शिकार बनाने का नया तरीका निकाला है। इसमें यह साइबर अपराधी खुद को सीबीआई, इंटरपोल का या किसी भी अन्य जॉच एंजेसी का पुलिस अधिकारी, क्राइम ब्रांच पुलिस अधिकारी बताकर लोगो को अश्लील सामग्री देखने का झूठा आरोप लगाकर डराकर अवैध वसूली कर रहे हैं।

**- ऐसे फंसाते है जाल में**

जालसाज आपको फोन या व्हाट्सएप कॉल करके हैं कि आपकी इंटरनेट हिस्ट्री में आपतिजनक कंटेंट पाया गया है। या फिर कुरियर पैकेट में मिले संदिग्ध सिम, आधार कार्ड का मिस यूज, मनी लॉन्ड्रिंग, टेररिस्ट कन्वर्जन में आपके मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किये जाने जैसे हथकंडे अपनाकर आपको डरा-धमकाकर हाउस अरेस्ट (डिजिटल अरेस्ट) कर लेते हैं।

**- जेल भेजने, गिरफ्तारी करने का दिखाते है डर**

आरोपी फर्जी अधिकारी बनकर कॉल करते हुए आप पर जेल जाने, कोर्ट कचहरी या आपकी सोशल मीडिया पर बदनामी करने की धमकी देते हुए दबाव बनाते बनाकर डराते हैं।

## पुलिस किसी को वीडियो कॉल कर घर पर कैद नहीं करती - डिजिटल अरेस्ट से बचने एक बार फिर जारी हुई एडवायजरी

**- पूरा सेटअप रहता है असली पुलिस और कोर्ट जैसा**

वीडियो कॉल के दौरान शातिर ठगो का सेटअप पुलिस स्टेशन और अदालत जैसा रहता है। वेबकैम, स्काइप मोबाइल से वीडियो पर आमने-सामने होकर रकम ठगने तक वह आपको डरा कर रखते हैं। इतना ही नहीं नकली पुलिस अफसरों से भी अलग-अलग नंबरों पर बात कराई जाती है। जबकि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। ठगोरे वीडियो कॉल के दौरान पुलिस की फर्जी वर्दी और फर्जी आईडी के साथ नजर आते होते हैं, इतना ही नहीं वह जाल में फसें लोगो को फर्जी कोर्ट समन या अरेस्ट वारंट भी दिखाते हैं।

**- बचाने का झांसा देकर करते है लेनदेन**

कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या व्हाट्सएप पर सेटलमेंट के लिए पैसे की मांग नहीं करती एडवायजरी में कहा गया है की आरोपी बाद में केस रफा-दफा करने के लिए



आपसे यूपीआई या बैंक ट्रांसफर के जरिए पैसों की मांग करते हैं। जबकि विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि भारतीय पुलिस या कोई भी जांच एजेंसी (सीबीआई, इंटरपोल ) कभी भी फोन कॉल या व्हाट्सएप पर सेटलमेंट के लिए पैसे की मांग नहीं करती है। कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है। पुलिस किसी को वीडियो कॉल पर घर में कैद नहीं करती।

**- इस तरह बच सकते है जालसाजो से**

कोई भी सरकारी विभाग आपसे फोन पर आपकी बैंक डिटेल्स, ओटीपी या निजी फोटो नहीं मांगता।

यदि आपको ऐसा कॉल आए तो घबराएं नहीं। अपराधी आपकी घबराहट का फायदा उठाते हैं। ऐसे समय में शांत रहे और तुरंत कॉल काट दें। इसके बाद उस नंबर को तुरंत ब्लॉक करें और अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स अपडेट करें। एक बार पैसा देने पर अपराधी बार-बार और बड़े रकम की मांग करेंगे, इसलिये जांच एजेंसियों के नाम से आ रहे इस प्रकार के फोन आने से डरकर जमानत के नाम पर अपना ओटीपी न दें या किसी भी खाते में रुपये जमा न कराएं। उनके कहने पर कोई भी ऐप डाउनलोड ना करें।

**- यदि आप शिकार हो जाएं यह करें**

यदि आप किसी भूल या गलती के कारण जालसाजो के जाल में फंस जायें तो घबरायें नहीं फौरन ही इसकी शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन में दर्ज करायें। साथ ही पुलिस ने आमजन से अपील की है की अपनी निजे जीवन से जुडे कई मामलो में साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करें। आपकी सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी तरह की सायबर काईम संबंधित घटना होने पर इसकी सूचना भोपाल सायबर क्राइम के हेल्पलाइन नम्बर 9479990636 अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर दें।



# भारत-साउथ अफ्रीका सुपर-8 में महामुकाबले को तैयार

नई दिल्ली। दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में रविवार, 22 फरवरी को भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें आमने-सामने होंगी। यह मैच केवल ग्रुप स्टेज की जंग नहीं, बल्कि 2024 के फाइनल की यादें ताजा करने वाली भिड़ंत भी है। भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कर रहे हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की कमान एडन मारक्रम के हाथों में है। दोनों टीमें सुपर-8 में अजेय लय के साथ प्रवेश कर चुकी हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अपने-अपने ग्रुप में चारों मैच जीतकर दबदबा बनाया। अहमदाबाद की पिच पर दोनों टीमों का अनुभव भी समान है साउथ अफ्रीका ने अपने ग्रुप-डी के तीन मुकाबले यहीं खेले, जबकि भारत ने नीदरलैंड को इसी पिच पर हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। ऐसे में यह मुकाबला परिस्थिति और माहौल से भलीभांति परिचित दो मजबूत टीमों के बीच कड़े संघर्ष का संकेत देता है।

टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मुकाबले हमेशा रोमांच से भरपूर रहे हैं। अब तक खेले गए सात मैचों में भारत ने पांच बार जीत दर्ज की



है, जबकि दक्षिण अफ्रीका केवल दो मैचों में सफल रहा है। 2010 में सेंट लूसिया में भारत का सर्वोच्च स्कोर 186/5 रहा, वहीं 2007 में डरबन में दक्षिण अफ्रीका 116/9 के अपने न्यूनतम स्कोर पर ढेर हुआ था। व्यक्तिगत प्रदर्शनों की बात करें तो उस सुरेश रैना ने इन मुकाबलों में सर्वाधिक 170 रन बनाए थे, जबकि डेविड मिलर औसत के मामले में शीर्ष पर हैं। गेंदबाजी में भारत के लिए आरपी सिह और रविचंद्रन अश्विन पांच-पांच विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे सफल रहे हैं।

रणनीति की बात करें तो अहमदाबाद की पिच अक्सर स्पिन गेंदबाजों की मददगार साबित होती है। भारत के पास कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसी दमदार स्पिन जोड़ी मौजूद है, जबकि दक्षिण अफ्रीका को मार्करम और केशव महाराज से काफी उम्मीदें होंगी। आमिर की हालिया भविष्यवाणी के बाद भारतीय टीम पर खुद को साबित करने का दबाव भी बढ़ गया है। अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन बड़ा मंच खिलाड़ियों को लय में लौटने का अवसर भी देता है। दक्षिण अफ्रीका के सामने 2024 की कड़वी हार की यादें भी हैं, जब ब्रिजटाउन में भारत ने सात रन से जीत दर्ज की थी। इस बार दोनों टीमें सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी और क्रिकेट जगत की निगाहें अहमदाबाद में होने वाली इस ऐतिहासिक जंग पर टिकी होंगी।

### संभावित टीम

**भारत** ः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल।

**दक्षिण अफ्रीका** ः एडेन मार्कराम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्खिया, क्वेना मफाका, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ, कॉर्बिन बॉश।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम में ओपनिंग बदलाव की संभावना

अहमदाबाद। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण में भारतीय टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में उतरेगी। ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान हासिल कर सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम के लिए सलामी बल्लेबाजी अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। विश्व कप से पहले अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में थे और टी20 रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज हैं, लेकिन अब तक खेले गए तीन मैचों में वह बिना खाता खोले आउट हो गए हैं। उनकी लगातार असफलता ने टीम की ओपनिंग समस्या को और बढ़ा दिया है, जिससे टीम प्रबंधन इस स्थिति का समाधान ढूंढने पर मजबूर है।

टीम की रणनीति में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में संजू सैमसन को ईशान किशन के साथ ओपनिंग जोड़ी में उतारने पर विचार कर रही है। कृत्रिम रोशनी में अभ्यास सत्र में सैमसन को तेज गेंदबाजी और स्पिन दोनों के खिलाफ लंबी बल्लेबाजी करते देखा गया। उन्होंने प्रभावशाली टच के साथ स्ट्रोक खेले और अपनी फॉर्म का संकेत दिया। हेड कोच गौतम गंभीर ने अभिषेक शर्मा के साथ लंबी बातचीत की और फिर सैमसन को गेंदबाजी करते हुए देखा। इस सत्र



के आधार पर माना जा रहा है कि सैमसन रविवार को प्लेइंग इलेवन में शामिल हो सकते हैं।

भारतीय टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता भी विपक्ष के लिए रणनीतिक फायदा दे रही है, जिससे सैमसन को मौका मिलने की संभावना और बढ़ गई है। संजू सैमसन का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड भी खासा मजबूत है। नामीबिया के खिलाफ केवल एक मैच खेलने वाले सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 टी20 मैचों में 2 शतक लगाए और 190 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के साथ कुल 253 रन बनाए हैं। उनके अनुभव और फॉर्म को देखते हुए टीम प्रबंधन उन्हें ओपनिंग में उतारने पर विचार कर रहा है।

सुपर-8 में शुरुआती सफलता भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस बदलाव से टीम की सलामी जोड़ी को मजबूती मिलने की उम्मीद है और टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए बेहतर शुरुआत मिल सकती है। भारतीय क्रिकेट फैंस अब इस मैच में ओपनिंग जोड़ी में संभावित बदलाव और टीम की रणनीति पर नजर बनाए हुए हैं, क्योंकि यह मैच सुपर-8 की राह तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## भारत ने रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर टी20 सीरीज जीती

एडिलेड । भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एडिलेड में खेले गए निर्णायक तीसरे टी20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में 159 रन ही बना सकी। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने दबाव भरे हालात में 82 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।




टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में शेफाली वर्मा सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हो गईं। हालांकि इसके बाद स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने दूसरे विकेट के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की। मंधाना ने 55 गेंदों में 82 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 3 छक्के शामिल थे। रोड्रिग्स ने भी 46 गेंदों पर 59 रन की सूझबूझ भरी पारी खेली। अंत में ऋचा घोष ने 7 गेंदों में 18 रन जोड़कर टीम को 176/5 तक पहुंचा दिया, हालांकि आखिरी ओवर में भारत ने तेजी से तीन विकेट गंवाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम की शुरुआत भी खराब रही। रेणुका सिंह ठाकुर के पहले ओवर में 18 रन जरूर बने, लेकिन जल्द ही श्रेयंका पाटिल ने भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रेणुका ने बेथ मूनी को आउट कर टीम को मजबूती दी। एलिस पैरी भी सिर्फ 1 रन बनाकर पाटिल की गेंद पर बोल्ड हो गईं। इस शुरुआती झटकों के बाद ऑस्ट्रेलिया दबाव से उबर नहीं पाई। फोएबे लिचफील्ड ने 26 रन की पारी खेली, लेकिन श्री चरणी ने उन्हें आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। अरुणधति रेड्डी ने लगातार दो विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों को और कमजोर किया। एश्ली गार्डनर ने जरूर 45 गेंदों में 57 रन बनाकर प्रतिरोध किया, लेकिन उन्हें भी रेड्डी ने पवेलियन भेज दिया।

ग्रेस हैरिस हिट-विकेट हुईं और सोफी मोलीनेक्स भी श्री चरणी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुईं। अंत में श्रेयंका पाटिल ने एमी सदरलैंड को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की आखिरी उम्मीद भी खत्म कर दी। भारतीय गेंदबाजों के सामूहिक प्रदर्शन ने टीम को शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत ने न केवल सीरीज अपने नाम की, बल्कि मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार खेल दिखाते हुए आत्मविश्वास भी बढ़ाया।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका मुकाबला के पहले आंकड़ों पर एक नजर

अहमदाबाद । टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण में भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला 2024 विश्व कप के फाइनल की रीमैच की भूमिका निभाएगा। सुपर 8 के ग्रुप ए में भारत और दक्षिण अफ्रीका के अलावा दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे भी शामिल हैं। चारों टीमें ग्रुप स्टेज में अपने समूह में शीर्ष पर रही थीं और अब सुपर 8 में खिताब की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए मैदान में उतरेंगी।

दोनों टीमों के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास में यह 36वीं भिड़ंत होगी। अब तक हुए 35 मैचों में भारत का पलड़ा भारी रहा है। भारतीय टीम ने 21 मुकाबले जीते, जबकि दक्षिण अफ्रीका 13 जीत तक सीमित रही। एक मैच बेनतीजा रहा। टी20 विश्व कप में भी भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर बढ़त बनाए रखी है। अब तक इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच सात मुकाबले हुए हैं, जिनमें से भारत ने पांच में जीत दर्ज की, जबकि दक्षिण अफ्रीका को केवल दो जीत मिली। नॉकआउट मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीका का भारत के खिलाफ रिकॉर्ड काफी खराब रहा है। दोनों टीमों ने 2014 के सेमीफाइनल और 2024 के फाइनल में आमने-सामने खेला, जहां भारत ने दोनों बार जीत हासिल की। मौजूदा भारतीय टीम की कप्तानी सुर्यकुमार यादव कर रहे हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कमान एडेन मार्कराम संभाल रहे हैं।

हालिया फॉर्म की बात करें तो भारत ने अपने पिछले पांच मैच लगातार जीतकर आत्मविश्वास दिखाया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने पिछले पांच मैचों में चार जीत और एक हार का सामना किया। दिसंबर 2025 में खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 3-1 से हराया था, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था। सुपर 8 में यह मैच न केवल ग्रुप चरण का पहला मुकाबला है, बल्कि सेमीफाइनल में जगह बनाने की दिशा में भी निर्णायक कदम माना जा रहा है।

## सुपर 8 से पहले मोहम्मद सिराज की चोट ने बढ़ाई भारत की चिंता

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम अहमदाबाद में टी20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तैयारी कर रही है। यह मैच 2024 के फाइनल का रीमैच माना जा रहा है और जीतने वाली टीम सेमीफाइनल की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएगी। हालांकि, मुकाबले से ठीक पहले टीम को बड़ी चोट की समस्या ने परेशान कर दिया है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत को पहले ही खिलाड़ियों की बीमारी और चोटों का सामना करना पड़ा है। जसप्रीत बुमराह और अभिषेक शर्मा पहले कुछ मैचों में नहीं खेल पाए थे, जबकि वॉशिंगटन सुंदर भी बीमार पड़ गए थे। सुपर 8 में शामिल होने से ठीक पहले हर्षित राणा चोट के कारण बाहर हो गए, जिससे मोहम्मद सिराज को देर से टीम में शामिल किया गया। सिराज ने ग्रुप स्टेज में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले मैच में तीन विकेट लिए। लेकिन शुक्रवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास के दौरान सिराज को हार्दिक पंड्या के शॉट से बाएं पैर के घुटने में जोरदार चोट लगी।

## टी20 विश्व कप समीकरणों पर आकाश चोपड़ा का बड़ा बयान, टीम इंडिया को सलाह और पाकिस्तान पर कड़ी टिप्पणी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने टी20 विश्व कप 2026 को लेकर अपने विश्लेषण में भारतीय टीम, खिलाड़ियों के प्रदर्शन और विभिन्न टीमों की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की है। उन्होंने अभिषेक शर्मा की लगातार विफलता पर बात करते हुए कहा कि उनके खेलने की शैली स्वभाविक रूप से जोखिमभरी है। चोपड़ा के अनुसार, 卐जो खिलाड़ी पहली ही गेंद पर छक्का मार सकता है,



उसका शून्य पर आउट होना भी उतना ही संभव है।卐 उनका मानना है कि भारत को शुरुआती चरण में मिले झटके एक तरह से 卐रियलिटी चेक卐 हैं, ताकि टीम समय रहते पिच और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सके।

चोपड़ा ने सलाह दी कि द्विपक्षीय सीरीज में दबदबा दिखाने के बाद विश्व कप की अलग चुनौतियों का सामना करते समय भारतीय टीम को 卐अहंकार को साइड में रखकर卐 हर पिच के स्वभाव को समझने की जरूरत होगी। इससे सुपर-8 में पहुंचने से पहले टीम अपनी तैयारी और बेहतर कर सकेगी।

सेमीफाइनल की संभावनाओं पर बात करते हुए उन्होंने ग्रुप-1 से भारत और दक्षिण अफ्रीका को प्रमुख दावेदार बताया। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि वेस्ट इंडीज को हल्के में लेना बड़ी भूल होगी, क्योंकि टीम में दमदार खिलाड़ी हैं और उनके क्वालीफाई करने की पूरी संभावना है। दूसरे ग्रुप को लेकर उन्होंने कहा कि मैचों पर वेन्यू विशेषकर कोलंबो और पैलेकेले का असर निर्णायक साबित हो सकता है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड उनकी दृष्टि में मजबूत टीमें हैं, लेकिन पाकिस्तान को भी उन्होंने दौड़ से बाहर नहीं माना, खासकर स्पिन परिस्थितियों में।

पाकिस्तान क्रिकेट में चल रहे विवाद और पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचनाओं पर चोपड़ा ने निराशा जताई। उन्होंने कहा कि टीवी स्टूडियो में बैठकर अपनी ही टीम का उपहास उड़ाना खेल की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने सलाह दी कि पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी एक-दूसरे का सम्मान करें और 卐गंदे कपड़े सार्वजनिक रूप से न धोएं।卐 शादाब खान की मीडिया प्रतिक्रियाओं और चल रही बयानबाजी को भी उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

अंत में चोपड़ा ने पाकिस्तान क्रिकेट की सबसे बड़ी कमजोरी गिनाई टूर्नामेंट जीतने की बजाय केवल भारत को हराने पर अत्यधिक फोकस। उनके अनुसार, हॉकी से लेकर क्रिकेट तक, पड़ोसी देश में भारत के ख़िलाफ़ जीत को ही अंतिम उपलब्धि माना जाता है, जिससे टीम का वास्तविक लक्ष्य अक्सर पीछे छूट जाता है।

## अभिषेक शर्मा के जोशीले वीडियो ने बढ़ाया टीम का उत्साह

अहमदाबाद । टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 राउंड में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 22 फरवरी को अहम मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा और इसके पहले टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का एक जोशीला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिषेक शर्मा टीम हडल में आगे आकर छोटा लेकिन उत्साहवर्धक भाषण दे रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण का अंत 卐जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल卐 के नारे के साथ किया, जिससे पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ ने जोरदार उत्साह दिखाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी इस हडल में मौजूद थे और टीम को अभिषेक के जोश से प्रेरित होते देखा गया। मैदान पर अभिषेक शर्मा अब तक लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट हो चुके हैं। अमेरिका, पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के खिलाफ उन्होंने कोई रन नहीं बना पाए, जबकि बीमारी के कारण वे नामीबिया के मुकाबले में नहीं खेल सके थे। बावजूद इसके, अभ्यास सत्र में उनके चेहरे पर आत्मविश्वास साफ नजर आया। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ अतिरिक्त समय बिताया और अपनी तकनीक पर खास काम किया। टीम मैनेजमेंट ने लगातार खराब प्रदर्शन के बावजूद अभिषेक के साथ खड़े रहने का भरोसा जताया है। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने साफ कहा कि प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह को लेकर कोई चर्चा नहीं है। मोर्केल ने कहा, बिल्कुल कोई चर्चा नहीं। वह वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी हैं और हम वर्ल्ड कप के अहम चरण में उनसे बड़े प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अभिषेक एक मनोरंजक खिलाड़ी हैं और दर्शक उन्हें खेलते देखना पसंद करते हैं। यह मुकाबला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला मैच होगा। 2024 के फाइनल के बाद दोनों टीमें पहली बार सुपर 8 के मंच पर आमने-सामने होंगी।

## सुपर 8 में भारत की कमजोरियों पर चिंता बढ़ी

नई दिल्ली । टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप चरण में अजेय रहने के बावजूद भारतीय टीम की कुछ कमजोरियां अब खुलकर सामने आई हैं। सुपर 8 जैसे निर्णायक दौर में टीम संयोजन और बल्लेबाजी क्रम पर सवाल उठने लगे हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की लगातार खराब फॉर्म टीम प्रबंधन के लिए बड़ी चिंता बन गई है, वहीं नंबर तीन पर बल्लेबाजी कर रहे तिलक वर्मा का धीमा स्ट्राइक रेट भी दबाव बढ़ा रहा है। अगर भारत को खिताब बचाने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ना है, तो इन कमजोरियों को जल्द दूर करना होगा।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इस टूर्नामेंट में अब तक तीन मैचों में बिना खाता खोए आउट हुए हैं। धीमी पिचों पर स्पिन के खिलाफ टीम का शीर्ष क्रम संघर्ष करता नजर आया है। बाएं हाथ के दो ओपनर होने से ऑफ स्पिनरों को मदद मिल रही है। कोच गौतम गंभीर ने अभ्यास सत्र में अभिषेक से लंबी चर्चा की और गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्केल ने कहा कि अभिषेक नेट्स में गेंद को अच्छी तरह हिट कर रहे हैं और उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। नंबर तीन पर खेल रहे तिलक वर्मा ने चार मैचों में 106 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 120.45



रहा है, जो उनके करियर स्ट्राइक रेट 141.8 से काफी कम है। पाकिस्तान के खिलाफ 25 रन (24 गेंद), नामीबिया के खिलाफ 25 रन (21 गेंद) और नीदरलैंड के खिलाफ 31 रन (27 गेंद) जैसी पारियों में उन्होंने अच्छी शुरुआत तो ली, लेकिन कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाए।

धीमी पिचों ने भी बल्लेबाजों की परीक्षा ली है। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सीरीज में टीम ने 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया था, लेकिन विश्व कप में ऐसा नहीं हो पाया। अभिषेक की तेज बैट स्विंग धीमी गेंदों पर तालमेल नहीं बैठा पा रही है। ऐसे में ईशान किशन और कप्तान सुर्यकुमार यादव जैसी जिम्मेदार पारियों की जरूरत होगी। हालांकि गेंदबाजी भारत की सबसे बड़ी ताकत रही है। हर मैच में किसी न किसी गेंदबाज ने जिम्मेदारी निभाई है, लेकिन सुपर 8 में सामूहिक प्रदर्शन जरूरी होगा। केवल एक या दो खिलाड़ियों के दम पर जीत की उम्मीद जोखिम भरी हो सकती है।

सुपर 8 में भारत को पावरप्ले में स्थिर और आक्रामक शुरुआत, नंबर तीन पर बेहतर स्ट्राइक रेट और धीमी पिचों के अनुसार बल्लेबाजी में बदलाव करना होगा। टीम को ग्रुप चरण की गलतियों से सीख लेकर सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी, तभी खिताब बचाने का सपना पूरा हो सकेगा।

## सुपर-8 में इंग्लैंड और श्रीलंका की अहम भिड़ंत, पल्लेकेले में इंग्लैंड बदलेगा लय

पल्लेकेले । टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 चरण में आज पल्लेकेले में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। इंग्लैंड भले ही सुपर-8 में प्रवेश कर चुका हो, लेकिन उसका प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। टीम को एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में इंग्लैंड इस मैच के जरिए अपनी लय वापस हासिल करना चाहेगा। दिलचस्प बात यह है कि टूर्नामेंट से पहले आयोजित तीन मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड ने श्रीलंका का 3-0 से क्लीन स्वीप किया था, जिससे टीम को एकबार फिर प्रेरणा मिल सकती है।

दूसरी ओर, सह-मेजबान श्रीलंका ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी। आयरलैंड और ओमान को हराने के बाद टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से मात देकर अपने इरादे साफ कर दिए थे। हालांकि, अंतिम ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे के हाथों मिली हार ने उसके अभियान को थोड़ा झटका दिया। श्रीलंका अब घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर सुपर-8 में मजबूत शुरुआत करना चाहेगा। टीम के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अब तक शानदार फॉर्म में हैं और इस विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोररों में दूसरे स्थान पर हैं। उनके अलावा कुसल मेंडिस भी शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और चार मैचों में तीन अर्धशतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय रही है। जैकब बेथेल ने जरूर 143 रन बनाकर प्रभावित किया है, लेकिन कप्तान हैरी ब्रूक और जोस बटलर की फॉर्म अभी भी टीम को परेशान कर रही है। गेंदबाजी में आदिल राशिद और लियाम डॉसन इंग्लैंड की उम्मीदों का केंद्र होंगे। राशिद चार मैचों में छह विकेट ले चुके हैं और स्थिति उनके पक्ष में रही तो वह श्रीलंकाई बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पर भी टीम को भरोसा रहेगा। श्रीलंका की गेंदबाजी में महीश तीक्षाना छह विकेट के साथ सबसे सफल रहे हैं। हालांकि तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा है, लेकिन उनकी जगह आए दिलशान मदुशंका ने प्रभावित किया है। दुशमंथा चमीरा भी आखिरी मैच में आराम करने के बाद वापसी के लिए तैयार हैं। मैच पर बारिश का खतरा भी मंडरा रहा है, जिससे परिणाम प्रभावित हो सकता है। दोपहर 3 बजे शुरू होने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए सुपर-8 के अभियान में टोन सेट करने वाला साबित होगा।

इंग्लैंडः हैरी ब्रूक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

श्रीलंकाः कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा, पवन रत्नायके, दासुन शनाका (कप्तान), चैरिथ असालंका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंदु मेंडिस, दुशमंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश तीक्षाना, डुनिथ वेललागे।

## अहमदाबाद में भारत और दक्षिण अफ्रीका का सुपर 8 मुकाबला- चुनौती और रणनीति

अहमदाबाद। ग्रुप चरण में चारों मैच जीतकर आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम अब टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 में दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार है। रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की नई बल्लेबाजी रणनीति की असली परीक्षा होगी। ग्रुप चरण में भारत को अपेक्षाकृत आसान मुकाबलों का सामना करना पड़ा, लेकिन सुपर 8 में हालात बिल्कुल अलग होंगे। दक्षिण अफ्रीका के पास कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और कप्तान एडेन मार्कराम

जैसे गेंदबाज हैं, जो भारतीय बल्लेबाजी के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकते हैं। दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार आमने-सामने होंगी।

सलामी बल्लेबाजी को छोड़कर शीर्ष क्रम भारत के लिए चिंता का कारण है। ईशान किशन ने दो अर्धशतक के साथ 202 का स्ट्राइक रेट दिखाया, लेकिन अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट हुए। तिलक वर्मा ने 25, 25 और 31 रन की पारियां खेलीं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहा, जो उनके करियर औसत 141 से काफी कम है। सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ 84* रन की शानदार पारी खेली, लेकिन इसके बाद स्थिर प्रदर्शन नहीं दिखा। उनका मौजूदा स्ट्राइक रेट 136 है, जो करियर औसत 163 से कम है। भारत की रन गति बनाए रखने की जिम्मेदारी हार्दिक पाडया और शिवम दुबे पर रहेगी, जिनका स्ट्राइक रेट क्रमशः 155 और 178 है। टीम को इन दोनों से आक्रामक योगदान की उम्मीद होगी।

वहीं गेंदबाजी भारत की सबसे बड़ी ताकत रही है। जसप्रीत बुमराह ने तीन मैचों में किफायती गेंदबाजी की, जबकि वरुण चक्रवर्ती ने चार मैचों में 9 विकेट लिए और 5.16 की इकॉनमी से गेंदबाजी की। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक और डेविड मिलर किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को चुनौती दे सकते हैं। संभावित बदलावों में भारतीय टीम अर्शदीप सिंह की जगह कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर की जगह अक्षर पटेल को अंतिम एकादश में शामिल कर सकती है।

## टी-20 वर्ल्डकप में पाकिस्तान-न्यूजीलैंड सुपर-8 मैच बारिश से रद्द, दोनों टीमों को एक-एक अंक

कोलंबो। टी-20 वर्ल्डकप में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच का पहला सुपर-8 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया है। शनिवार शाम 6ः30 बजे पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लेकिन, मैच शुरू होने से पहले कोलंबो में बारिश आ गई।

करीब ढाई घंटे के इंतजार के बार मैच रेफरी ने इसे रद्द कर करने का फैसला लिया। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिए। अब आगे दोनों टीमों को सेमीफाइनल के लिए सभी मैच जीतना जरूरी है। इस टूर्नामेंट में दूसरा मैच रद्द हुआ है।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव...

# देश के अपमान के लिए माफी मांगें राहुल गांधी

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में मौजूद भारत मंडपम में शुक्रवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में टी शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। इसके जवाब में अब भारतीय जनता पार्टी का युवा मोर्चा भी सड़क पर उतर गया। शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता और दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और अन्य नेताओं ने कांग्रेस मुख्यालय का घेराव किया।

कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर रहे बीजेपी कार्यकर्ताओं की मांग है कि देश का विश्व पटल पर अपमान करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस को देश से माफी मांगना चाहिए। बीजेपी युवा मोर्चा ने साजिश में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस विरोध प्रदर्शन में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश का गद्दार है। जनता ने उनकी वहीं पिटाई कर दी थी। ये कांग्रेस




और खासकर राहुल गांधी के अंदर की हताश है। दिल्ली और देश की जनता राहुल गांधी को कभी माफ नहीं करेगी। बीजेपी सांसद तिवारी ने कहा कि एआई समिट में 80 से ज्यादा देशों के लोग आए हैं और भारत की दिल खोलकर सराहना की। ये भारत का एआई इंपैक्ट समिट था। इस समिट में भारतीय वैज्ञानिकों की तारीफ हुई।

उन्होंने कहा कि हम आगे जाकर दुर्घटनाओं को कैसे कम कर सकते हैं, ये भी इसमें बताया गया। उन्होंने कहा कि हर साल 5 लाख सड़क दुर्घटना होती हैं। इन दुर्घटनाओं में 2.5 लाख लोग मरते हैं। हमारी सरकार इन एक्सीडेंट की संख्या को 4 लाख तक लाए।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कल की घटना कोई मामूली घटना नहीं है। ये राहुल गांधी और कांग्रेस की ओछी मानसिकता का परिणाम है। किराए के कुछ गुंडे कांग्रेस ने समिट में भेज दिए। एक गरीब चाय वाले का बेटा देश का प्रधानमंत्री बन गया ये बात गांधी परिवार को बीते 11 सालों से हजाम नहीं हो रही है। पीएम मोदी का विरोध करते करते देश का विरोध करने लगे उन्हें पता ही नहीं चला। ये समिट देश की तरक्की को बताता है। भारत विश्व गुरु बनने वाला है ये बताता है। राहुल गांधी का खून इटली का है।

## जम्मू-कश्मीर में सड़क किनारे रखा था आईईडी, सुरक्षाबलों ने की आतंकी साजिश नाकाम

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में सड़क के किनारे ही इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोजिव डिवाइस (आईईडी) मिला है। कोहेस्तान कॉलोनी के पास ही गुलाब शेख मोहल्ले में इसे सड़क किनारे एक बैग में रखा गया था। हालांकि एजेंसियों को इसकी जानकारी मिल गई और बम निरोधक दस्ते ने पहुंचकर इसे निष्क्रिय कर दिया। एक दिन पहले ही बारामुला जिले के जांबाजपोरा इलाके में आईडी मिला था। सेना ने आईईडी मिलने के बाद इसे निष्क्रिय कर दिया। सेना का कहना है कि यह आतंकियों की साजिश है। बता दें घाटी में सुरक्षाबलों की सतर्कता और एजेंसियों के अलर्ट के चलते कई हादसे टाले गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका संबंधी खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से समेत प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि लश्कर-ए-तैयबा ने कथित तौर पर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हमले वाले स्थानों की सूची में रखा है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले के पास संभावित विस्फोट के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है, जो प्रमुख पर्यटन स्थल और उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है।

सूत्रों ने बताया कि ऐसी खुफिया सूचना है कि चांदनी चौक स्थित एक मंदिर को भी निशाना बनाया जा सकता है। खुफिया जानकारी का सत्यापन और आकलन किया जा रहा है। इसके मद्देनजर संवेदनशील धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि लश्कर-ए-तैयबा आईईडी आधारित हमले को अंजाम देने की कोशिश कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक हमले की यह कथित साजिश आतंकी समूह द्वारा छह फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एक मस्जिद में हुए विस्फोट का बदला लेने के प्रयासों से जुड़ी है।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियां ??और दिल्ली पुलिस की इकाइयां समन्वय बनाए हुए हैं और सीसीटीवी निगरानी, ??वाहनों की जांच व संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के जरिए से निगरानी बढ़ा दी गई है। यह चेतावनी 10 नवंबर, 2025 को लाल किले के पास हुए घातक कार विस्फोट की पृष्ठभूमि में जारी की गई है। विस्फोट में कम से कम 13 लोग मारे गए थे और 20 से ज्यादा घायल हुए थे। सुरक्षा एजेंसियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि के बारे में तुरंत पुलिस या आपातकालीन सेवाओं को सूचित करने का आग्रह किया है।

## रणवीर सिंह को धमकी देने वाला हेरी बॉक्सर ही निकला, पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

मुंबई। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी देने के मामले में मैनेजर को मिले वॉइस नॉट को वेरिफाई करने के लिए पंजाब और हरियाणा भेजा था। वॉइस नॉट भेजने वाले ने खुद को हेरी बॉक्सर बताया था और 20 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। इस वॉइस नॉट की पुष्टि हुई कि उस वॉइस नॉट में सुनाई दे रही आवाज हेरी बॉक्सर की ही है उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई साइबर पुलिस ने रणवीर सिंह के मैनेजर विजय सुब्रमण्यम की शिकायत के आधार पर हेरी बॉक्सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल कर रही है। पुलिस के मुताबिक मैनेजर सुब्रमण्यम को उनके फोन पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया था, जो वर्जिन आइलैंड्स से जुड़ा देश का कोड माना जाता है। कॉल करने वाले ने 20 करोड़ की मांग की और धमकियां दीं। धमकियों के बाद रणवीर सिंह के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उन्हें शूटिंग के लिए कहीं भी ट्रेवल करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



रिपोर्ट के मुताबिक बताया गया है कि 'हेरी बॉक्सर' ने लंबे वॉइस नोट छोड़ते हुए कहा कि अगर उनकी बात नहीं मानी गई तो फ्रअगली सात पीढ़ियांफ्र इसका अंजाम याद रखेंगी। वॉइस नोट में कहा गया, फ्ररणवीर सिंह, तू कुछ बात बोलकर मुकर गया ना, ठीक हैज्या तो तू उस बात पर वापस आ जा, नहीं तो मुकरने की सजा क्या होती है वो तुझे बताएंगे। इसलिए तेरे लिए ये वॉइस नोट छोड़ रहे हैंज्रोहित शेट्टी और तू लाइन पर आ जाओज और पूरी बॉलीवुड को भी बोल रहे हैंज्आज जो पुर्तगाल में फायरिंग करवाई है, मैं और मेरे भाई 'मरीना ग्रैंड' और सुखदेव की दुकान पर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हैं।फ्र

यह बिश्नोई गैंग के सदस्यों के खिलाफ दर्ज की गई दूसरी एफआईआर है, इससे पहले 1 फरवरी को रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर के बाहर भी गोलीबारी हुई थी। इस मामले की जांच कर रही एजेंसी अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें शूटर दीपक शर्मा भी शामिल है। दीपक ने शुभम लोनकर गुट के कहने पर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की थी।

## रिटायर आईएएस जंजुआ पर चलेगा मुकदमा, केंद्र ने 16 साल पुराने रिश्वत मामले में दी मंजूरी

चंडीगढ़,। पंजाब कैडर के 1989 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और पंजाब के पूर्व मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार ने 16 साल पुराने एक कथित भ्रष्टाचार के मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह मामला वर्ष 2009 का है, जब जंजुआ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में निदेशक-सह-सचिव के पद पर तैनात थे। विजिलेंस ब्यूरो ने 9 नवंबर 2009 को जाल बिछाकर उन्हें कथित तौर पर 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने का दावा किया था। शिकायतकर्ता तुलसी राम मिश्रा के अनुसार, उन्होंने अपने प्लॉट के बगल वाली खाली जमीन के आवंटन के लिए आवेदन किया था, जिसे शुरू में तकनीकी आधार पर खारिज कर दिया गया था। आरोप है कि जंजुआ ने इस काम को करवाने के बदले 6 लाख रुपये की मांग की थी, जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

इस कानूनी लड़ाई ने तब एक नया मोड़ लिया जब साल 2015 में मोहाली की एक विशेष अदालत ने जंजुआ को इस आपराधिक मामले से मुक्त (डिस्चार्ज) कर दिया था। हालांकि, यह राहत लंबी नहीं चली क्योंकि शिकायतकर्ता तुलसी राम मिश्रा ने 2016 में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल ने इस बात पर गहरा आश्चर्य व्यक्त किया था कि आपराधिक कार्यवाही का अधिकारी के करियर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और वे वित्तीय आयुक्त (राजस्व) तथा राज्य के मुख्य सचिव जैसे सर्वोच्च पदों तक पहुंचने में सफल रहे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पंजाब सरकार ने 5 सितंबर 2025 को केंद्र सरकार को अभियोजन की मंजूरी देने का प्रस्ताव भेजा था। लंबी प्रक्रिया के बाद, केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने 11 फरवरी को जंजुआ के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान कर दी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्य पाल जैन ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अल्का सरीन की पीठ के समक्ष इस आदेश की प्रति प्रस्तुत की। यह महत्वपूर्ण आदेश एक अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान पेश किया गया, जिसे शिकायतकर्ता ने कानूनी प्रक्रिया में हो रही देरी के खिलाफ दायर किया था। इस मामले का घटनाक्रम काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। नवंबर 2009 में विजिलेंस ब्यूरो द्वारा जंजुआ के आवास पर जाल बिछाकर 2 लाख रुपये की कथित बरामदगी से शुरू हुआ यह मामला, जनवरी 2015 में विशेष अदालत के डिस्चार्ज आदेश तक पहुंचा। इसके बाद 2016 में हाईकोर्ट में चुनौती दी गई और सितंबर 2023 में अदालत ने पंजाब सरकार को सभी प्रासंगिक दस्तावेज केंद्र को भेजने का निर्देश दिया। सितंबर 2025 में राज्य सरकार द्वारा भेजे गए औपचारिक प्रस्ताव के बाद अब फरवरी 2026 में केंद्र ने अंतिम मंजूरी दे दी है। यह निर्णय राज्य के प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि यह एक शीर्ष स्तर के पूर्व अधिकारी की सत्यनिष्ठा और जवाबदेही से जुड़ा मामला है।

## 9 महीने में ईडी ने 32,500 करोड़ की संपत्ति की अटैच, सबसे ज्यादा अनिल अंबानी ग्रुप की

नई दिल्ली। इस वित्त वर्ष के पहले 9 महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 32,500 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर चुकी है। केंद्र सरकार के दस साल का रिकॉर्ड देखें तो अटैच की गई जमीन-जायदाद में 8 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इस साल सबसे बड़ी गाज अनिल अंबानी समूह पर गिरी, जिसकी 5600 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई। इसके अलावा क्रिप्टो करेंसी फ्रॉड में 4190 करोड़ रुपए, पर्ल ग्रुप पोंजी के 3436 करोड़ रुपए और यूनाइटेड रियल एस्टेट के 1000 करोड़ रुपए की संपत्तियां भी इस दायरे में आई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल की तुलना में इस बार 141फीसदी अधिक संपत्ति अटैच की गई है। एजेंसी कुल मिलाकर अब तक 1.55 लाख करोड़ की संपत्ति अटैच कर चुकी है, जो एक साल के गृह मंत्रालय के बजट के बराबर है। इसमें बैंक खाते, एफडी, शेयर, वाहन, लग्जरी आइटम, कॉर्पोरेट प्रॉपर्टी और इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो शामिल हैं। पीएमएलए की शुरुआती जांच के बाद संपत्ति जब्त की गई और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर कोर्ट में अटैचमेंट सही भी पाए गए लेकिन बड़ी बाधा अदालती प्रक्रिया लगातार खिंचते जाने की है और मामले पर फैसला आने तक संपत्ति फ्रोजन हालत में रहती है।

बता दें पिछले 12 साल में ईडी के मामलों में साढ़े सात गुना और जब्त की गई संपत्ति में 12 गुना बढ़ोतरी हुई है। कभी 2012-13 में 62 मामलों में 2347 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई थी, जिसमें से अदालतों में 325 करोड़ रुपए सही पाए गए थे। आर्थिक अपराधियों के खिलाफ ईडी की रोज होने वाली कार्रवाई और संपत्तियां जब्त करने की खबरों की पड़ताल के बाद अदालतों से एक लाख 6 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति को सही माना गया है। वहीं, 30 मामलों में अदालतों ने 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति वापस करने का भी आदेश दिया है।

## रिटायर्ड नेवी अफसर को किया डिजिटल अरेस्ट, फर्जी अदालत लगाकर ठगे 42.50 लाख

अहमदाबाद। 83 साल के रिटायर्ड नेवी ऑफिसर डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो गए। साइबर ठगों ने नेवी अफसर को 48 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके 42.50 लाख रुपए की ठगी की, जिसे लेकर उन्होंने अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज करवाई है। दर्ज एफ़आईआर के मुताबिक नेवी अफसर के बेटे ने पिता रिटायर्ड नेवी ऑफिसर उनकी माता के साथ रहते हैं। 8 दिसंबर के दिन रिटायर्ड नेवी ऑफिसर को सुबह 11ऱ30 बजे एक टेलीकॉम डिपार्टमेंट के नाम से नॉर्मल कॉल आया, जिसमें कहा गया था कि आपके नंबर पर कई सारी शिकायत दर्ज है। जिसकी जांच सीबीआई मुंबई कर रही है, जिसके लिए फोन ट्रांसफर किया जा रहा है, लेकिन बाद में कॉल कनेक्ट नहीं हुआ तो सीबीआई मुंबई की टीम बाद में कॉल करेगी कहा गया था। इसके कुछ समय बाद एक अज्ञात शख्स की तरफ से रिटायर्ड नेवी ऑफिसर को वीडियो कॉल आया और कहा गया कि उन्होंने नरेश गोयल नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने 20 लाख रुपए आपके अकाउंट में ट्रांसफर किए हैं, लेकिन रिटायर्ड नेवी ऑफिसर ने किसी नरेश गोयल नाम के शख्स को नहीं जानने की बात कही। कुछ समय रिटायर्ड नेवी अफस को दोबारा साइबर ठगों ने वीडियो कॉल किया जिसमें वहां मौजूद फर्जी जज ने रिटायर्ड नेवी ऑफिसर को कहा था कि उनके खिलाफ 27 केस दर्ज हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खारिज, बाबर के नाम पर मस्जिद पर बैन की मांग ठुकराई

कोलकाता। सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज किया है जिसमें 'बाबर' या 'बाबरी मस्जिद' के नाम पर मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि देशभर में किसी भी मस्जिद का निर्माण या नाम 'बाबर' 'बाबरी मस्जिद' के नाम पर नहीं होना चाहिए। याचिका में तर्क दिया गया था कि मुगल शासक बाबर 'हिंदू विरोधी आक्रमणकारी' था। इसलिए उसके नाम पर किसी भी धार्मिक ढांचे की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता देवकीनंदन पांडे की कुछ दलीलें सुनने के बाद ही पीठ ने सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मामले को खारिज कर दिया।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि मुशिर्दाबाद में 'बाबरी मस्जिद' नाम से एक मस्जिद का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने तर्क किया कि बाबर एक क्रूर और हिंदू-विरोधी आक्रमणकारी था। इसलिए उसके नाम पर किसी भी मस्जिद का निर्माण या नामकरण नहीं होना चाहिए। इस याचिका में यह भी कहा गया कि बाबर ने हिंदुओं को गुलाम कहा था। और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। याचिका में केंद्र, राज्यों और अन्य सरकारों को याचिकाकर्ता के मामले पर विचार करने और समूचे भारत में बाबर या बाबरी मस्जिद या उनसे मिलते-जुलते/व्युत्पन्न नामों पर किसी भी मस्जिद या धार्मिक संरचना के निर्माण, स्थापना या नामकरण पर रोक लगाने या प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। हालांकि अदालत ने इस दलील पर कोई राहत देने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर किसी व्यापक देशव्यापी रोक लगाने से इंकार किया।

इस बीच तृणमूल कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेताओं ने मस्जिद निर्माण के लिए खुले तौर पर आर्थिक मदद भी दी है। नवद्वार ब्लॉक के तृणमूल अध्यक्ष ने इस मस्जिद निर्माण में योगदान दिया है। वहीं, तृणमूल नेता सफीउज्जमान शेख ने मस्जिद के लिए करीब 1 लाख 11 हजार रुपये दान किए। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी एक तृणमूल विधायक इस पहल के समर्थन में सामने आ चुके हैं।



## भारत और ब्राजील के बीच रक्षा, विमानन और फार्मा क्षेत्र में होंगे ऐतिहासिक समझौते

नई दिल्ली। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की वर्तमान भारत यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए तैयार है। रविवार को समाप्त होने वाली इस राजकीय यात्रा के दौरान दोनों देश निजी और सरकारी क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। इन समझौतों में फार्मास्यूटिकल्स, विमानन, एथनॉल उत्पादन और व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। इस यात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण विमानन क्षेत्र में होने वाला सहयोग है, जिसके तहत ब्राजीलियाई कंपनी एम्ब्रेयर और भारत की अदाणी डिफेंस ऐंड एरोस्पेस के बीच भारत में ही ई175 विमानों की अंतिम असेंबली लाइन निर्माण को लेकर समझौता होने की प्रबल संभावना है। यह कदम भारत के मेक इन इंडिया अभियान को वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति लूला के बीच होने वाली वार्ता में महत्वपूर्ण खनिजों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। दोनों नेता वैश्विक दक्षिण की सशक्त आवाज माने जाते हैं और उनकी चर्चा का मुख्य केंद्र वैश्विक शासन में सुधार और विकासशील देशों के हित होंगे। व्यापारिक संबंधों को मजबूती देने के लिए ब्राजील की व्यापार एवं निवेश संवर्धन एजेंसी, एपेक्स ब्रासील, भारत में अपना नया कार्यालय खोलने जा रही है। इसका उद्घाटन स्वयं राष्ट्रपति लूला भारत-ब्राजील व्यापार मंच की बैठक के दौरान करेंगे।

## आईपीएस बनने का सपना देखने वाला बन गया दरिंदा, पिता ने बेटे की खौफनाक दास्तान बताई

इंदौर।अपनी प्रेमिका के साथ क्रूरता करने वाले आरोपी पीयूष के पिता गहरे सदमे और आत्मग्लानि में डूबे हुए हैं। जिस बेटे को उन्होंने बड़े अरमानों के साथ अफसर बनाने के लिए शहर भेजा था, उसकी करतूत ने न केवल परिवार को समाज में कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा, बल्कि पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। फफकते हुए पिता बताते हैं कि पीयूष बचपन से ही आईपीएस अधिकारी बनने का सपना देखता था, लेकिन वह रक्षक बनने के बजाय भक्षक बन गया। मंदसौर के रहने वाले इस परिवार की दुनिया अब पूरी तरह उजड़ चुकी है। आरोपी का जन्म रतलाम के बाजना गांव में हुआ था और उसकी प्रारंभिक शिक्षा मंदसौर में हुई। पिछले साल ही उसने उच्च शिक्षा के लिए इंदौर जाने की जिद की थी, जिसके बाद अगस्त 2025 में उसे एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश दिलाया गया था।

शुरुआत में पीयूष इंदौर के अरविंदो क्षेत्र में एक रूम पार्टनर के साथ रहता था, लेकिन जल्द ही उसने नशा करने वाले साथियों की शिकायत कर कमरा बदल लिया। पिता को लगा कि उनका बेटा गलत संगति से दूर रहना चाहता है और अपनी पढ़ाई के प्रति गंभीर है। हालांकि, परिवार इस बात से पूरी तरह अनजान था कि पीयूष ने द्वारकापुरी क्षेत्र में कब और किसके माध्यम से नया कमरा किराये पर ले लिया। पिता के अनुसार, पीयूष अक्सर अपनी मां से खर्च के पैसे मांगता था, जबकि वे खुद उसे हर महीने करीब आठ हजार रुपये भेजते थे। वह परिवार से अपनी गतिविधियों को छिपाने लगा था और झूठ का सहारा लेकर अपनी अलग दुनिया बसा रहा था। जनवरी के महीने में जब पीयूष मंदसौर आया, तो मोबाइल में एक युवती के साथ उसकी तस्वीरें देखकर पिता को संदेह हुआ। कड़ाई से पूछने पर उसने स्वीकार किया कि वह उस युवती को पसंद करता है। पिता ने उस वक्त नाराजगी जताते हुए उसे अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सख्त हिदायत दी थी। इसके बाद पीयूष ने अपनी प्रेमिका की बात पिता से फोन पर करवाई थी। उस बातचीत के दौरान युवती ने भावुक होकर पिता को आश्वासन दिया था कि वे दोनों पहले अपने करियर पर ध्यान देंगे और शादी जैसा कोई भी फैसला परिवार की सहमति और सही समय आने पर ही लेंगे। युवती ने पिता की कसम खाते हुए कहा था कि वे केवल पढ़ाई करेंगे और पीयूष को वापस गांव न बुलाया जाए। आज वही आश्वासन एक खौफनाक अंजाम में बदल चुका है। पिता बेहद आहत हैं कि जिस युवती ने उनकी कसम खाकर विश्वास जीता था, उसके साथ उनके बेटे ने ऐसी हैवानियत की। घर में दो बेटियां हैं और इकलौते बेटे की इस दरिंदगी ने मां को मानसिक रूप से तोड़ दिया है।

## जयपुर में सीजेआई ने किया खुलासा बोले- मेरे नाम से नाइजीरिया में बनीं फर्जी साइट्स

जयपुर। साइबर सिक्योरिटी- अवेयरनेस, प्रोटेक्शन, एंड इंक्लूसिव एक्सेस टू जस्टिस विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत ने डिजिटल सुरक्षा और न्याय प्रणाली के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। इस दौरान सीजेआई ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि वह स्वयं और उनका परिवार भी साइबर अपराधियों के निशाने पर रहा है। उन्होंने अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि नाइजीरिया में उनके नाम पर फर्जी वेबसाइट्स बनाई गईं और उनके परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए।

सीजेआई सूर्य कांत ने बताया कि उन्हें लगभग हर दूसरे दिन अपने नाम पर बनी नई फर्जी साइट्स के बारे में पता चलता है। इन फर्जी साइट्स के जरिए उनकी बहनों और उनकी बेटियों जैसे युवा वकीलों को मैसेज भेजे गए। उन्होंने इस स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ये फर्जी गतिविधियां मुख्य रूप से नाइजीरिया से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल क्रांति ने जहां गवर्नेंस, सेवाओं और संचार को सुगम बनाया है, वहीं इसके खतरों से भी निपटने की तत्काल आवश्यकता है। सीजेआई ने कड़े



लहजे में यह भी स्पष्ट किया कि न्यायिक प्रक्रिया में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं है, इसलिए आम जनता को ऐसे दावों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना नागरिक शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए और सभी संस्थानों को एक समन्वित भागीदार के रूप में मिलकर काम करना चाहिए।

इसी कॉन्फ्रेंस के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए राज्य में एक स्पेशल साइबर कोर्ट बनाने का ऐतिहासिक ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में तकनीक के विस्तार के साथ साइबर अपराध की चुनौतियां बढ़ी हैं, जिनसे निपटने के लिए विशेष न्यायिक ढांचे की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस विशेष अदालत से न केवल मामलों के निपटान में तेजी आएगी, बल्कि जनता में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। मुख्य न्यायाधीश ने इस पहल के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा और कानून मंत्री जोगाराम पटेल सहित कई राजनीतिक और कानूनी हस्तियां मौजूद रहीं। सभी ने डिजिटल सुरक्षा के महत्व और साइबर जागरूकता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। विशेषज्ञों और सीजेआई ने इस बात पर बल दिया कि केवल तकनीकी समाधान ही पर्याप्त नहीं हैं, व्यक्तिगत डेटा और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के लिए सख्त नीतियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को शिक्षित करना अनिवार्य है। कॉन्फ्रेंस का मुख्य निष्कर्ष यह रहा कि समावेशी न्याय के लिए तकनीक और सतर्कता का मेल होना जरूरी है ताकि डिजिटल दुनिया सुरक्षित बनी रहे।

बालाघाट
रविवार 22 फरवरी 2026

दक्षिण सतपुड़ा
राजनीति | समाज | देशकाल
और गांव कनेक्शन की खबरें

# पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव

बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com



## 36वीं बटालियन कनकी के आरक्षक सुरेन्द्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### तीन अलग-अलग मामलों में नौकरी के नाम पर युवाओं से लाखों रुपये लेने का आरोप

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कोतवाली पुलिस ने कनकी 36वीं बटालियन में पदस्थ एक आरक्षक के खिलाफ नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार आरक्षक सुरेंद्र पर तीन अलग-अलग मामलों में युवाओं से लाखों रुपये लेने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक बीते कुछ महीनों से आरोपी आरक्षक सुरेंद्र ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है और यदि अन्य पीड़ित सामने आते हैं तो उनके बयान भी दर्ज किए जाएंगे। कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नौकरी के नाम पर किसी भी प्रकार की ठगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिले में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी के मामले लगातार सामने आते रहे हैं, लेकिन इस बार मामला और भी गंभीर है, क्योंकि आरोप एक सरकारी कर्मचारी पर ही लगा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में 36वीं बटालियन कनकी में ट्रेडमैन पद पर पदस्थ आरक्षक सुरेंद्र कुमार के विरुद्ध तीन अलग-अलग प्रकरणों में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी मूलत: भिंड जिले का निवासी है और बीते कई महीनों से जिले के भोले-भाले बेरोजगार युवाओं और उनके परिजनों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम वसूल रहा था।




#### पहला मामला ग्राम नेवारा का

किरनापुर क्षेत्र के ग्राम नेवारा निवासी अजय पिता बिरजलाल सिरसाज ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे किसान हैं और उनका एक बेटा और एक बेटी हैं जो कुछ पहिने पहले विशेष पुलिस भर्ती में शामिल होने बालाघाट आई थी। इसी दौरान बस स्टैंड पर उनकी मुलाकात आरोपी सुरेन्द्र से हुई। आरोपी ने स्वयं को पुलिस अधीक्षक का परिचित बताते हुए नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। अजय सिरसाज ने अपनी बेटी की नौकरी के नाम पर अलग अलग माध्यमों से कुल 1 लाख 76 हजार ,650 रुपये आरोपी को दे दिए। बाद में आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया, जिससे उन्हें ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

#### दूसरा मामला दिव्या चौधरी के साथ हुआ

चागोटोला थाना क्षेत्र के ग्राम सोनखार निवासी दिव्या चौधरी ने भी शिकायत दर्ज कराई। वर्तमान में वह शहर के वार्ड क्रमांक 22 मोती नगर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। दिव्या को उनकी एक परिचित ने बताया कि सुरेंद्र कुमार से सरकारी नौकरी लगवाते हैं। संपर्क करने पर आरोपी ने 30,000 रुपये लेकर बीएसएनएल ऑफिस में नौकरी लगाने का आश्वासन दिया। दिव्या ने अलग-अलग माध्यमों से आरोपी को पूरी राशि दे दी, लेकिन बाद में आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया और संपर्क तोड़ दिया।

#### तीसरा मामला रामपायली थाना क्षेत्र का

रामपायली थाना क्षेत्र के नेवरगांव निवासी स्वप्रिला पति संतोष सुलाखे ने भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी बालाघाट में रहकर बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। बेटी को उसकी सहेली ने बताया कि आरोपी 36वीं बटालियन कनकी में पदस्थ है और पैसे लेकर सरकारी नौकरी लगवाता है। संपर्क करने पर सुरेन्द्र ने टेलीकॉम विभाग में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और 22,000 रुपये ले लिए। बाद में उसने मोबाइल नंबर बंद कर दिया और संपर्क समाप्त कर दिया।

#### पुलिस ने दर्ज किया अपराध - कामेश कुमार

तीनों शिकायतों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरक्षक सुरेंद्र कुमार के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में जब कोतवाली थाना प्रभारी कामेश कुमार धूमकेती से चर्चा की गई तो उन्होंने अनौपचारिक बातचीत में पुष्टि की कि आरोपी सुरेंद्र सोनकर के विरुद्ध प्राप्त तीनों शिकायतों पर विधिवत प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है और संबंधित साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच के दौरान अन्य पीड़ित सामने आते हैं तो उनके बयान दर्ज कर प्रकरण में आवश्यक धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## एक अदद पुतला भी नहीं जला सकी कांग्रेस!!

### प्रदेश के निर्देश के बावजूद बालाघाट जिले में निष्क्रिय रही कांग्रेस, 20 फरवरी को नहीं हुआ पुतला दहन, संगठन की सक्रियता पर उठे सवाल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। विधानसभा के सदन के भीतर नेता प्रतिपक्ष उमंगसिंह सिंगर पर चर्चा के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गी द्वारा कथित रूप से की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 20 फरवरी को प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को मंत्री कैलाश विजयवर्गी के पुतले दहन करने के निर्देश जारी किए थे। जिले में निर्धारित तिथि पर कांग्रेस द्वारा किसी भी स्थान पर पुतला दहन , विरोध प्रदर्शन नहीं किया गया। जिले में न तो सार्वजनिक रूप से कोई प्रदर्शन देखने को मिला और न ही मंत्री के विरुद्ध कोई संगठित विरोध कार्यक्रम सामने आया।



बीते कुछ समय से जिले में यह देखा जा रहा है कि कांग्रेस न तो प्रदेश स्तर के मुद्दों पर और न ही स्थानीय मामलों में भाजपा को प्रभावी ढंग से घेर पा रही है। नगर पालिका से लेकर सड़क और सदन तक के मुद्दों पर भी कांग्रेस की सक्रियता सीमित नजर आ रही है। हाल ही में विधानसभा के भीतर नेता प्रतिपक्ष उमंगसिंह सिंगर पर चर्चा के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गी द्वारा की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर प्रदेश राजनीति गरमा गई थी। इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश के सभी जिलों में 20 फरवरी को मंत्री कैलाश विजयवर्गी का पुतला दहन करने के निर्देश जारी किए थे। निर्धारित तिथि 20 फरवरी को जिले में कहीं भी कांग्रेस द्वारा पुतला दहन , प्रदर्शन नहीं किया गया। न जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से और न ही ब्लॉक स्तर पर कोई संगठित विरोध कार्यक्रम सामने आया। इस विषय को लेकर जब शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम पंजवानी से दूरभाष पर चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि 20 फरवरी को कार्यक्रम प्रस्तावित था, किंतु उनके बाहर होने के कारण इसे 22 फरवरी को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। यह स्पष्टीकरण केवल शहर स्तर तक सीमित रहा, जबकि जिले के अन्य ब्लॉकों में भी किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं देखा गया। इससे राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज हो गई है कि प्रदेश स्तर से स्पष्ट निर्देश मिलने के बावजूद जिला संगठन अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा सका। यदि विपक्षी दल स्थानीय और प्रदेश स्तर के मुद्दों पर संगठित एवं समयबद्ध प्रतिक्रिया नहीं दे पाते, तो इसका सीधा असर संगठन की जमीनी पकड़ पर पड़ता है। फिलहाल जिले में कांग्रेस की सक्रियता और रणनीति को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## बच्चा चोरी की अफवाहें निराधार, सभी मामलों में नहीं मिला कोई सबूत

### पुलिस अधीक्षक ने कहा सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कुछ दिनों से छोटे बच्चों के अपहरण और बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। जिसे अभिभावकों में चिंता का माहौल बन गया है। इन चर्चाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि अब तक जिले में बच्चा चोरी , अपहरण की कोई भी पुष्ट घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने बताया कि वायरल संदेशों और कथित घटनाओं की पुलिस द्वारा बारीकी से जांच की गई, जिसमें यह पाया गया कि अधिकांश मामलों का सीधा संबंध बच्चा चोरी से नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक और आधारहीन जानकारी प्रसारित कर रहे हैं, जिससे आमजन में अनावश्यक भय का वातावरण निर्मित हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जिले में बीते कुछ दिनों से छोटे बच्चों के अपहरण और बच्चा चोरी की कथित घटनाओं को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही थीं। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप समूहों में वायरल संदेशों के कारण अभिभावकों में भय का वातावरण बन गया था। पूरे मामले को लेकर 21 फरवरी को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने विस्तृत जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि जिले में अब तक बच्चा चोरी या अपहरण की कोई भी पुष्टि घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने बताया कि जिन-जिन मामलों को लेकर चर्चाएं फैल रही थीं, उन सभी का पुलिस द्वारा गहन सत्यापन किया गया।

#### लालबर्रा मामले में बच्चों की सूचना, लेकिन घटना असत्य

लालबर्रा क्षेत्र में बच्चों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर मामला सामने आया था। पुलिस ने संबंधित थाने से जानकारी लेकर पूरे प्रकरण का परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि वहां ऐसी कोई घटना घटित नहीं हुई थी। प्रारंभिक जानकारी बच्चों के कथन पर आधारित थी, जिसे बाद में सत्यापन में गलत पाया गया। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और जानकारी निकाली गई तो, वहां ऐसा कोई वाहन चालक और चौपहिया वाहन नहीं दिखाई दिया जबकि वहां की शिक्षिका ने भी बताया कि बच्ची के कहने पर ही उन्होंने ऐसा बयान दिया था जो कि बाद में सबूत नही मिलने पर झूठा पाया गया।

#### मौदा आंगनवाड़ी का प्रकरण भी झुटा



किरनापुर क्षेत्र के मौदा आंगनवाड़ी से जुड़ा मामला भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह घटना हाल की नहीं बल्कि लगभग एक माह पुरानी थी। एक बच्ची, जो अपने नाना-नानी के घर रहकर पढ़ती थी, उसे उसके बड़े पिता लेने पहुंचे थे। हालांकि वे शराब के सेवन की स्थिति में थे, जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को संदेह हुआ। बाद में पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बच्चा चोरी जैसी कोई घटना नहीं थी। पुरानी घटना को सोशल मीडिया पर हालिया बताकर भ्रम फैलाया गया था ।

#### कटंगी थाना क्षेत्र की घटना भी झूठी

कटंगी थाना क्षेत्र में भी एक व्यक्ति को बच्चा चोर बताकर उसका फोटो और वीडियो वायरल किया गया। जांच में सामने आया कि संबंधित व्यक्ति एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है और उसने कक्षा आठवीं के छात्र को अकेले जाते देख केवल मदद के उद्देश्य से उसे छोड़ने की बात कही थी। बच्चे के घबरा जाने और चिल्लाने पर लोगों ने गलतफहमी में उसे बच्चा चोर समझ लिया। पुलिस सत्यापन में वह व्यक्ति निर्दोष पाया गया। वह स्वयं पुलिस के सामने उपस्थित रहा और पूरी जानकारी दी।

#### अन्य राज्यों का हवाला देकर भी फैलाई जा रहीं अफवाहें

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जयपुर और राजस्थान सहित अन्य स्थानों के पुराने वीडियो और संदेशों को भी जिले से जोड़कर वायरल किया जा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करेगी। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर अफवाह फैलाकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि अपुष्ट संदेशों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तत्काल डायल 112 या संबंधित थाने से संपर्क करें। साथ ही लालबर्रा से वायरल एक विभागीय आदेश पर भी उन्होंने संज्ञान लिया है। संबंधित अधिकारियों से चर्चा के बाद स्पष्ट हुआ कि वह आदेश केवल एहतियात के तौर पर जारी किया गया था। बाद में अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील भी जारी की गई है।

## विवाह-बारात में स्कूल वाहनों के उपयोग पर सख्त रोक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बालाघाट जिले में कुछ स्थानों पर यह देखने में आ रहा है कि स्कूल वाहन मालिकों एवं चालकों द्वारा रात्री के समय स्कूल बसों का उपयोग शादी-बारात एवं अन्य निजी कार्यक्रमों में किया जा रहा है। इस संबंध में परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि स्कूल वाहन केवल विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन के लिए अधिकृत हैं, उनका किसी भी प्रकार से व्यावसायिक या निजी कार्यक्रमों में उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है। नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं निजी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देशित किया है कि स्कूल बसों को विशेष परमिट शर्तों के तहत संचालन की अनुमति दी जाती है अत: ऐसे वाहनों का शादी, विवाह, बारात आदि अन्य कार्यों में उपयोग करना परमिट की शर्तों का उल्लंघन है तथा यह मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। जिले में कहीं पर भी स्कूल बसों का शादी, विवाह, बारात या अन्य व्यवसायिक कार्यों में उपयोग पाए जाने पर संबंधित वाहन मालिक और चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने सभी स्कूल वाहन संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे नियमों का पालन सुनिश्चित करें और स्कूल वाहनों का उपयोग केवल छात्रों के परिवहन के लिए ही करें। विभाग द्वारा समय-समय पर औचक जांच भी की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं स्कूल वाहनों का उपयोग शादी-बारात या अन्य निजी कार्यक्रमों में किया जाता हुआ दिखाई दे, तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को दें, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा सके।

## आवारा कुत्ते ने आंगन में खेल रही मासूम पर किया हमला

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। चांगोटोला थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम नगरवाड़ा में आवारा कुत्ते ने आंगन में खेल रही5 वर्षीय मासूम बच्ची पर हमला करके घायल कर दिया। कुत्ते के हमले में घायल मासूम बच्ची अहाना पिता ज्योतिष प्रसंगे 5 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरवाड़ा निवासी ज्योतिष मजदूरी करते हैं। जिनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। जिनमें बड़ी बेटी आहना 5 वर्ष की है और छोटी बेटी अनिन्या 2 वर्ष की है। बताया गया है कि ज्योतिषी अपनी पत्नी और छोटी बेटी को लेकर पुणे महाराष्ट्र मजदूरी करने गए हैं। अहाना अपनी दादी चैनवती के साथ घर में रहती है और अपने गांव की आंगनवाड़ी जाती है। 20 फरवरी की शाम 4ः30 बजे करीब आहना अपने घर के सामने आंगन में खेल रही थी। तभी एक आवारा कुत्ता आया और आहना पर हमला कर दिया और उसके चेहरे को काटकर जख्मी कर दिया। आहना के चिल्लाने पर पड़ोसी के अलावा उसकी दादी दौड़ी और कुत्ता को भगाए। कुत्ते ने अहाना के चेहरा गाल नाक हाथ को काटकर जख्मी कर दिया था। कुत्ते के हमले में घायल बालिका अहाना को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

**पैसा ठीक होने के बाद देना**
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट